शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581



E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 138 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 9 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



असम 10वीं बोर्ड परीक्षा 2023 के तारीखों की घोषणा — पेज 3

भारत अब खुद बनाएगा प्रोजेक्ट जोरावर के तहत हल्के वन वाले 354 टैंक — पेज 4

धार्मिक नगरी नैमिषारण्य का कायाकल्प करगे योगी सरकार, मास्टर प्लान तैयार — पेज 5

गुजरात चुनाव परिणामों का अन्य राज्य भी करेंगे अनुसरण : मनोहर लाल — पेज 8


# कमल ही : गुजरात ने सातवीं बार कहा

## जीत का तोड़ा रेकॉर्ड, भूपेंद्र पटेल 12 को लेंगे शपथ

**अहमदाबाद (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात विधानसभा चुनाव में लगातार सातवीं बार जीत हासिल की है। राज्य में भाजपा अब तक 182 सीटों में से 152 सीट जीत चुकी है और चार पर आगे चल रही है। इसके साथ ही भाजपा ने राज्य विधानसभा चुनाव में अब तक सर्वाधिक सीटें जीतने का भी रिकॉर्ड बनाया है। इस चुनाव में राज्य में पहली बार आम आदमी पार्टी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। वहीं कांग्रेस का सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस चुनाव में कांग्रेस 16 और आम आदमी पार्टी (आप) ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है।



इसके अलावा तीन अन्य लोगों ने जीत दर्ज की है। एक सीट पर समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार भी जीता है। राज्य विधानसभा चुनाव की मतगणना शुरू से शुरू हुई। गुजरात विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा की प्रचंड जीत हुई है। भाजपा ने दो तिहाई बहुमत से भी अधिक सीटें जीती हैं। भूपेंद्र पटेल मंत्रिमंडल के 20 में से 19 मंत्री चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। खबर लिखे जाने तक भाजपा 152 सीट जीत चुकी है और 4 पर आगे चल रही है। कांग्रेस 16 पर जीत चुकी और 1 पर आगे है। आम आदमी पार्टी 5 सीट जीत चुकी है। समाजवादी पार्टी ने 1 सीट पर जीत दर्ज की है। अन्य 3 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं। समाजवादी पार्टी के कांधल जाडेजा पोरबंदर जिले के कुतियाणा सीट से जीत गए हैं। वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में थे। इसके अलावा एआईएमआई एम के प्रमुख असादुदीन ओवैसी ने 13 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन उनमें से एक भी जीत नहीं पाए। चुनाव मे पाटीदार आरक्षण आंदोलन के चेहरे हार्दिक पटेल और ओबीसी आंदोलन के नेता अल्पेश ठाकोर भी भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। मोरबी झूलता पुल कांड के बाद भी यहां से भाजपा के कांति अमृतिया चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। वडोदरा के वाघोडिया सीट पर बाहुबली उम्मीदवार मधु श्रीवास्तव चुनाव हार गए हैं। इस बार भाजपा को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी अच्छी सफलता मिली और जिन छह सीटों को वह आज तक नहीं जीत पाई थी, उस पर भी वह विजय पताका फहराने में सफल रही। भाजपा की इस प्रचंड जीत के बाद पूरे राज्य में भाजपा कार्यालयों पर जश्न शुरू हो गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ ढोल नगा ?ों पर उत्सव मनाया। जीत के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस मौके पर अध्यक्ष पाटील -शेष पृष्ठ दो पर

## सीएम ने मोरीगांव जिला भाजपा कार्यालय भवन का किया शुभारंभ



**मोरीगांव (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को मोरीगांव जिला भाजपा कार्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर असम सरकार के कई मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी कार्यालय भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी के लिए एक मंदिर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मोरीगांव जिला की अपनी यात्रा के दौरान भाजपा जिला समिति के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। यह कार्यालय भवन लोगों को हमारी पार्टी को विभिन्न सेवाएं प्रदान करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा और पार्टी के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पार्टी के दिवंगत पूर्व पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर असम सरकार के मंत्री पीयूष हजारिका, जयंत मल्ल बरूवा, विधायक रमाकांत देवरी, प्रदेश भाजपा महासचिव दिप्लु रंजन शर्मा, तिवा स्वायत्तशासी परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य जीवन चंद्र कोंवर, पार्टी की मोरीगांव जिला समिति के अध्यक्ष प्रवीण मेधी, नगांव जिला समिति के अध्यक्ष अभिजीत नाथ के साथ विशिष्ट स्थानीय नागरिक, स्थानीय नेता एवं बड़ी संख्या में भाजपा के समर्थक मौजूद थे।

## भूपेंद्र, नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़ें इसलिए मैंने मेहनत की : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव परिणामों में भाजपा को मिले जनादेश के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैंने इसलिए मेहनत की, ताकि भूपेंद्र, नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़े। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की जनता ने तो रिकॉर्ड तोड़ने में भी रिकॉर्ड बना दिया। जनता को धन्यवाद देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैं सबसे पहले जनता जनार्दन -शेष पृष्ठ दो पर

## सफलता ने 2024 का फूंका बिगुल : हिमंत



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को दावा किया कि गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत ने 2024 के आम चुनाव में पार्टी की सफलता के लिए बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात में भाजपा लगातार सातवीं बार विधानसभा चुनाव जीती है और राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना प्यार एवं स्नेह प्रदर्शित किया है। शर्मा ने कहा कि भारत के लिए गुजरात बिगुल। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति प्यार एवं स्नेह के -शेष पृष्ठ दो पर


পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771


## मुख्यमंत्री ने 910.13 करोड़ रुपए की 12 परियोजनाओं का किया शिलान्यास



**मोरीगांव (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य में विकास कार्यों के लिए महत्वाकांक्षी योजना *विकास के लिए एक पखवाड़ा* शुरू की है। इस योजना के तहत लगातार चौथे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री ने बंगाईगांव, नलबाड़ी और तामुलपुर में लगभग 910.13 करोड़ रुपए की 12 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में मोरीगांव में एक नया मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल, जागीरोड में मिनी खेल -शेष पृष्ठ दो पर

## हिमाचल में जयराम को राम-राम, कांग्रेस की जय... आप की जमानत जब्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं। सभी 68 सीटों पर रिजल्ट आ चुके हैं। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। यहां कांग्रेस ने 40 सीटें जीत ली हैं। भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की है। पहली बार हिमाचल में चुनाव लड़ रही आप का खाता तक नहीं खुल सका, जबकि तीन सीटें निर्दलियों के खाते में चली गई है। सूबे में 12 नवंबर को मतदान -शेष पृष्ठ दो पर




### खड़गे और राहुल ने आभार जताया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश के चुनाव नतीजों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रदेश की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया है। खड़गे ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए -शेष पृष्ठ दो पर


door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344


## लोस में लाचित बरफुकन की प्रतिमा लगाई जाए : सैकिया



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद दिलीप सैकिया ने असम के महान योद्धा लाचित बरफुकन की जीवनी को सीबीएसई और एनसीआरटी के पाठ्यक्रम में शामिल करने और संसद परिसर में उनकी प्रतिमा लगाने की मांग की। सदन में शून्यकाल की कार्यवाही के दौरान असम के मंगलदोई लोकसभा क्षेत्र से सांसद सैकिया ने यह मांग उठाते हुए कह कि देश में असम के महान वीरयोद्धा लाचित बरफुकन की 400 जयंती मनाई जा रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि बरफुकन की जीवनी सीबीएसई और एनसीआरटी की पुस्तकों में -शेष पृष्ठ दो पर

## हॉर्नबिल मेला : नौसेना प्रमुख ने मोटर साइकिल को दिखाई हरी झंडी



**कोहिमा (हि.स.)।** पूर्वोत्तर में संपर्क बढ़ाने के लिए चल रहीं गतिविधियों के बीच नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने नागालैंड का दौरा किया। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री नेफियू रियो से मुलाकात की और कोहिमा से 121 किलोमीटर दूर नागा हेरिटेज विलेज में हॉर्नबिल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। नौसेना प्रमुख ने हॉर्नबिल उत्सव में 3500 किलोमीटर का सफर तय करने वाले भारतीय नौसेना मोटरसाइकिल अभियान को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख ने असम राइफल्स (उत्तरी) के महानिरीक्षक मेजर जनरल विकास लखेड़ा से भी मुलाकात की। उन्होंने असम -शेष पृष्ठ दो पर

## भागवत कल आएंगे असम



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 10 दिसंबर, रविवार को असम प्रवास पर आएंगे। वे यहां के चंद्रपुर के हजोंगबाड़ी में आरएसएस के स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा आरएसएस के उत्तर असम प्रांत के स्वयंसेवकों के साथ दो बैठकों में भाग लेंगे। संघ के उत्तर असम प्रांत के प्रचार प्रमुख किशोर शिवम ने गुरुवार को बताया कि यह कार्यक्रम संगठन के शताब्दी समारोह को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया है और यह केवल आरएसएस के स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि चंद्रपुर विद्या भारती -शेष पृष्ठ दो पर


सुप्रभात
*सभी प्रकार के भय से बदनामी का भय सबसे बड़ा होता है।*
— आचार्य चाणक्य


### न्यूज गैलरी

#### बिपिन रावत के जीवन पर आई पुस्तक का विमोचन

**दिल्ली।** पिछले साल आठ दिसंबर को एक हेलिकॉप्टर हादसे में शहीद हुए देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत को पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान दिल्ली में दिवंगत जनरल बिपिन रावत के जीवन पर एक पुस्तक का विमोचन किया गया। इस दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने कहा कि जनरल बिपिन रावत का जाना देश के लिए एक व्यक्तिगत क्षति है। मेरा उनके साथ व्यक्तिगत संबंध था। उनका ध्यान हमेशा इसी रहता था कि भारतीय -शेष पृष्ठ दो पर

## बांग्लादेश में चुनाव जनवरी 2024 में, पीएम बनना चाहेंगी हसीना

**ढाका।** बांग्लादेश में नया जनरल इलेक्शन जनवरी 2024 में होगा। प्राइम मिनिस्टर शेख हसीना वाजेद ने इसका एलान किया है। हसीना 2009 से बांग्लादेश की प्रधानमंत्री हैं और लगातार पांचवी बार पीएम पद की दावेदार हैं। हसीना ने मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश अवामी पार्टी (बीएनपी) पर आरोप लगाया कि उसके नेता मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए मुल्क का पैसा दूसरे देशों में भेज रहे हैं और इसमें सबसे बड़ा नाम अवामी पार्टी की नेता खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान का है। ढाका के कॉक्स बाजार में बुधवार रात एक रैली के दौरान शेख हसीना ने इलेक्शन का एलान किया। कहा कि हम नए साल के पहले महीने महीने के पहले हफ्ते में जनरल इलेक्शन कराने जा रहे हैं। 2009 से हसीना प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश की गिनती दुनिया के उन देशों में होती है जो तेजी से विकास कर रहे हैं। दुनिया हमें डेवलपिंग नेशन कहती है। 75 साल की शेख हसीना ने आगे कहा कि खालिदा जिया और उनके परिवार ने जबरदस्त करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग की है। उनका बेटा तारिक रहमान इस काम में सबसे आगे रहा। यही वजह है कि कोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर



## उपचुनाव : डिंपल की लोस में बड़ी जीत, रामपुर में कमल खिला, खतौली रालोद ने मारी बाजी

**लखनऊ (हि.स.)।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में तीनों सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम घोषित कर दिए हैं। मैनपुरी लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिम्पल यादव ने जीत दर्ज की है। दो विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में रामपुर विधान सभा सीट पर कमल खिला है, तो मुजफ्फरनगर की खतौली विधान सभा सीट पर सपा-रालोद गठबंधन ने जीत दर्ज की है। मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी व समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार डिंपल यादव ने बड़ी जीत दर्ज की है। डिंपल यादव को मैनपुरी में छह लाख 18 हजार 120 मत प्राप्त हुए हैं। उन्हें 64.08 फीसदी मत मिले हैं। वहीं दूसरे स्थान पर रहे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रघुराज सिंह शाक्य को तीन लाख 29 हजार 659 मत प्राप्त हुए। भाजपा को इस सीट पर 34.18 फीसदी वोट मिले। मैनपुरी में 6125 मतदाताओं ने नोटा का बटन भी दबाया है। आयोग ने उत्तर प्रदेश की दो विधानसभा सीटों पर भी परिणाम घोषित कर -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAIL**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**PUBLIC NOTICE**

I, No. JC-735495H, Rank: Nb Sub / SHGD, Name: GOVIND SINGH, Unit 71 INF DOU, Pin- 909071, C/O- 99 APO, Station-Missamari Cantt. That in my service record my father's DOB has been wrongly recorded as 03/09/1946 instead of his correct DOB is 01/01/1950, That in my service record my mother's name has been wrongly recorded as ENDAR ENDWAR instead of her correct name INDRA KANWAR & her DOB has been wrongly recorded as 11/04/1951 instead of her correct DOB is 01/01/1959, That in my service record my wife's name has been wrongly recorded as UTAM KAWAR instead of her correct name UTTAM KANWAR, Vide affidavit before the Notary Tezpur, Sonitpur, Assam, dated – 01/12/2022.

# जी20 शेरपा बैठक संपन्न : विदेशी मेहमानों को गुलाब का फूल देकर किया विदा

**उदयपुर ( हि.स. )।** भारत की अध्यक्षता में उदयपुर में आयोजित जी–20 शेरपा बैठक के सफल आयोजन के बाद गुरुवार को दुनियाभर से आए विदेशी मेहमानों को गुलाब का फूल देकर विदा किया गया। चार दिवसीय जी–20 शेरपा बैठक खत्म होने के बाद शेरपा और डेलिगेट्स अपने–अपने देश के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उदयपुर पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने डबोक एयरपोर्ट पर विदेशी मेहमानों को गुलाब का फूल देकर विदाई दी। भारत के शेरपा अमिताभ कांत भी गुरुवार को रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उदयपुर का आयोजन सभी पैमानों पर खरा उतरा है। उदयपुर को देख कर दुनिया भर से आए मेहमान भी गदगद नजर आए। पहली ही बैठक में उदयपुर ने एक बेंच मार्क सेट किया है। इस दौरान शेरपा ने कहा कि राजस्थान की संस्कृति, मर्यादा और यहां के लोगों की भावनाएं लोगों को लुभाती हैं। इस बैठक के बाद देश दुनिया की निगाहों में उदयपुर बढ़ चढ़कर आया है। झीलों की नगरी उदयपुर की खूबसूरती और यहां की नीली झीलों को देखकर दुनिया भर से आए मेहमान भी इस शहर के दीवाने हो गए। बीते 4 दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर मेहमानों ने कहा कि अद्भुत लोक संस्कृति की लोक धरा है उदयपुर। अमिताभ कांत ने पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। मेहमानों को राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से 4 से 7 दिसंबर तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जी20 शेरपा बैठक के अंतिम दिन विदेशी मेहमानों ने कुंभलगढ़ और रणकपुर जैन मंदिर का भ्रमण किया। सुबह उदयपुर से सभी शेरपा कुंभलगढ़ के लिए रवाना हुए। विदेशी मेहमान पहले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म स्थली कुंभलगढ़ दुर्ग, लंबी प्राचीर तथा पाली जिले में रणकपुर जैन मंदिर की शिल्पकला को देख अभिभूत हुए। कुंभलगढ़ दुर्ग भ्रमण के लिए शेरपा कड़ी सुरक्षा के बीच उदयपुर से कुंभलगढ़ दुर्ग पहुंचे। यहां दुर्ग में प्रवेश करने पर पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर राजस्थानी परंपरा से उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सहरिया नृत्य और बाड़मेर की गैर डांस से शेरपा सदस्यों का स्वागत किया गया। इस दौरान विदेशी मेहमान भी खुद को थिरकने से रोक नहीं सके। किले के बारे में गाइड ने शेरपा को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शेरपा शिव मंदिर पहुंचे और ऐतिहासिक शिव मंदिर में दर्शन किए और इसके इतिहास के बारे में जाना। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शेरपाओं का दल कुंभलगढ़ दुर्ग के मुख्य स्थल हवा महल पहुंचा। विदेशी शेरपाओं ने कुंभलगढ़ दुर्ग पर स्थित महाराणा प्रताप के जन्म कक्ष का अवलोकन किया। इसके बाद शेरपा ने बादल महल की छत पर जाकर मेवाड़ और मारवाड़ के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारा। इस दौरान केलवाड़ा से लेकर कुंभलगढ़ दुर्ग और सायरा तक सभी मार्गों से आम लोगों की आवाजाही पूर्णतया बंद रही और जगह–जगह पर भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा। कुंभलगढ़ दुर्ग में राजस्थानी कलाकारों की ओर से दी गई प्रस्तुति को देखकर विभिन्न देशों से आए मेहमान भी खुद को रोक नहीं पाए और नृत्य करने लगे। इसके बाद सभी शेरपा रणकपुर के लिए रवाना हो गए। शेरपा रणकपुर के पास होटल फतेहबाग पहुंचे। यहां शेरपाओं ने लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया। इसके बाद काफिला रणकपुर पहुंचा, जहां सेठ आनंदी कल्याणजी ट्रस्ट के ट्रस्टी ने गुलाब के फूल से शेरपाओं का सादगी के साथ स्वागत किया। इसके बाद शेरपाओं ने मंदिर में प्रवेश किया। मंदिर के पिल्लरों और सभामण्डप के भीतर पत्थर में उकेरी शिल्प कला को देख वो अभिभूत हो उठे।

## मीठा कवितार स्पदंन नामक पुस्तक का विमोचन



**नगांव ( निसं )।** युवा कवि प्रियंकु शर्मा द्वारा रचित मीठा कवितार स्पदंन नामक असमिया कविता का पुस्तक का विमोचन आज नगांव जिला साहित्य सभा के सभागार में हुआ। नगांव जिला साहित्य सभा के अध्यक्ष प्राण कुमार बरुवा ने सभा की अध्यक्षता की। पुस्तक का विमोचन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार उपेंद्र बरकटकी ने कहा कि यह पुस्तक के हर शब्दों में एक गंभीर अर्थ छुपा है। माता–पिता के प्रति कवि की भावना कविता के माध्यम प्रष्फुटित हुआ है,जो आज के दिन समाज के लिए शिक्षाप्रद है। मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए पूर्व विधायक गिरींद्र बरुवा ने कहा कि मानव के बीना साहित्य का सृजन नहीं हो सकता है। साहित्य के विकास में समाज का काफी योगदान रहा है। समाज ही साहित्य की भावना परख सकता है। रचनाकार द्वारा माता–पिता पर लिखी गई एक कविता के माध्यम से भावी युवा पीढ़ी को माता–पिता के प्रति श्रद्धा रखने की बाते भी पूर्व विधायक गिरींद्र बरुवा ने अपने भाषण के दौरान कहीं। वरिष्ठ कवि डॉ. प्रयाग सैकिया ने कहा कि प्रत्येक कवि के शब्द ही हृदय को स्पंदित करता है। कविता एक प्रकार का निर्माण कार्य है। ग्रंथ हमेशा प्रकृति प्रेमी होता है। उल्लेखनीय है कि इस सभा में भारी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे।

## प्यार में पागल जीजा ने किया दो सालियों पर जानलेवा हमला



**नलबाड़ी ( हि.स. )।** नलबाड़ी जिला के मुकालमुआ बीके चापरी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक पर अपनी दो साली को ब्लेड से काटकर जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि शिक्षक अब्दुल मजीद खान अपनी एक साली से एकतरफा प्यार करता था। साली पर शादी के लिए दवाब बनाए जाने पर साली ने उससे प्यार करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद अब्दुल मजीद खान ने अपनी साली पर ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया। सोनिया परबीन पर जानलेवा हमला होते देख बहन को बचाने पहुंची जहांनारा खातून पर भी आरोपित ने ब्लेड से हमला कर दिया। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद से आरोपित फरार है। इस संबंध में अब्दुल मजीद खान के खिलाफ लड़की के परिजनों द्वारा मुकालमुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की जांच कर करते हुए आरोपित की तलाश कर रही है।

## करंट लगने से जंगली हाथी की मौत

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिलांतर्गत नुमालीगढ़ के मरंगी पथार इलाके में एक जंगली हाथी का शव गुरुवार की सुबह बरामद किया गया। हाथी की मौत करंट लगने से होना बताया गया है। नुमलीगढ़ के पास बकियाल ब्लॉक वन कार्यालय के अंतर्गत मरंगी के पटकटिया गांव के खेत में एक जंगली हाथी की करंट लगने से मौत हो गई। बीती रात में एक जंगली हाथी धान खाने के लिए खेत में घुस गया। हाथी धान खा रहा था। इस दौरान खेत के पास से होकर गुजरे बिजली के तार की चपेट में आने से जंगली हाथी की मौत हो गई। लोगों ने आरोप लगाया है कि इलाके में काफी समय से हाथियों का झुंड धान के लिए लगातार आ रहा था लेकिन वन विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया।

**SHORT TENDER NOTICE**

Tender No.Sil/03C/2022-23

Sealed Tender affixing Court Fee for Rs.8.25 (Rupees eight and paise twenty-five) are hereby invited from the reputed and experienced registered Landscape Architectural Consultancy Firm/Landscape Architect, Supplier, Government registered contractor separately against each package (PKG) for carrying out following work/supply against the following item. The details may be seen in the bid document (Each Package) available in the office of the Silviculturist, Assam, Basistha, Guwahati-29 by depositing Rs. 500/- as demand draft pledged to the undersigned during the office hour 'of working day. The Tender will be received by the undersigned on or before 15th December/2022 up-to 3:00 P.M. (IST) and will be opened in the same day in presence of Tenderers at 3:30 PM (IST). In case the date of opening of tender is a Govt. holiday the tenders will be opened on the next working day. The rates should be put including all Taxes as admissible. The intending bidders shall quote the rate in Rupees (words) against the value works.

| Item No. | Particulars | Value (Rs) |
|---|---|---|
| PKG-03 | Supply of AC & Refrigerator for Tissue Culture Laboratory. | 1,20,000.00 |

Sd/-
Silviculturist, Assam,
Basistha,Guwahati-29

**-- Janasanyog /C/15613/22**

# पृष्ठ एक का शेष

## कमल ही : गुजरात ...

और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पत्रकारों को बताया कि गुजरात में 12 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा और भूपेंद्र भाई पटेल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गुजरात के मुख्यमंत्री शपथ लेंगे और शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। पाटिल ने कहा कि हम कांग्रेस को ही विपक्ष मानते हैं। कांग्रेस को सोचना चाहिए कि वो राष्ट्रीय पाट्री थी, वो खत्म हो रही है। आम आदमी पार्टी का यहां कुछ था नहीं। उनकी तरफ से इस तरह के वादे किए गए, जो जमीन पर नहीं उतर सकते हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है, यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अविरत चालू रखना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का मंत्र दिया है।

## भूपेंद्र, नरेंद्र का रिकॉर्ड ...

के सामने नतमस्तक हूं। जनता जनार्दन का आशीर्वाद अभिभूत करने वाला है। जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जो परिश्रम किया है, उसकी खूशबू आज हम चारों तरफ अनुभव कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के चुनाव में एक प्रतिशत से भी कम अंतर से हार–जीत का फैसला हुआ है। इतने कम अंतर से हिमाचल प्रदेश में कभी नतीजे नहीं आए हैं। हिमाचल में हर 5 साल में सरकार बदली है लेकिन हर बार 5 से 7 प्रतिशत के अंतर से सरकार बदली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रति ये स्नेह देश के अलग अलग राज्यों के उपचुनाव में भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर में भाजपा को जीत हासिल हुई है। बिहार के उपचुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का स्पष्ट संदेश कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की जनता ने तो रिकॉर्ड तोड़ने में भी रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने कहा कि गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर राज्य के लोगों ने नया इतिहास रच दिया है। पीएम ने कहा कि लोगों ने जाति, वर्ग, समुदाय और हर तरह के विभाजन से ऊपर उठकर भाजपा को वोट दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को मिला जनसमर्थन नए भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि भाजपा को मिला जनसमर्थन गरीब, शोषित, वंचित, आदिवासियों के सशक्तिकरण के लिए मिला समर्थन है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुजरात के नतीजों ने साबित कर दिया कि सामान्य मानवी में विकसित भारत के लिए कितनी प्रबल आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि संदेश साफ है कि जब देश के सामने कोई चुनौती होती है तो देश की जनता भाजपा पर भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि लोगों ने भाजपा को वोट दिया, क्योंकि भाजपा देश के हित में बड़े से बड़े और कड़े से कड़े फैसले लेने का दम रखती है।

## सफलता ने 2024 ...

कारण ऐतिहासिक जनादेश देकर लोगों ने 2024 का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि गुजरात में *ऐतिहासिक* जनादेश राज्य के विकास एवं प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के मार्गदर्शन तथा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के सुशासन का परिणाम है। इस चुनाव से पहले गुजरात में भाजपा के लिए प्रचार कर चुके शर्मा ने इस विस्मयकारी जीत के लिए गुजरात के पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को बधाई दी। असम के मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव से पूर्व दो बार गुजरात गये थे और उन्होंने कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने जम्मू–कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाये जाने, समान नागरिक संहिता की दिशा में कथित कोशिश, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर पाबंदी, रामजन्मभूमि मंदिर जैसे विभिन्न मुद्दे उठाये थे।

## मुख्यमंत्री ने 910.13...

परियोजना, मानिपुर क्षेत्रीय खेल संघ के मैदान में मिनी स्टेडियम, मोरीगांव सरकारी पॉलिटेक्निक को उत्कृष्टता केंद्र में अपग्रेड करना, बानपारा में स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को उत्कृष्टता केंद्र में अपग्रेड करना, बसुंधरी पहाड़ से किलिंग कपिली तक तटबंध पर सड़क का निर्माण, धिंग से हिलखुंडा तक ब्रह्मपुत्र के तटबंध को सड़क में तब्दील करना, जगीरोड–मोरीगांव संपर्क मार्ग पर भकतगांव में कपिली नदी पर आरसीसी पुल, ब्रह्मपुत्र नद के तट कटाव को रोकने के लिए मायंग राजस्व सर्कल के अंतर्गत मुरकटा में कटाव विरोधी उपाय, पावकाटी/गरूबंधा क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र के कटाव विरोधी उपाय, मोवामारी में ब्रह्मपुत्र के कटाव विरोधी उपायों के साथ–साथ तटबंध का निर्माण शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने इस मौके पर कहा कि इन परियोजनाओं के माध्यम से असम सरकार मोरीगांव जिला के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। अरुणोदय योजना का विस्तार कार्य 12 दिसंबर से शुरू होगा और मोरीगांव जिला में लगभग 18,000 नए लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। राशन कार्ड वाले लोगों को सालाना 5 लाख रुपए तक प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाएगा। मोरीगांव में 5,000 नए लोगों को राशन कार्ड मिलेगा। इस अवसर पर असम सरकार के मंत्री केशव महंत, पीयूष हजारिका, जयंत मल्ल बरूवा, विधायक रमाकांत देवरी, शशीकांत दास, डॉ. आसिफ मोहम्मद नजर, पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहाईं, तिवा स्वायत्तशासी परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य जीवन चंद्र कोंवर समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हिमाचल में जयराम ...

हुआ था। यहां मंडी जिला की सिराज सीट से हिमाचल के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर खुद चुनावी समर में उतरे हैं। हालांकि उन्होंने अपनी जीत दर्ज करा ली है। वह करीब 20 हजार वोटों से जीते हैं। एक बार फिर तय हो गया है कि हिमाचल ने विधानसभा चुनाव में अपने रिवाज को ही फॉलो किया है। यहां हर पांच साल में सरकार बदल जाती है। भाजपा ने इस बार भाजपा ने लोगों से रिवाज बदलने की अपील की थी। हिमाचल में एक चरण में ही चुनाव हुआ था। सूबे में 12 नवंबर को मतदान हुआ था। यहां कुल 74 ।05 फीसदी लोगों ने वोटिंग की थी। करीब 10 हजार सुरक्षाकर्मियों, चुनाव अधिकारियों और अन्य सहायक कर्मचारियों की निगरानी में काउंटिंग की गई।

## खड़गे और राहुल ...

कहा कि हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं का बहुत–बहुत धन्यवाद। उन्होंने कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को भी आभार जताया है। खड़गे ने कहा कि लोकतंत्र में हार–जीत होती रहती है, गुजरात की जनता का जनादेश भी हम स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हिमाचल में अपने ऑब्जर्वर भेज रही है। वहां लोगों से बातचीत कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी हिमाचल की जनता को बधाई दी है। राहुल ने आज ट्वीट कर कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। राहुल ने कहा कि वह फिर से आश्वस्त करते हैं कि जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस आलाकमान ने हिमाचल प्रभारी राजीव शुक्ला और सचिव तजिंदर बिट्टू को हिमाचल में जल्द सरकार बनाने के लिए सीएम पद के लिए विधायक परामर्श शुरू करने का निर्देश दिया है। मोहाली में कांग्रेस जल्द ही विधायक दल की बैठक बुलाने जा रही है। कांग्रेस हिमाचल में अभी तक 35 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है वहीं पांच सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। जबकि भाजपा 18 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और सात दिनों पर बढ़त बनाए हुए है।

## लोस में लाचित...

सम्मिलित की जाए और इस वीर योद्धा की प्रतिमा ससंद परिसर मे स्थापित की जाए। भाजपा सांसद ने कहा कि आहोम सेना ने मुगलों को कई बार धूल चटाई और हमेशा युद्ध में हराया। गुवाहाटी को फिर से पाने के लिए मुगलों ने अहोम साम्राज्य के खिलाफ शराइघाट की लड़ाई लड़ी थी। इस युद्ध में मुगल सेना 1,000 से अधिक तोपों के अलावा बड़े स्तर पर नौकाओं का उपयोग किया था, लेकिन फिर भी लाचित की रणनीति के आगे उनकी एक नहीं चली थी। लाचित बरफुकन को पूर्वोत्तर का शिवाजी कहा जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने शिवाजी की तरह मुगलों की कई बार रणनीति फेल की थी और युद्ध के मैदान में हराया था। दिलीप सैकिया ने कहा कि मुगलों को हराने वाले लाचित बरफुकन के पराक्रम और शराइघाट की लड़ाई में असमिया सेना की विजय की याद में हर साल असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है। महावीर लाचित बरफुकन के नाम पर नेशनल डिफेंस एकेडमी में बेस्ट कैडेट गोल्ड मेडल भी दिया जाता है, जिसे लाचित मेडल भी कहा जाता है। इसी साल गत 23 24 और 25 नवंबर को देश की राजधानी दिल्ली में असम सरकार के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में शानदार कार्यक्रम का 400 जयंती का कार्यक्रम आयोजन किया गया।

## हॉर्नबिल मेला : नौसेना...

राइफल्स (उत्तरी) के मुख्यालय में कर्मियों से बातचीत की। हॉर्नबिल उत्सव में भारतीय नौसेना की यह पहली भागीदारी है। भारतीय नौसेना ने हॉर्नबिल उत्सव में एक स्टॉल लगाया है, जहां स्थानीय युवाओं को नौसेना का राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान के बारे में जानकारी देने के साथ ही सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उत्सव के पहले पांच दिनों में स्टॉल पर 4,500 से अधिक लोगों ने संपर्क किया। उत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करके भारतीय नौसेना बैंड ने भी भरपूर लोकप्रियता अर्जित की है। राज्य सरकार के मुख्य सचिव और उद्योग व वाणिज्य आयुक्त ने भी स्टॉल का अवलोकन किया। स्टॉल के एक हिस्से को ऑडियो–विजुअल कक्ष में परिवर्तित कर दिया गया है, जहां भारतीय नौसेना के बारे में फिल्में दिखाई जा रही हैं। यहां वर्चुअल रियलिटी हेडसेट्स भी उपलब्ध हैं, जो दर्शकों को आईएनएस कोलकाता और वायुयान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर उपस्थित होने का एहसास कराते हैं। दर्शकों में ये हेड्सेट्स बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। भारतीय नौसेना के प्रतिनिधियों ने इस दौरान नागालैंड स्टार्टअप्स तथा नागालैंड उद्योग और वाणिज्य के सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत की। राज्य शिक्षा विभाग के सहयोग से डीमापुर और कोहिमा में लगभग 1300 स्कूली बच्चों के लिए *भारतीय नौसेना में करियर* विषय पर प्रेरणादायी व्याख्यानों का आयोजन किया गया। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने डीमापुर स्थित जीएचएसएस डीमापुर, जीएचएसएस पुराना बाजार, प्रणब विद्यापीठ एचएसएस, कोहिमा में रुचूखरेई जीएचएसएस तथा थेनोचा मेमोरियल जीएचएसएस स्कूलों का दौरा किया। भारतीय नौसेना ने डीमापुर से 35 किलोमीटर दूर नागालैंड के सुदूर न्युलैंड जिले में मल्टी–स्पेशियलिटी चिकित्सा और आरोग्य शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन मेडिकल सर्विसेस (नौसेना) के अवर महानिदेशक सर्जन रियर एडमिरल रविंदर जीत सिंह तथा न्युलैंड की जिला आयुक्त सारा एस. जमीर ने किया। शिविर में स्त्री रोग, बाल रोग, कान–नाक–गला, नेत्ररोग, रेडियोलॉजिस्ट, दंत रोग विशेषज्ञों ने मल्टी–स्पेशियलिटी शिविर में 700 से अधिक निवासियों को परामर्श दिया। विशेषज्ञों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं को मरीजों को मुफ्त वितरित किया गया। भारतीय नौसेना मोटरसाइकिल अभियान को नौसेना प्रमुख ने 25 नवंबर को वर्चुअल माध्यम से गुवाहाटी से झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस मोटरसाइकिल दल में 31 नौसेना कर्मी हैं, जिनमें दो महिला अफसर हैं। 21 दिनों का यह अभियान दो चरणों में पूरा होना है, जिसमें 3500 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। पहले चरण के दौरान मोटरसाइकिल सवारों ने 2000 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान गुवाहाटी, सोहरा, आईजोल, कोलासिब, लोकटक और इंफाल में स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की। युवाओं को भारतीय नौसेना और सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। एडमिरल आर. हरि कुमार ने हॉर्नबिल उत्सव में सात दिसंबर को मोटरसाइकिल अभियान को दूसरे चरण के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया।

## भागवत कल आएंगे ...

स्कूल में तीन दिवसीय (9 से 11 दिसंबर) प्रेरणा शिविर का आयोजन क्षेत्र में आरएसएस की गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने के उद्देश्य से किया गया है। शिविर में तीन हजार स्वयंसेवकों के भाग लेने की उम्मीद है। आरएसएस के सरसंघचालक 11 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना होंगे।

## बांग्लादेश में चुनाव ...

उसे 7 साल सजा और 20 करोड़ टका (बांग्लादेश करंसी) का जुर्माना लगाया। शेख हसीना अगर विपक्षी पार्टी बीएनपी पर आरोप लगा रही हैं तो बीएनपी भी पीछे नहीं है। उसने कहा कि सरकार हमारे रास्ते बंद करने के लिए सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार हमारे दफ्तर में बम बनाने का सामान रखवाती है और फिर देश के सामने यह साबित करने की साजिश रचती है कि हम हिंसा करवाते हैं। इस बीच, कुछ सामाजिक संगठन 10 नवंबर को ढाका में एक रैली निकालने जा रहे हैं। उनका आरोप है कि आम चुनाव के दौरान देश में हिंसा हो सकती है। लिहाजा, इसे रोकने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। अमेरिकी एंबेसी ने भी यही आशंका जाहिर की है। ढाका में मौजूद अमेरिकी एंबेसेडर पीटर हास ने एक बयान में कहा कि हम सभी सियासी पार्टियों से उम्मीद करते हैं कि वो लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करेंगी और चुनाव के दौरान हिंसा नहीं होगी। अमेरिकी राजदूत का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि गुरुवार को ढाका में पुलिस और बीएनपी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हुई और इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। बांग्लादेश की संसद को *जातियो संगसद* या हाउस ऑफ द नेशन कहा जाता है। इसकी नई बिल्डिंग 15 फरवरी 1982 में तैयार हुई। यह 200 एकड़ में बनी है। संसद में कुल 350 सीटें हैं और इनमें से 50 महिलाओं के लिए रिजर्व हैं। दुनिया में बांग्लादेश ही एकमात्र ऐसा मुस्लिम मेजॉरिटी नेशन है, जिसने अपनी संसद में खासतौर पर महिलाओं के लिए सीटें रिजर्व रखी हैं। फिलहाल, शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग है। इसके पास 302 सीटें हैं। इसके बाद हुसैन इरशाद की जातिया पार्टी है। इसके पास 26 सीटें हैं। खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के पास इस वक्त महज 7 सांसद ही हैं। संसद का कार्यकाल भारत की तरह ही पांच साल का होता है। इमरजेंसी में इसे बढ़ाया भी जा सकता है।


## उपचुनाव : डिंपल की ...

दिए हैं। आयोग के मुताबिक मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा सीट पर रालोद के उम्मीदवार मदन भैया ने जीत दर्ज की है। उन्हें 97 हजार 139 वोट मिले हैं। यह कुल मतदान का 54.04 प्रतिशत है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार राजकुमारी 74 हजार 996 मत हासिल कर दूसरे पायदान पर रही हैं। यह सीट पहले भाजपा के पास थी। विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द होने से यह सीट रिक्त हुई थी। रिक्त हुई इस सीट पर भाजपा ने राजकुमारी को उम्मीदवार बनाया। उन्हें सफलता नहीं मिल पाई। रामपुर विधानसभा सीट पर पहली बार कमल खिला है। यह भाजपा के लिए खुशी की बात है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर में पहली बार कमल खिलने के लिए उम्मीदवार को बधाई दी और जनता के प्रति अभार जताया है। यहां भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार आकाश सक्सेना ने 81 हजार 432 मत हासिल करके जीत दर्ज की है। उन्हें 62.06 प्रतिशत मत मिले हैं। दूसरे पायदान पर रहे समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार आसिस राजा को 47 हजार 296 वोट हासिल हुए हैं। यह कुल मतदान का 36.05 फीसदी रहा है।

## बिपिन रावत के ...

सेना और राष्ट्र में उसका भविष्य कैसे आकार लेगा। साथ ही डोभाल ने कहा कि 2017 में जब चीनियों के साथ हमारी कठिन स्थिति थी। हम योजना और चर्चा करते थे। जनरल बिपिन रावत दृढ़ थे। जब हमने कहा कि हम पीछे नहीं हटेंगे और हम डटे रहेंगे और चीन को पीछे हटने देंगे, तो चीन ने 74–75 दिनों के कठिन समय के बाद अपने पैर पीछे खींच लिए।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **पंचम अध्याय**

**( आनन्द )**

**चाह गई चिन्ता गई, आश वासना नाश।**
**जिवन मृत्यु जेहि खेल है, अस सुख सन्त निवास॥ 31॥**

**शब्दार्थ :** (वासना) अनेक जन्मों का विषय–संस्कार, (खेल) क्रीड़ा (निवास) घर।

**भाष्य :** उस परमानंद की प्राप्ति हो जाने पर समस्त कामनओं का नाश हो जाता है और कामनाओं के नाश हो जाने पर चिंता, आश एवं वासनाओं का भी समूल विनाश हो जाता है। जीवन और अपना मरण जिनके लिए एक खेलवाड़ है, ऐसा उत्तम सुख परमानंद के प्राप्त होने पर संत को होता है। संत का चेतन–निवास अमृत पूर्ण परमानंद है, जिसकी प्राप्ति होने से जीवन और मरण अपने अधीन हो जाते हैं।

**काश समाधि परम सुख, भाग्यवान नर पाय।**
**अनुभव सुख अनुभव कहे, समझे जो सुख पाय॥ 32॥**

**शब्दार्थ :** (कशा समाधि) शब्दानंद की समाधि (भाग्यवान) पूर्ण पुरुषार्थी (अनुभव सुख) परमानंद–प्राप्ति का महान सुख।

**भाष्य :** शब्दानंद–समादि के परम सुख को भाग्यवान नर ही प्राप्त करता है। उस अनुभव–सुख को अनुभव द्वारा ही जाना जा सकता है और उसको वही समझ सकता है, जिसने उस सुख को प्राप्त किया है। उस अनुभव–सुख को अनुभवी कहता है, वाचकज्ञानी नहीं।

# असम 10वीं बोर्ड परीक्षा 2023 के तारीखों की घोषणा



**गुवाहाटी ( विभास )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, असम (सेबा) ने हाई स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) 10वीं एग्जाम 2023 के लिए परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। असम एचएसएलसी परीक्षा 2023 3 से 20 मार्च, 2023 तक आयोजित की जाएगी। ये जानकारी असम के शिक्षा मंत्री रानोज पेगु की ओर से दी गई है। असम एचएसएलसी परीक्षा थ्योरी परीक्षा की तारीख के साथ, अधिकारियों ने सेबा कक्षा 10वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। असम कक्षा 10वीं की व्यावहारिक परीक्षा की तारीखों के अनुसार, परीक्षा 24 और 25 फरवरी, 2023 को आयोजित की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित की जाएंगी - सुबह की पाली सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर की पाली की परीक्षा आयोजित की जाएगी। दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक होगा। इस साल भी छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर प्रैक्टिकल परीक्षा देनी होगी। दोनों शिफ्ट के लिए केवल 5 मिनट अतिरिक्त समय की इजाजत है। सेबा बोर्ड ने कहा कि असम एचएसएलसी कक्षा 10 की प्रैक्टिकल परीक्षा 24 और 25 फरवरी, 2023 को आयोजित की जाएगी। दसवीं व एचएलएसी परीक्षा की तिथियां के अनुसार 3 मार्च, 2023 को अंग्रेजी, 4 मार्च को फाइन आर्ट्स एंड गारमेंट डिजाइनिंग, 6 मार्च को सामान्य गणित, 9 मार्चको सामाजिक विज्ञान, 10 मार्च को मणिपुरी और संथाली-दोपहर में संगीत, नृत्य, लकड़ी शिल्प और बंगाली, 13 मार्च को सामान्य विज्ञान, 14 मार्च दोपहर में- खुदरा व्यापार, आईटी/आईटीईएस, निजी सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि और बागवानी, पर्यटन और आतिथ्य, सौंदर्य और कल्याण, मोटर वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और हार्डवेयर और पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता 15 मार्च को असमिया (ई), 16 मार्च को हिंदी (ई), वीविंग एंड टेक्सटाइल, 18 मार्च को एमआईएल/अंग्रेजी (आईएल) 20 मार्च को उन्नत गणित, भूगोल, इतिहास, संस्कृत, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य, गृह विज्ञान, नेपाली, अरबी और फारसी आदि शामिल हैं।

## सिर कटी लाश बरामद

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के पंचरत्न फेरी घाट के पास गुरुवार को सिर कटी लाश देखे जाने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि एक नाव के पास सिर कटी लाश देखे जाने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नदी पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ग्वालपाड़ा सिविल अस्पताल में भेज दिया है। घटनास्थल पर पहुंची पंचरत्न नदी पुलिस की जांच के दौरान मृतक की पहचान दो नंबर बदलामारी चर (नदी का छाड़न वाला क्षेत्र) निवासी जैनुद्दीन मंडल के पुत्र अलीम मंडल के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक की 7 महीना पहले ही शादी हुई थी। घर से वह नदी में मछली पकड़ने के लिए गया था। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि यंत्र चलित नाव को स्टार्ट करने के दौरान पंपसेट की चपेट में आने की वजह से उसका सर कट गया होगा।

# रैगिंग रोकने के लिए असम के संस्थानों में फ्रेशर्स को अलग हॉस्टल की सुविधा




**गुवाहाटी ( विभास )।** डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में रैगिंग के मामले के बाद, असम के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों में फ्रेशर्स के उत्पीड़न को रोकने के लिए सख्त एहतियाती कदम उठाए गए हैं, जिसमें फ्रेशर्स को अलग हॉस्टल में रखना भी शामिल है। सिलचर में असम विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वरिष्ठ छात्रों से रैगिंग नहीं करने के लिए बांड भरने के लिए कहा है। अधिकारियों ने छात्रों को किसी भी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में शामिल नहीं होने के लिए छात्रों से ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय के प्रत्येक छात्र को फॉर्म भरना होता है और रैगिंग के खिलाफ एक बांड देना होता है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि, अगर किसी भी रैगिंग मामले में शामिल होने का सबूत मिलता है तो उस छात्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिलचर मेडिकल कॉलेज और एनआईटी सिलचर के अधिकारियों ने नए भर्ती छात्रों के लिए अलग छात्रावास की व्यवस्था की है। सिलचर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बाबुल कुमार बेजबरुआ ने कहा कि, एहतियात के तौर पर एमबीबीएस कोर्स के नए छात्रों को कॉलेज में अलग छात्रावास में रखने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नवनिर्मित पीजी छात्रावास में पीजी स्तर के प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ एमबीबीएस फ्रेशर्स को भी समायोजित किया गया है। इस छात्रावास में पूरे प्रथम वर्ष रहने के बाद, अगले वर्ष उन्हें दूसरे छात्रावास में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जहां स्नातक स्तर के वरिष्ठ छात्र रह रहे है पिछले साल सिलचर मेडिकल कॉलेज के लड़कों के छात्रावास में रैगिंग के कारण आठ वरिष्ठ छात्रों को एक निश्चित अवधि के लिए निष्कासित कर दिया गया था। मेडिकल कॉलेज के एक अधिकारी ने बताया कि, पिछले दिनों के अनुभव से पता चला है कि जब फ्रेश छात्रों को सीनियर्स के साथ एक ही हॉस्टल में रखा जाता है तो दिक्कत होती है। इस बीच, एनआईटी सिलचर के छात्र कल्याण विभाग के डीन प्रांजीत बर्मन ने कहा कि नए छात्र एक साल तक अलग छात्रावास में रहेंगे, बाद में उन्हें वरिष्ठ छात्रों के साथ दूसरे छात्रावास में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बर्मन ने आगे कहा कि, कैंपस में रैगिंग रोकने के लिए नए छात्रों को अलग हॉस्टल में रखने के अलावा अधिकारी पैनी नजर रख रहे हैं।

# दो गुटों के बीच झड़प, चार घायल



**लखीमपुर ( हि.स. )।** लखीमपुर जिला के महघुली इलाके में दो गुटों के बीच हुई जमकर मारपीट के दौरान चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने गुरुवार को बताया कि बीती रात दो गुटों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिला समेत चार लोग घायल हो गए। झगड़ा सूरज अली नामक व्यक्ति ने शुरू किया। सूरज अली द्वारा किए गए हमले में अन्य एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पैसे के लेनदेन को लेकर सूरज अली ने अन्य एक सूरज अली के परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें सूरज अली, हासेन बानो, हुसैन अली और हाजेर अली घायल हो गए। सभी को गंभीर अवस्था में लखीमपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर सूरज अली को गांव वालों ने उसके घर में ही घेर कर रखा। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सूरज अली को गांव वालों के चंगुल से छुड़ाकर थाने ले गई। पुलिस ने मारपीट में व्यवहार करने वाले एक विशेष प्रकार के दाव को भी जब्त किया है। दोनों पक्षों द्वारा अलग-अलग दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जंगली हाथी और एक व्यक्ति की मौत

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के लखीपुर बंदरमाथा इलाके में एक व्यक्ति और एक जंगली हाथी मृत अवस्था में गुरुवार की सुबह पाये गए। वन विभाग ने बताया कि बंदरमाथा इलाके में एक जंगली हाथी और एक व्यक्ति की मौत की खबर मिलते ही पुलिस और वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची। मृत व्यक्ति के शव को पुलिस पोस्टमार्टम के अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान जुगल चंद्र वर्मा के रूप में की गई है। मृत व्यक्ति के शरीर के कई टुकड़े इधर-उधर बिखरे हुए पाए गए। वहीं जंगली हाथी की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वन विभाग की मौजूदगी में पशु चिकित्सक की एक टीम हाथी का पोस्टमार्टम कर घटनास्थल के करीब दफना दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# रिश्वत लेते दो लोक सेवक रंगे हाथ गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान को जारी रखते हुए सतर्कता और भ्रष्टाचार-विरोधी निदेशालय ने राज्य के दो स्थानों पर अभियान चलाते हुए शिकायतकर्ताओं से रिश्वत स्वीकार करने के तुरंत बाद दो लोक सेवकों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पहली घटना के अनुसार निदेशालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बाक्सा जिला के बरमा राजस्व चक्र अधिकारी कार्यालय के लाट मंडल (लेखपाल) अनूप बोडो ने शिकायतकर्ता से शिकायतकर्ता और उसकी मां के नाम पर भूमि के दाखिल खारिज के प्रसंस्करण के लिए रिश्वत के रूप में 2,500 रुपए की मांग की थी। बाद में रिश्वत की राशि को घटाकर 1,500 रुपए कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने रिश्वत का भुगतान करने की अनिच्छा से उपरोक्त लोक सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए निदेशालय से संपर्क किया। जिसके चलते गुरुवार को निदेशालय की एक टीम द्वारा अनूप बोडो को रुपए स्वीकार करने के तुरंत बाद दोपहर के समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता से निदेशालय द्वारा दागी रिश्वत राशि उसके कब्जे से बरामद कर ली गई। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में जब्त कर लिया गया। इस संबंध में आज एसीबी थाने में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। बोडो के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 में संशोधित) की धारा 7 (ए) के तहत मामला संख्या 55/2022 पंजीकृत किया गया है। दूसरी घटना के अनुसार निदेशालय को मिली शिकायत के अनुसार बिश्वनाथ जिला के गोहपुर पुलिस थाना के उप-निरीक्षक (यूबी) धीरज नामसुद्र ने रुपए की मांग की थी। गोहपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में शिकायतकर्ता को गिरफ्तार नहीं करने के लिए शिकायतकर्ता से एक लाख रुपए रिश्वत मांगी गई थी। बाद में घूस की रकम घटाकर 50 हजार रुपए कर दी गई। 50 हजार का भुगतान करने में अनिच्छुक, शिकायतकर्ता ने उपरोक्त लोक सेवक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के लिए निदेशालय से संपर्क किया। गोहपुर पुलिस थाने के पुलिस सब-इंस्पेक्टर (यूबी) धीरज नमसुद्र को रुपए स्वीकार करने के तुरंत बाद शाम को रंगे हाथ पकड़ा गया। शिकायतकर्ता से रिश्वत के रूप में निदेशालय द्वारा चिह्नित 20 हजार रुपए की रकम उसके कब्जे से बरामद कर ली गई है। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में उसे जब्त कर लिया गया। इस संबंध में आज एसीबी थाने में केस नंबर 56/2022 यू/एस 120 (बी) आईपीसी, आर/डब्ल्यू सेक्शन 7(ए) ऑफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 (2018 में यथासंशोधित) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों मामलों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।


# आमगुड़ी में आबकारी विभाग ने छापा मारकर अवैध शराब की भट्ठियां नष्ट कीं

**शिवसागर ( हि.स. )।** शिवसागर जिला के आमगुड़ी इलाके में आबकारी विभाग ने अभियान चलाते हुए हजारों चुलाई (देसी शराब) और शराब तैयार करने के लिए बनाए गए पास को नष्ट कर दिया है। आबकारी विभाग के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि अभियान के दौरान चुलाई बनाने वाली चार भट्ठियों को भी नष्ट किया गया। यह अभियान आबकारी विभाग ने आमगुड़ी के देउरजा, मंटनिया, रदघाटिंग, जेहेनिया, हालोवाटिंग में चलाया। विभाग ने बांस के नीचे, तालाबों में, जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए पास और शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया। आबकारी विभाग ने 1,500 लीटर चुलाई और पास को नष्ट करने के साथ ही कई ड्रमों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि आमगुड़ी के बड़े क्षेत्र में अवैध रूप से देसी शराब का कारोबार होने का आरोप लगता रहता है।

## भारी मात्रा में मादक पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी जिला के फकीरगंज के आइरकाटा गांव में पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थ जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर फकीरगंज पुलिस थाना के सब इंस्पेक्टर मोजम्मल हुसैन के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा और प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया। पुलिस ने आइरकाटा गांव में सैफुल इस्लाम के घर से हेरोइन, कफ सिरप और नशीले टैबलेट बरामद किए। लंबे समय से सैफुल इस्लाम नशे का कारोबार चलाकर इलाके के माहौल को खराब कर रहा था। पुलिस ने घटना के संबंध में सैफुल इस्लाम की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। फकीरगंज पुलिस आरोपित की पत्नी से पूछताछ कर रही है।

# माल अनलोडिंग में पूसीरे की निरंतर वृद्धि बरकरार




**गुवाहाटी ( निसं )।** पूसी रेल माल अनलोडिंग में निरंतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष के अप्रैल से नवंबर के दौरान 9547 माल ढुलाई रेक अनलोड किये गए। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11।33त्न अधिक है। नवंबर, 2022 के दौरान 1230 माल ढुलाई रेक अनलोड किये गए। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 11।1त्न की वृद्धि है। पूसी रेल ने महीने के दौरान एफसीआई चावल, चीनी, नमक, खाद्य तेल, खाद्यान्न, उर्वरक, सीमेंट, कोयला, सब्जियां, टैंक, कंटेनर जैसे अन्य वस्तुओं का परिवहन किया और इसे अपने क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न गुड्स शेड में अनलोड किया। नवंबर, 2022 के दौरान, असम में मालवाही ट्रेनों के 664 रेक अनलोड किये गए थे, जिनमें से 330 आवश्यक वस्तुओं से लदे हुए थे। त्रिपुरा में 116 रेक, नागालैंड में 28 रेक, मणिपुर में 9 रेक, अरुणाचल प्रदेश में 7 रेक और मिजोरम में 4 रेक अनलोड किये गए। इसके अलावा, पूसी रेल के क्षेत्राधिकार के अधीन पश्चिम बंगाल में 241 और बिहार में 161 माल ढुलाई रेक भी अनलोड किये गए थे। बेहतर टर्मिनल हैंडलिंग सुविधा और सभी स्तरों पर बेहतर रखरखाव प्रयासों और निरंतर निगरानी के कारण गतिशीलता में सुधार के परिणामस्वरूप टर्नअराउंड समय में कमी आई और अनलोडिंग में वृद्धि हुई।

# हथियार के साथ उग्रवादी संगठन एलटीटी का कैडर गिरफ्तार



**कछार ( हि.स. )।** कछार पुलिस ने जॉयपुर थाने के हरिनगर इलाके में एक विशेष अभियान चलाते हुए प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ ट्राइबल्स (एलटीटी) के एक स्वयंभू कैडर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सेमिनथांग उर्फ एलेक्स गंगटे (28) के रूप में की गई है जो मूलरूप से डिमा हसाउ जिला के जिनम घाट का निवासी है। उसके कब्जे से गोला-बारूद समेत एक पिस्तौल बरामद हुई है। कछार पुलिस आरोपित से गहन पूछताछ कर रही है। एलटीटी संगठन का गठन 2018 में किया गया था और तब से इसके कैडर अपहरण, हत्या, अवैध कर संग्रह आदि में शामिल हैं। 29 जुलाई, 2022 को संगठन के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सहित संगठन के 12 कैडरों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री के सामने आत्मसमर्पण किया था।

# आर्य चौक मैं ट्रैफिक पुलिस की कमी महसूस कर रहे हैं स्थानीय लोग




**गुवाहाटी ( नसं )।** शराब भट्टी नाम से मशहूर वर्तमान में आर्य चौक पर फ्लाईओवर का उद्घाटन होते ही आर्य चौक से ट्रैफिक पुलिस नदारद हो गए। यदा-कदा एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी कुछ समय के लिए नजर आ जाता है। कभी कभार दोपहर को ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी आर्य चौक पर दिखाई देती है, जो बिना हेलमेट वाले वाहनों की चेकिंग कर आधे घंटे के अंदर ही वहां से चलती बनती है।आर्य चौक से काला पहाड़, उलूबाडी, पलटन बाजार, रेहाबाड़ी, आठगांव, फटाशील इन पांच जगहों से वाहन इस चौराहे को पार करते हैं। आर्य चौक के बगल में ही गुरु नानक हाई स्कूल और हैप्पी चाइल्ड हाई स्कूल जैसे बड़े प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भी है। जब दोपहर को इन शिक्षण संस्थानों की छुट्टी होती है तब आर्य चौक का नजारा देखते ही बनता है।ट्रैफिक पुलिस के अभाव में छात्रों को ले जा रहे दुपहिया वाहन फ्लाईओवर के नीचे चौराहे को पार करने की होड़ में दूसरे वाहनों से टकराते टकराते बचते हैं। रेहाबाडी से आने वाले वाहन फ्लाईओवर के नीचे से यू टर्न लेकर जब आठगांव की ओर बढ़ते हैं तब तो स्थिति बहुत ही भयंकर दिखाई देती है। उस वक्त काला पहाड़ से आने वाले वाहन और यूटर्न लेकर आठगांव की तरफ जाने वाले वाहनों में आगे बढ़ने की होड़ मच जाती है। जबकि इन को नियंत्रित करने के लिए कोई ट्रैफिक पुलिस वहां मौजूद नहीं रहता है।इस समय छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को ले जा रहे दुपहिया वाहन के दुर्घटना होने के आशंका भी ज्यादा दिखाई देती है। इस चौराहे पर रेड लाइट का सिग्नल भी नही लगाया गया है। जबकि फ्लाईओवर का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री ने काफी जोर-शोर से किया था।

# मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने श्रीश्री न-रोवा कुजी सत्र का किया दौरा



**मोरीगांव ( हि.स. )।** महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की कई यादें संजोए हुए और प्राचीन संसाधनों से ओत-प्रोत मोरीगांव जिला में स्थित श्रीश्री न-रोवा कुजी सत्र (वैष्णव मठ) का मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने गुरुवार को दौरा किया। इस सत्र में पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा है। इसको लेकर पूरे इलाके में भारी उत्साह देखा गया। मुख्यमंत्री के आगमन के चलते पूरे सत्र में विशेष तैयारियां की गई थीं। सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा के पहली बार आने के बाद ही सत्र परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री के सत्र में पहुंचते ही वैष्णव भकतों के द्वारा हरि नाम के जयकारे सत्र परिसर गूंज उठा। महिलाओं द्वारा फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। सत्र प्रबंध समिति ने मुख्यमंत्री को फूलाम गामोछा और धार्मिक वस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कुजी सत्र के कला संग्रहालय और प्राचीन संसाधन संग्रहालय और गेस्ट हाउस का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सत्र को बेहतर रूप में विकसित किया जाएगा। मोरीगांव जिला के अंदर स्थित इस सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा के आगमन से न-रवा कुजी सत्र के निवासी बेहद उत्साहित दिखे। मुख्यमंत्री ने पूरे सत्र का दौरा किया और लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि सत्र हमारे समाज जीवन के प्राण केंद्र हैं। आज मोरीगांव जिला दौरे के दौरान श्री श्री न-रोवा कुची सत्र का दर्शन कर और पूजा-अर्चना कर बेहद प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि सत्र के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयाता किया जाएगा। न-रोवा कुची सत्र के सत्राधिकार (मठाधीश) नित्यानंद गोस्वामी, सत्र के बूढ़ा आते दीननाथ हजारिका, कलियाबर माध-आता सत्र के डेका सत्रीया गोलाप महंत, आईभेटी सत्र के सत्राधिकार लक्ष्मी महंत से मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बाचतीच की।

# भारत अब खुद बनाएगा 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत हल्के वजन वाले 354 टैंक

**- डीआरडीओ बनाएगा 59 लाइट टैंक, बाकी 295 टैंक निजी विकास परियोजना के तहत बनाए जाएंगे**
**- पूर्वी लद्दाख में चीन से सटी सीमा पर उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में तैनात किये जाने की है योजना**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ 30 महीने से अधिक समय से चल रहे टकराव के दौरान जरूरत को देखते हुए भारत अब खुद 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत हल्के वजन वाले 354 टैंकों का निर्माण करेगा। इस मेगा स्वदेशी परियोजना में 59 लाइट टैंक अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) विकसित करेगा और शेष 295 टैंक सरकार की वित्त पोषित डिजाइन और विकास परियोजना के तहत निर्मित किए जाएंगे। इन टैंकों को लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक भारत 354 लाइट टैंकों के लिए एक मेगा स्वदेशी अधिग्रहण परियोजना शुरू करने के लिए तैयार है। दरअसल, पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ मौजूदा टकराव के दौरान उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लिए हल्के वजन वाले टैंकों की जरूरत महसूस की गई है, ताकि इन्हें 8 से 10 हजार फीट की ऊंचाई पर ले जाया जा सके। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में उच्च ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों के साथ-साथ कच्छ के रण जैसे नदी क्षेत्रों में हल्के टैंकों को तेजी से तैनात किया जा सकता है। ये सभी टैंक हल्के होने के साथ-साथ बेहतर मारक क्षमता और सुरक्षा प्रदान करने वाले होंगे। डीआरडीओ का पहला लाइट टैंक प्रोटोटाइप 2023 के मध्य तक रोल आउट हो जाएगा।

प्रस्ताव के मुताबिक 25 टन से कम वजन वाले 354 लाइट टैंकों में से 59 डीआरडीओ बनाएगा। शेष 295 टैंक रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) की 'मेक-1' श्रेणी में भारतीय उद्योग के लिए सरकार की वित्त पोषित डिजाइन और विकास परियोजना के तहत निर्मित किए जाएंगे। सेना ने मेक-1 श्रेणी के तहत निजी क्षेत्र से सभी 354 टैंकों का उत्पादन कराने की पुरजोर वकालत की थी लेकिन डीआरडीओ ने तर्क दिया कि उसका कॉम्बैट व्हीकल रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट पहले से ही निजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन एंड टुब्रो के साथ 'लीड सिस्टम इंटीग्रेटर' के रूप में एक लाइट टैंक प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए काम कर रहा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद से जल्द ही लगभग 17,500 करोड़ रुपये की लागत से 'प्रोजेक्ट जोरावर' के तहत बख्तरबंद लड़ाकू वाहन के लिए एओएन (आवश्यकता की स्वीकृति) मिलने की उम्मीद है। पूर्वी लद्दाख में चीन से टकराव के बाद 12 लाख सैनिकों वाली मजबूत भारतीय सेना ने 40 से 50 टन वजन वाले रूसी मूल के टी-90 और टी-72 मुख्य युद्धक टैंक तैनात किये हैं। सेना ने चीन को चौतरफा घेरने के लिए एलएसी पर भीष्म टी-90, टी-72 अजय और मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन भी तैनात कर रखे हैं।

**क्या है प्रोजेक्ट जोरावर -** प्रोजेक्ट जोरावर के तहत भारतीय सेना स्वदेशी लाइटवेट टैंक खरीदने की तैयारी कर रही है। इन टैंकों को पूर्वी लद्दाख में खतरों वाले इलाके में हल्के टैंकों को तैनात करने की योजना है। लाइट टैंक के इस प्रोजेक्ट का नाम जम्मू-कश्मीर रियासत के पूर्व कमांडर जोरावर सिंह के नाम रखा गया है।


जोरावर सिंह ने 19वीं सदी में चीनी सेना को हराकर तिब्बत में अपना परचम लहराया था। प्रोजेक्ट जोरावर के तहत भारतीय सेना में 354 लाइट टैंक शामिल किए जाएंगे। ये हल्के टैंक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ड्रोन सिस्टम से लैस होंगे। इन टैंकों को चीन से सटी सीमा और तनावग्रस्त इलाकों में तैनात किया जाएगा।

## राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल करने की ओर आम आदमी पार्टी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम आदमी पार्टी (आप) अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय पार्टी बनने जा रहे हैं। गुजरात विधानसभा चुनावों की मतगणना में पार्टी को 12 प्रतिशत मत और 6 सीटें मिलती दिखाई दे रही है। आप को राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए गुजरात में 6 प्रतिशत मत और 2 सीटें चाहिए। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को कहा कि गुजरात के वोटों से आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन जाएगी। सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा कि पहली बार शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी राजनीति देश में पहचान बना रही है। देशवासियों को इसके लिए बधाई। उल्लेखनीय है कि किसी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए 4 राज्यों में राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त होना जरूरी है। राज्य स्तर पर पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए पार्टी को 2 सीटें और 6 प्रतिशत वोट की आवश्यकता होती है। आम आदमी पार्टी वर्तमान में दो राज्यों दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही है। वहीं गोवा में उसने दो सीटें जीती हैं और 6.8 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। आज गुजरात के आए नतीजों से उसे गुजरात में भी राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा मिलने वाला है जिसके बाद आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन जाएगी।

## विकास की राजनीति के साथ भाजपा बढ़ रही है आगे : तोमर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विकास की राजनीति के साथ आगे बढ़ रही है। तोमर ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में गुजरात में हो रहे मतगणना के शुरूआती रुझानों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गुजरात में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। तोमर ने कहा कि भाजपा विकास की राजनीति में भरोसा रखती है। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। यह सिद्धांत लोगों को पसंद आ रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के जो रुझान आ रहे हैं, वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक नीतियों का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि गुजरात चुनाव आयोग के आधिकारिक रुझानों के मुताबिक भाजपा 153 और कांग्रेस 20 सीटों पर आगे चल रही है। जबकि आम आदमी पार्टी 06 सीटों पर आगे चल रही है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस 38 और भाजपा 27 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है।

## महाराष्ट्र का कर्नाटक के प्रति बड़ा उदारवादी कदम

**-शिंदे -फडणवीस सरकार का निर्णय, सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन का भुगतान अब कर्नाटक बैंक के माध्यम से होगा**

**मुंबई, (हि.स.)।** महाराष्ट्र - कर्नाटक सीमा विवाद की धार को कम करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक के प्रति उदारवादी कदम उठाया है। शिंदे -फडणवीस सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और पेंशन का भुगतान कर्नाटक बैंक के माध्यम से किए जाने का निर्णय बुधवार देररात लिया। इसके बाद सरकारी कर्मचारियों को कर्नाटक बैंक में खाता खोलने का आदेश जारी किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस के साथ वित्तीय लेनदेन संबंधी अनुबंध किया है। इसके तहत महाराष्ट्र के वित्त विभाग ने राज्य के सभी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन आदि के लिए कर्नाटक बैंक में आहरण और संवितरण अधिकारियों के वेतन और भत्तों के उद्देश्य से एक सरकारी खाता खोलने का निर्णय लिया है। साथ ही, राज्य सरकार ने पेंशन प्रदान करने के लिए कर्नाटक बैंक में कर्मचारियों को व्यक्तिगत खाते खोलने का निर्देश दिया है। महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों के भुगतान के लिए पहले राज्य सरकार की सूची में 15 बैंक थे। अब तीन बैंक अर्थात कर्नाटक, जम्मू और कश्मीर और उत्कर्ष लघु वित्त बैंक को शामिल किया गया है। राज्य सरकार अपने 38 विभागों की योजनाओं के संचालन के लिए सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी बैंकों में खाते खोलने की अनुमति देती है। सरकार के ऐसे खातों के माध्यम से उस विभाग का लेनदेन होता है । साथ ही, बैंकों को राज्य सरकार के कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन की योजना बनाने के लिए सरकार के साथ समझौते करने होते हैं। इसी के तहत यह निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद कर्नाटक के बेलगाव में महाराष्ट्र के वाहनों में हुई तोड़फोड़ के बाद बढ़ गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और कर्नाटक के मुख्यमंत्री वसवराज बोम्मई से बात की थी। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक के प्रति उदारवादी निर्णय लिया है।

## राहुल की यात्रा में युवक ने खुद को लगाई आग



**कोटा (ईएमएस)।** राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान के आज चौथा दिन है। यात्रा के दौरान आज एक भाजपा समर्थक युवक ने खुद को आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास किया। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों की मुस्तैदी दिखाते हुए अपनी खाकी वर्दी डालकर आग बुझाते हुए उसकी जान बचा ली। फिलहाल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।भाजपा समर्थक युवक कांग्रेस की नीति से नाराज बताया जा रहा है। भारत जोड़ो यात्रा वर्तमान में कोटा में चल रही है। आज सुबह करीब 6:15 पर कोटा के सूर्यमुखी हनुमान मंदिर से यात्रा प्रारंभ हुई। भारी भीड़ के चलते कई बार भगदड़ की स्थिति नजर आई। लोग राहुल गाँधी का सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए उनके पास तक पहुंच गए। राहुल गांधी कोचिंग के स्टूडेंट्स से भी मिले। बातचीत के दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा की आप देश का भविष्य है। कोटा में यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ को राजस्थान के वरफुल मिनिस्टर शांति धारीवाल के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। धारीवाल कोटा से विधायक हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खास माने जाते हैं। दो दिन नाइट स्टे के लिए बूंदी जिले के केशोरायपाटन में यात्रा का कैंप बनाया गया है।

## संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष राज्यों और मीडिया को कुचला नहीं जा सकता: ममता

**- संसद में अपने बहुमत का उपयोग जबरन विधेयक पारित कराने में कर रही है केंद्र सरकार**



**कोलकाता (ईएमएस)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह संसद में अपने बहुमत का उपयोग जबरन विधेयक पारित कराने में कर रही है। साथ ही तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने संसदीय लोकतंत्र के भविष्य को लेकर भी चिंता जताई। अपनी पार्टी के सांसदों के साथ रणनीतिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि कम से कम 16 विधेयक ऐसे हैं जो राज्यों के मामलों में हस्तक्षेप करने वाले हैं और संसद के शीतकालीन सत्र में विचार तथा पारित कराने के लक्ष्य से उन्हें सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा आपने देखा है कि अगर विपक्ष आवाज उठाता है तो बहुमत के कारण सत्तापक्ष बिना किसी मतदान के विधेयक पारित करवा लेता है। वे स्थाई समितियों या प्रवर समितियों की रिपोर्ट को भी स्वीकार नहीं करते हैं। हमें डर है कि क्या हमारा संसदीय लोकतंत्र अपनी प्रतिष्ठता और सम्मान को बनाए रख सकेगा जो कि आज तक सुरक्षित रही है। बनर्जी ने कहा कि लोकतंत्र में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां कई विचारधाराएं होती हैं लेकिन संसदीय बहुमत हमेशा विजयी रहता है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप विपक्ष की आवाज राज्यों और मीडिया को दबा देंगेहमारी पार्टी पूरे दमखम से उनका सामना करेगी और अत्याचारों के खिलाफ लड़ने के लिए अन्य विपक्षी दलों के साथ सहयोग करेगी। बनर्जी ने जी20 की तैयारियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में हिस्सा लिया और मंगलवार को वह अपने भतीजे व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ अजमेर शरीफ दरगाह गई। संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू हुआ है और 29 दिसंबर तक चलेगा। सत्र में 23 दिनों में 17 बैठकें होने की संभावना है।

## शिवसेना नेता संजय राऊत को जान से मारने की धमकी



**मुंबई, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता और राज्यसभा के सदस्य संजय राऊत को दो बार फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। इस तरह की जानकारी खुद संजय राऊत ने गुरुवार को मुंबई में पत्रकारों को दी। संजय राऊत ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार को दिन में दो बार उनके फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बारे में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है। बताया जा रहा है कि संजय महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर मुखर होकर महाराष्ट्र का पक्ष रख रहे थे। साथ ही संजय राऊत राज्य सरकार के विरुद्ध भी बयानबाजी कर रहे थे। इसे देखते हुए बालासाहेब की शिवसेना पक्ष के नेता और मंत्री शंभूराजे देसाई ने पत्रकार वार्ता कर राऊत को अनावश्यक बयानबाजी बंद करने चेतावनी दी थी। मंत्री शंभूराजे देसाई की पत्रकार वार्ता के बाद संजय राऊत को जान से मारने की धमकी मिलने पर जोरदार चर्चा हो रही है। मंत्री शंभूराजे देसाई ने कहा कि संजय राऊत को बुधवार को धमकी मिली थी। इसे उन्होंने गुरुवार को बताया है। पिछले 24 घंटे तक संजय राऊत ने धमकी की खबर को क्यों छिपाया, यह शक पैदा करने वाला है। दरअसल, संजय राऊत को वाई स्तर की पुलिस सुरक्षा मिली थी, लेकिन राज्य सरकार ने उनकी सुरक्षा हटा लिया है। सुरक्षा हटाए जाने के बाद राऊत ने कहा था कि अगर उन्हें कुछ भी होता है, तो इसके लिए राज्य सरकार ही जिम्मेदार रहेगी।

## एनएसई फोन टैपिंग मामले में मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर संजय पांडे को जमानत




**अजय कुमार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने एनएसई फोन टैपिंग मामले के आरोपित और मुंबई पुलिस के पूर्व कमिश्नर संजय पांडे को जमानत दे दी है। जस्टिस जसमीत सिंह की बेंच ने यह आदेश दिया। पांडे ने ट्रायल कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। 04 अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने संजय पांडे की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इस मामले में ईडी ने संजय पांडे और रवि नारायण के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। इस मामले में सीबीआई भी जांच कर रही है। सीबीआई ने जांच के दौरान संजय पांडे से जुड़ी एक फर्म आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के परिसर से कुछ बिल की रसीदें, रिकार्डिंग के नमूने, रिकार्डिंग के मूल टेप और सर्वर के साथ-साथ दो लैपटॉप बरामद किए थे। संजय पांडे पर आरोप है कि उन्होंने 4 करोड़ 54 लाख रुपये लेकर चित्रा रामकृष्णा की मदद करने के लिए एमटीएनएल की फोन लाइन टेप की थीं।

## गुजरात में चुनाव कई दिग्गजों की हार आप का सीएम चेहरा इसुदान गढवी में हुए आउट

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक भाजपा 158 सीटों पर आगे चल रही हैं जिसमें कई सीटें उसके नाम हो चुकी हैं। जबकि कांग्रेस 16 पर और आप 5 सीटों पर आगे है। गुजरात चुनाव बड़े बड़े दिग्गजों को हार का स्वाद चखना पड़ा है। गुजरात में सरकार बनाने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के दावेदार इसुदान गढ़वी देवभूमि द्वारका जिले की खंभालिया सीट से चुनाव हार गए हैं। सारे एक्जीट पोल झूठे होने का दावा करने वाले इसुदान गढ़वी के चुनाव हार जाने से आम आदमी पार्टी के लिए शर्मनाक स्थिति पैदा हो गई है। खंभालिया सीट पर भाजपा से मूलुभाई बेरा कांग्रेस के विक्रम माडम और आम आदमी पार्टी से इसुदान गढ़वी मैदान में थे। खंभालिया के मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार मूलुभाई बेरा की शानदार जीत हुई है। वहीं वडोदरा की वाघोडिया सीट से 6 बार लगातार विधायक रहे मधु श्रीवास्तव भी चुनाव हार गए हैं। भाजपा ने अबकी बार मधु श्रीवास्तव के बजाए अश्विन पटेल को उम्मीदवार बनाया था। टिकट नहीं मिलने से नाराज मधु श्रीवास्तव ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। जबकि कांग्रेस ने सत्यजीत गायकवाड को चुनाव मैदान में उतारा था। वाघोडिया सीट पर धर्मेन्द्र सिंह वाघेला भी निर्दलीय उम्मीदवार थे। इस चतुष्कोणीय मुकाबले में निर्दलीय उम्मीदवार धर्मेन्द्र सिंह वाघेला ने बाजी मार ली और भाजपा व कांग्रेस के साथ मधु श्रीवास्तव को भी हार का सामना करना पड़ा है।

अमरेली सीट से कांग्रेस के दिग्गज और विपक्ष के पूर्व नेता परेश धानाणी भी चुनाव हार गए हैं। अमरेली सीट से भाजपा उम्मीदवार कौशक वेकरिया ने जीत दर्ज की है। परेश धानाणी कांग्रेस के लोकप्रिय चेहरा माने जाते हैं। लेकिन चुनाव जंग में अमरेली सीट भी कांग्रेस के हाथ से निकल गई है। राजकोट जिले की धोराजी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ललित वसोया भी चुनाव हार गए हैं। मतगणना के दौरान ललित वसोया ने अपनी हार स्वीकारते हुए कहा था कि आम आदमी पार्टी की वजह से कांग्रेस को काफी नुकसान हुआ है। आम आदमी पार्टी के कारण कांग्रेस को केवल धोराजी ही बल्कि पूरे सौराष्ट्र में नुकसान हो रहा है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन की बात पर ललित वसोया ने इसे आधारहीन बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के हराने के लिए ही भाजपा के इशारे पर आम आदमी पार्टी आई थी ऐसे में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। सौराष्ट्र की एक और सीट गढ़डा में कांग्रेस उम्मीदवार जगदीश चावड़ा चुनाव हार गए हैं। मतगणना के 7वां चरण खत्म होते ही जगदीश चावड़ा ने अपनी हार स्वीकार ली और मतगणना केन्द्र से रवाना हो गऐ सूरत की वराछा सीट की बात करें तो आम आदमी पार्टी के पहली पंक्ति के नेता माने जाते अल्पेश कथीरिया भी चुनाव हार गए हैं। पाटीदार आंदोलन के दौरान हार्दिक पटेल के करीबी रहे अल्पेश कथीरिया का मुकाबला भाजपा उम्मीदवार गुजरात के पूर्व मंत्री कुमार कानाणी से था। शुरूआती रुझानों में अल्पेश कथीरिया ने कुमार कानाणी के खिलाफ बढ़त जरूर हासिल की लेकिन उसे अंत तक बरकरार नहीं रख पाए और चुनाव हार गए।

## स्टार्टअप्स ने देश में आठ लाख 40 हजार से ज्यादा नौकरियां सृजित कीं : सरकार

**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा को बताया कि स्टार्टअप्स ने देश में आठ लाख 40 हजार से ज्यादा नौकरियां सृजित की हैं। ये नौकरियां 84,000 सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप द्वारा उत्पन्न की गई हैं। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यवसाय आवंटन नियमावली, 1961 के अनुसार, स्टार्टअप से संबंधित मामले उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपाआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के कार्यक्षेत्र में आते हैं। डीपाआईआईटी द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ने स्टार्टअप पहल के अन्तर्गत एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम में परिणत हो गया है। उन्होंने बताया कि इस तथ्य से यह स्पष्ट है कि सरकार ने पहले से ही 84,000 से अधिक स्टार्टअप्स को मान्यता प्रदान की है जो 640 से अधिक जिलों में फैले हुए हैं, जिनमें से 45 प्रतिशत टियर 2 और 3 शहरों से हैं। मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 8.4 लाख से अधिक नौकरियों के सृजन की सूचना दी है। इसके अतिरिक्त, अब तक 100 से अधिक भारतीय स्टार्टअप्स ने आज की स्थिति के अनुसार यूनिकॉर्न का दर्जा (1 बिलियन डॉलर से अधिक इकाई मूल्य) प्राप्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तथापि, नियमित व्यवसायों को आमतौर पर संचालन से संबंधी विशिष्ट वर्षों में सफलता या विफलता से मापा जा सकता है, किसी विशेष चरण में विफलता या सफलता से स्टार्टअप और स्केल अप को अधिक सटीक रूप से मापा जाता है जो किसी भी स्तर की सटीकता के साथ सभी प्रकार के नए व्यवसायों को कवर करने वाले आंकड़ों को और उनकी विफलता दर एक साथ रखना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्टार्टअप्स की विफलता के संबंध में केंद्रीकृत सूचना का अनुरक्षण नहीं किया जाता है।

## राज्यसभआ में उठी ईपीएस-95 की पेंशन बढ़ाने की मांग


**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन राज्यसभा में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की पेंशन योजना-ईपीएस-95 की पेंशन बढ़ाने का मुद्द जोरशोर से उठा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के इलावरम करीम और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) के एम षणमुगम ने गुरुवार को उच्च सदन में इस मामले को उठाते हुए केंद्र सरकार से इसमें हस्तक्षेप की मांग की। करीम ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएस-95 पेंशन योजना में व्यवस्था दी है। सरकार को इस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए जिससे पेंशन लाभार्थियों को बढ़ी हुई पेंशन मिल सके। वहीं, षणमुगम ने ईपीएस पेंशन के लिए कोशियारी समिति की रिपोर्ट लागू करने की मांग की । उन्होंने कहा कि देश भर में ईपीएस पेंशन भोगी दुर्दशा झेल रहे हैं।

उन्हें मात्र 400 रुपए की पेंशन मिल रही है। उल्लेखनीय है कि इस रिपोर्ट में ईपीएस पेंशन धारियों को न्यूनतम 3000 रुपए प्रति माह पेंशन में महंगाई भत्ता जोड़ने को कहा गया है।

# धार्मिक नगरी नैमिषारण्य का कायाकल्प करेगी योगी सरकार, मास्टर प्लान तैयार

**-वैदिक, आध्यात्मिक और इको टूरिज्म के वैश्विक केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित**




**लखनऊ, (हि.स.)।** अयोध्या, काशी और मथुरा के साथ अन्य धार्मिक स्थलों के विकास के लिए पर्यटन विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत सीतापुर के नैमिषारण्य और मिश्रिख-नीमसार का कायाकल्प किया जाना है। पर्यटन विभाग नैमिषारण्य को वैदिक शहर, आध्यात्मिक, धार्मिक और इको टूरिज्म के एक वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने जा रहा है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पर्यटन विभाग के आला अधिकारियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। हाल ही में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नैमिषारण्य को पौराणिक महत्व के अनुरूप आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करने का निर्णय हुआ था। साथ ही यहां नैमिषारण्य तीर्थ विकास परिषद के गठन का भी निर्णय लिया गया था। मुख्य सचिव के समक्ष पर्यटन विभाग की ओर से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ की आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग फैकल्टी ने प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें नैमिषारण्य के विकास का पूरा मास्टर प्लान समझाया गया। इसके तहत नैमिषारण्य को इसके प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विविध स्त्रोतों के कारण चार टूरिज्म जोन में बांटा गया है। बैठक के दौरान पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि यहां बने मां ललिता देवी मंदिर में कई द्वार हैं और फ्रंट में कई दुकानों की वजह से यहां जाम की स्थिति रहती है। इस पर काम किया जाएगा। यहां का कुंड इस्तेमाल में नहीं है, जिसे रीस्टोर किए जाने की आवश्यकता है। यहां आम नागरिकों के लिए जरूरी सुविधाओं और उनके मेंटीनेंस पर भी ध्यान दिया जाएगा। इसी तरह चक्र तीर्थ में प्रवेश द्वार से लेकर चेंजिंग और टॉयलेट ब्लॉक, चक्रतीर्थ कुंड की सफाई और रेनोवेशन, गौकुंड, सत्संग भवन, सभा स्थल और वेटिंग एरिया के अलावा गोदावरी कुंड और ब्रह्म कुंड को रेनोवेट किया जाएगा। इसी तरह दधीचि कुंड का भी रेनोवेशन किए जाने की आवश्यक्ता है।

**शहर का भी होगा विकास -** धार्मिक स्थलों के साथ-साथ शहर पर भी काम किए जाने की जरूरत है। शहर के प्रवेश द्वारों के साथ-साथ ट्रांजिट नोड विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा शहर में डेडिकेटेड पार्किंग की व्यवस्था होगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के चार्जिंग प्वॉइंट्स के अलावा टूरिस्ट्स फैसिलिटेशन सेंटर, धर्मशाला, फूड कोर्ट जैसी आम नागरिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अलावा यहां आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों के लिए डेडिकेटेड फुटपाथ भी बनेंगे। यही नहीं, 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में भी आम नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के अनुसार टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाएंगे। वेटिंग एरिया, कैफेटेरिया, चेंजिंग रूम और रेस्ट रूम का विकास होगा। घाटों का चौड़ीकरण एवं अन्य जरूरी चीजों का विकास किया जाएगा।

**सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का सुदृढ़ीकरण जरूरी -** इस दौरान पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि नॉन-मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट (एनएमटी) का प्रावधान जिसका उद्देश्य कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जाना है। सीतापुर शहर प्रमुख रूप से भूजल संसाधनों पर निर्भर है। इसलिए भूजल की कमी से बचने के लिए एक विकल्प की आवश्यकता है। इस प्रकार विकास क्षेत्र में वर्षा जल संचयन किया जा सकता है। वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाने के लिए अधिकारियों द्वारा लोगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाना चाहिए। सभी सार्वजनिक भवनों में नई इमारतों में वर्षा जल संचयन प्रणाली उपलब्ध करायी जानी चाहिए। 5000 वर्ग मीटर से अधिक के विकास के लिए एक वर्षा जल प्रणाली प्रदान किया जाना आवश्यक है।

**तीन तरह से विकास की है योजना -** नैमिषारण्य के कायाकल्प की योजना को तीन तरह से प्लान किया गया है। पहली योजना के तहत तमाम धार्मिक स्थलों का पर्यटन विभाग द्वारा कायाकल्प किया जाएगा। इनमें चक्र तीर्थ मंदिर, मां ललिता देवी मंदिर, दधीचि कुंड, शहरों के प्रवेश द्वार पर ट्रांजिट नोड, आम नागरिक सुविधाएं, 84 कोसी परिक्रमा पथ का विकास, टूरिज्म बेस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर समेत अन्य बातें शामिल हैं। वहीं दूसरी योजना सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट से मिलने वाली ग्रांट के जरिए विकास की है। इसके तहत वाटर सप्लाई, अंडरग्राउंड सीवरलाइंस व सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, रोड और पार्किंग लाट्स, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, फायर स्टेशन और स्ट्रीट लाइट समेत अन्य विकास की योजनाएं शामिल हैं। तीसरी योजना के तहत पीपीपी मोड में होटल निर्माण, ईवी चार्जिंग प्वॉइंट्स, ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा और कॉमर्शियल जगहों को विकसित करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# मेरठ में 12 दिसम्बर को निकलेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा



**मेरठ, (हि.स.)।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसम्बर को मेरठ में निकाली जाएगी। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत करने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं ने रणनीति तैयार की है। बुढ़ाना गेट स्थित कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को जिला और शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। पार्टी प्रवक्ता हरिकशन अंबेडकर ने बताया कि जिलाध्यक्ष अवनीश काजला की अध्यक्षता और शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के संचालन में हुई बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के आगमन पर चर्चा की गई। प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 12 दिसम्बर को मेरठ के शहीद स्मारक से शुरू होगी। इससे पहले 11 दिसम्बर की रात में हापुड़ से यह यात्रा मेरठ पहुंच जाएगी।शहीदों को नमन करते हुए यात्रा का शुभारंभ होगा। यह यात्रा शहीद स्मारक से आरम्भ होकर जली कोठी चौराहा, फैज-ए-आम कॉलेज, महताब सिनेमा, केसरगंज, रेलवे रोड चौराहा, ईदगाह चौराहा, मेट्रो प्लाजा, फुटबॉल चौक, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, मलियाना फ़्लाईओवर होते हुए एनएच-58 बाईपास, पांचली खुर्द, जानी खुर्द, सिवालखास से होकर रवाना हो जाएगी। यात्रा का संयोजक जिलाध्यक्ष अवनीश काजला और शहर अध्यक्ष जाहिद अन्सारी को बनाया गया है। यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं की जिम्मेदारी तय की गई है। बैठक में मवाना चेयरमैन अय्यूब कालिया, प्रवक्ता मोनिन्दर सूद, सलीम खान, विनोद मोघा, महेंद्र शर्मा, पंडित नवनीत नागर, धूम सिंह गुर्जर, सुरेन्द्र सिंह, तेजवीर सिंह, सलीम पठान, राकेश मिश्रा, सलीमुद्दीन शाह, रीना शर्मा, मीना सैफी, नसीम राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# उपचुनावः उप्र की मैनपुरी लोकसभा, रामपुर व खतौली विधानसभा सीटों पर सपा उम्मीदवार आगे



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा और रामपुर एवं खतौली विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों की मतगणना में समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। गुरुवार सुबह मतगणना शुरू होते ही मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा उम्मीदवार डिम्पल यादव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रघुराज शाक्य से आगे चलने लगीं। भाजपा उम्मीदवार पर सपा की बढ़त लगातार जारी है। रामपुर और खतौली सीटों के शुरूआती रुझानों में दोनों दल आगे-पीछे हुए, लेकिन बाद में सपा ने बढ़त बना ली। दोपहर एक बजे तक के रुझानों में सपा तीनों सीटों पर आगे है। मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार से सवा लाख वोटों से आगे है। दो विधान सभा सीटों की बात करें तो खतौली में रालोद उम्मीदवार मदन भैया करीब 10 हजार वोटों से भाजपा से आगे चल रहे हैं। खतौली में भाजपा ने राजकुमारी सैनी को उतारा है। रामपुर में सपा उम्मीदवार आसिम रजा करीब पांच हजार मतों से आगे हैं। रामपुर सीट पर आकाश सक्सेना भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। रुझानों को देखकर साफ है कि मैनपुरी में डिम्पल की जीत करीब-करीब पक्की है। विधान सभा की दो सीटों पर अब भी उलट फेर के पूरे आसार हैं। सपा संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी संसदीय सीट पर उनकी बहू एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने उनके समक्ष रघुराज शाक्य को उम्मीदवार बनाया। शाक्य पहले समाजवादी पार्टी में ही रहे हैं। उनकी आजम खान के बेहद करीबी नेताओं में गिनती होती रही है। भाजपा की आक्रामकता से चुनाव लड़ने की रणनीति को भांपकर अखिलेश यादव अपनी पूरी ब्रिगेड के साथ मैनपुरी उपचुनाव में जुटे। नाराज चल रहे चाचा शिवपाल यादव को उपचुनाव से पहले साथ लाने में सफल रहे। पूरा यादव कुनबा एक होकर भाजपा के सामने चुनाव लड़ा। मैनपुरी में उसका असर साफ दिखाई दे रहा है।

# बनारस बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**—13 दिसम्बर को होगा चुनाव, अध्यक्ष पद पर पांच और महामंत्री पद पर सात प्रत्याशियों समेत कुल 19 पदों पर 44 प्रत्याशी**


**वाराणसी, (हि.स.)।** बनारस बार एसोसिएशन के चुनाव में चुनाव प्रचार चरम पर है। अध्यक्ष,महामंत्री सहित विभिन्न पदों के प्रत्याशी और उनके समर्थक अधिवक्ता रात-दिन एक कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के लिए साथी अधिवक्ताओं के चौकियों से लेकर उनके घर तक पहुंचने के साथ प्रत्याशी सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म का भी जमकर सहारा ले रहे है। चुनाव में अध्यक्ष पद पर पांच और महामंत्री पद पर सात प्रत्याशियों समेत कुल 19 पदों पर 44 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव 13 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। कुल 4901 अधिवक्ता मतदाता उम्मीदवारों का भाग्य तय करेंगे। इसमें आजीवन 3356 व 1545 पुराने सदस्य शामिल हैं। चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन क्षत्रधारी सिंह ने मतदान की तैयारियों पर सदस्यों के साथ विमर्श करने के बाद अन्तिम रूप दे दिया। उन्होंने बताया कि बार का मतदान सम्पन्न कराने के लिए 70 सहायक चुनाव अधिकारी और 60 मतबूथ बनाए गए हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता दीनानाथ सिंह, राधेश्याम चौबे और सौरभ कुमार श्रीवास्तव को पर्यवेक्षक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान हैंडबिल वितरण पर रोक से साथ पूरे सिविल कोर्ट परिसर में बैनर पोस्टर कट आउट नहीं लगाया जा सकेगा। इसके साथ ही मतपत्र का फोटो लेना प्रतिबंधित है। मतदान बनारस बार एसोसिएशन के सभागार में होगा। मतगणना 14 दिसंबर की सुबह 8 बजे शुरू होगी और देर शाम तक परिणाम आएगा।

# खतौली सीट पर रालोद-सपा प्रत्याशी आगे, भाजपा पिछड़ी

**मेरठ, (हि.स.)।** खतौली और रामपुर विधानसभा सीट के उप चुनाव की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी लगातार पिछड़ रहे हैं। रामपुर सीट पर सपा प्रत्याशी और खतौली में रालोद-सपा गठबंधन के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए हैं। खतौली विधानसभा सीट के उप चुनाव की मतगणना खतौली के नवीन मंडी स्थल पर चल रही है। 17 टेबल पर 27 राउंड में मतगणना होगी। इसमें ईवीएम के लिए 14 और पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए तीन टेबल लगाई गई है।

मतगणना स्थल पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। खतौली में नौवें राउंड के बाद रालोद प्रत्याशी मदन भैया 8856 वोटों से आगे चल रहे हैं। जबकि दूसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी चल रही है।

# मैनपुरी लोकसभा की पांच विधानसभा सीटों पर सपा की डिंपल यादव आगे



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव अपने प्रतिद्वंद्वी से काफी आगे चल रही हैं। वह मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधानसभा सीटों पर लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। पांचवें दौर की मतगणना चल रही है। डिंपल यादव भाजपा के रघुराज शाक्य से आगे चल रही हैं। सपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट मानी जाने वाली मैनपुरी सीट मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई थी। सपा किसी भी कीमत पर यह सीट गंवाना नहीं चाहती थी। इसलिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुद गांव-गांव जाकर मैनपुरी में वोट मांगे। अभी डिंपल यादव 25 हजार वोटों से आगे चल रही हैं। सपा प्रत्याशी को सबसे ज्यादा बढ़त जयवंतनगर विधानसभा में मिली है। जसवंतनगर विधानसभा से शिवपाल यादव विधायक हैं। शिवपाल यादव ने कहा भी था कि अगर कहीं से कोई गड़बड़ी होगी तो जसवंतनगर संभाल लेगा। शिवपाल यादव का आशीर्वाद जसवंतनगर विधानसभा में मिल रहा है।

# कक्षा 1 से 7 के छात्रों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 22 दिसंबर से

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से सात के छात्रों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 22 दिसम्बर से शुरू होगी। इस संबंध में झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसकी जानकारी सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक-सह- अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को भी दे दी गई है। कक्षा एक से सात के छात्रों की अर्द्धवार्षिक परीक्षा 22 से 24 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। परीक्षा को लेकर कई निर्देश भी जारी किए गए हैं। इनमें सभी सरकारी एवं गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) प्रारंभिक विद्यालयों में परीक्षा का आयोजन करने,कक्षा एक एवं कक्षा दो की परीक्षा मौखिक रूप से कराने,कक्षा तीन से कक्षा सात के प्रश्न वस्तुनिष्ठ, लघुउत्तरीय और दीर्घउत्तरीय रखने, प्रथम पाली की परीक्षा 9.30 बजे पूर्वाहन से 11.30 बजे पूर्वाहन तक और द्वितीय पाली की परीक्षा 12 दोपहर से दो बजे अपराह्न तक करने सहित अन्य निर्देश शामिल है।

# सड़क दुर्घटना में मंत्री चम्पई सोरेन के करीबी धर्मा मुर्मू की मौत



**सरायकेला, (हि.स.)।** सरायकेला- खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड कार्यालय के समीप गुरुवार की सुबह सड़क में दुर्घटना में मंत्री चम्पई सोरेन के करीबी और प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष धर्मा मुर्मू की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार धर्मा मुर्मू मोटरसाइकिल से राजनगर से अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में हाता से चाईबासा की ओर जा रहे हाइवा की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हाइवा को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से झामुमो नेताओं का राजनगर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। धर्मा मुर्मू झामुमो के समर्पित कार्यकर्ता थे और मंत्री चम्पई सोरेन के विश्वासपात्रों में एक थे। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# कोडरमा स्टेशन पर चलती मालगाड़ी के पहिये में लगी आग

**कोडरमा, (हि.स.)।** कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 से गुजर रही मालगाड़ी के पहिये में अचानक आग लग गयी। घटना बुधवार देर रात की है। आनन-फानन में मालगाड़ी को स्टेशन पर ही रोका गया। घटना की सूचना कोडरमा स्टेशन मास्टर को दी गयी। सूचना पाकर वो घटनास्थल पर पहुंचे। रेल कर्मियों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया। इसके कारण परिचालन बाधित रहा। देर रात तक पैसेंजर और राजधानी ट्रेनें पिछले स्टेशनों पर ही रोकी गईं। मालगाड़ी के पहिये में आग कैसे लगी, इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। स्टेशन प्रबंधक एम के महाराज का कहना है कि अज्ञात कारणों के कारण मालगाड़ी के पहिये में आग लगी थी। फिलहाल इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया है।

# हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए जेएमएसडीसी के एमडी

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की खंडपीठ में गुरुवार को कोयला उठाव को लेकर तिरुपति इंटरप्राइजेज की ओर से दाखिल अवमानना वाद पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जेएमएसडीसी के एमडी अमित कुमार अदालत के समक्ष सशरीर उपस्थित रहे। उन्होंने कोर्ट को जानकारी दी कि कंपनी को कोयला का उठाव करने के लिए 45 दिनों की मोहलत दी गई है, जिसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सिकनी कोल माइंस से आवंटन होने के बाद भी कोयला नहीं मिलने को लेकर तिरुपति इंटरप्राइजेज ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सिकनीन (लातेहार) में वर्ष 2020 में एक लाख टन कोयले के आवंटन का आदेश हुआ था लेकिन तिरुपति इंटरप्राइजेज को 75 हजार 800 टन कोयला नहीं मिला। अब इस मामले की अगली सुनवाई की तिथि 20 दिसंबर मुकर्रर की गई है।

# आत्मनिर्भर हो रहा है भारत, हर जन तक पहुंचाना का स्वदेशी विचार : डॉ. सुरेन्द्र

**बेगूसराय, (हि.स.)।** देश भक्ति और स्वदेशी भाव के साथ सेवा करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने में हमारा परिवार काफी तेजी से कार्य कर रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों के बाद अब बिहार में भी बदलाव के लिए संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसी कड़ी में बेगूसराय के विकास विद्यालय में आयोजित परिवार मिलन समारोह में जिला इकाई का गठन किया गया है। इकाई गठन एवं परिवार मिलन कार्यक्रम में केंद्रीय टोली के कार्यकर्ता मेजर राज किशोर कुमार को बिहार प्रांत इकाई समन्वयक, एसबीआई के सेवानिवृत्त प्रबंधक रविन्द्र कुमार सिंह को संरक्षक, सोनू सिद्धार्थ को इकाई प्रमुख एवं विनय कुमार को सह इकाई प्रमुख मनोनीत किया गया। मिलन समारोह में विचार परिवार के कार्यकताओं से रूबरू होते हुए "हमारा परिवार" के संगठक डॉ. सुरेन्द्र जी ने कहा कि भाषा, वेशभूषा, कार्य और जीवन शैली स्वदेशी बनाना है। आज हमारा देश आत्मनिर्भर हो रहा है। सेना आत्मनिर्भर हो रहा है, अब अपने देश में ही ब्रह्मोस मिसाइल बन रहा है। पहले सभी हथियार विदेश से खरीदकर ही लाए जाते थे, लेकिन अब ना केवल अपने देश में ही बन रहे हैं, बल्कि विदेश भी हमसे खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा परिवार ऐसा संगठन है, जो परिवारिक मूल्यों की अभिवृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। उद्देश्य स्वदेशी विचार को पूरे देश में जन-जन तक पहुंचाना है। अच्छे-अच्छे लोगों को एक माला में पिरोने के लिए अपनी भूमिका निभानी है। समस्याओं के ऊपर देशभर में एक विचार देने का प्रयास कर रहे हैं कि समस्याएं गिनाने के बदले, हर कार्यकर्ता एक-एक समस्या को अपने हाथ में लेकर जब समाधान का प्रयत्न करेंगे तो परिणाम दिखाई देने लगता है। हम सब ने कहना शुरू किया है कि पहले करो तब बोलो। संगठन के शिक्षक प्रकोष्ठ प्रमुख-सह-दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अवधेश कुमार ने कहा कि अंधेरा को चीर कर आगे बढ़ने वाले हमेशा सकारात्मक सोचते हैं। सुसुप्त अवस्था में गए देशवासी के भाव को जगाते रहना है।

# नगर निकाय चुनाव में लोभ- लालच देने वालों पर सख्त निगरानी के लिए अधिकारियों की टीम गठित

**नवादा (हि स)।** कोर्ट - कचहरी में झूल रहे नगर निकाय चुनाव 2022 का मामला के बीच राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप नवादा जिला प्रशासन ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। बाल वालों के साथी चुनाव में लोभ लालच देने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई को लेकर अधिकारियों की टीम गठित कर दी गई। नवादा जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढ़ंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए डीएम उदिता सिंह, एसपी डॉ गौरव मंगला ने संयुक्तादेश जारी किया है। जिसमें उड़नदस्ता (एफ.एस.) तथा स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया है। वर्तमान में नगर पालिका आम निर्वाचन के अन्तर्गत वार्ड पार्षद के अलावा उप मुख्य पार्षद एवं मुख्य पार्षद के पद पर प्रत्यक्ष रूप से ईवीएम के माध्यम से मतदाताओं के द्वारा निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा। आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए जिला पप्रशासन सभी आवश्यक कदम उठायेगी। निर्वाचकों को डराने धमकाने, प्रभावित करने वाले और प्रलोभन देने वाले को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की जा रही है। निर्वाचकों को प्रभावित करने के लिए नगदी या उपहार जैसी कोई वस्तु का वितरण करने वालों पर आईपीसी की धारा 171 ख और ग के अन्तर्गत कार्रवाई होगी। निर्वाचन प्रक्रिया की सूचिता बनाये रखने के लिए आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रचार खर्च, नगदी या किसी वस्तु का वितरण, अवैध शराब का वितरण, असमाजिक तत्वों की आवाजाही पर सख्त निगरानी करने के लिए प्रत्येक नगर परिषद/नगर पंचायतों के लिए अनुमंडल स्तर पर कम से कम 02 फ्लाइंग स्कॉट टीम, उड़नदस्ता चेक नाका के अनुरूप स्टैटिक निगरानी दल का गठन किया गया है, जो मतदान की समाप्ति तक कार्यरत रहेगा। फ्लाइंग स्कॉट/स्टैटिक सर्विलांस टीम के नोडल पदाधिकारी के रूप में राज्यकर संयुक्त आयुक्त एवं वरीय प्रभारी पदाधिकारी के रूप में उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता को प्रतिनियुक्त किया गया है।प्रत्येक उड़नदस्ता टीम के साथ मजिस्ट्रेट पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बलों की काफी संख्या में शामिल किया गया है। नगर परिषद नवादा, वारिसलीगंज एवं नगर पंचायत रजौली के लिए अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। स्टैटिक सर्विलांस टीम के नोडल पदाधिकारी शिवनय कुमार राज्य कर संयुक्त आयुक्त एवं वरीय प्रभारी पदाधिकारी उज्ज्वल कुमार सिंह अपर समाहर्ता नवादा को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# कुढ़नी की जनता ने पलटू राम को सिखाया सबक, नीतीश कुमार नैतिक रूप से दे इस्तीफा : प्रमोद कुमार



**मोतिहारी, (हि.स.)।** मुजफ्फरपुर के कुढ़नी विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा की जीत पर मोतिहारी भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाया।मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रमोद कुमार एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय में उपस्थित कार्यकताओं को मिठाई खिला कर हर्ष जताया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि कुढनी के साथ ही गुजरात में पार्टी ने एक कृतिमान स्थापित किया। आजादी के बाद ऐसा प्रचंड बहुमत एक ऐतिहासक घटना है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ सबका विकास में जनता की पूर्ण आस्था है। कुमार ने कहा कि कुढ़नी में पार्टी की जीत नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के लिए एक सबक है। कुढ़नी की जनता ने पलटू राम और उनके साथियों को खूब सबक सिखाया है। इस करारी हार के बाद नीतीश कुमार को नैतिक रूप से इस्तीफा दे देना चाहिए। मौके पर पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, महामंत्री द्वय डॉ० लालबाबू प्रसाद एवं मार्तण्ड नारायण सिंह,जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, राकेश गुप्ता विनोद कुशवाहा,पंकज सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, योगेंद्र प्रसाद, अनुपम ठाकरे, सत्येंद्र कुशवाहा, आशीष पटवारी, नथुनी पाण्डेय, ऋषभ झा, अर्जुन कुमार, शिवम वर्मा, राजेश गिरी, राजकिशोर कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कनाडा में पंजाब की लड़की की गोली मारकर हत्या, परिजन बोले- 'हमें न्याय चाहिए'

**टोरंटो।** कनाडा में हाल ही के दिनों में एक पंजाब की 21 वर्षीय लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई



है। लड़की के माता-पिता का कहना है कि हमें बहुत अफसोस है कि हमने अपनी बेटी को कनाडा भेजा, हमें न्याय चाहिए। ब्रैम्पटन की रहने वाली पवनप्रीत कौर की तीन दिसंबर की रात मिसिसॉगा में पेट्रो कनाडा गैस स्टेशन के बाहर कई गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। पवनप्रीत के पिता देविंदर सिंह ने ओमनी पंजाबी चैनल से कहा कि हम सिर्फ अपनी बेटी के लिए न्याय चाहते हैं। हमें हमारी बेटी वापस तो नहीं मिलेगी, लेकिन जल्द से जल्द हत्यारे को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। जिस बेटी को हमने पालकर बढ़ा किया वह अब कभी हमारे पास वापस नहीं आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, पवनप्रीत 18 साल की उम्र में स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गई थी। सिंह ने कहा कि भारत में हर किसी के लिए अपने बच्चों को कनाडा भेजने का क्रेज है, इसलिए हमने बेटी को कनाडा भेजा था। ब्रैम्पटन में उनके रिश्तेदारों ने उन्हें उनकी बेटी की मौत की जानकारी दी। वहीं पवनप्रीत की मां जसवीर कौर का कहना है कि हमें अपनी बेटी को कनाडा भेजने का बेहद अफसोस है। जसवीर कौर ने भावुक होकर कहा कि हमने उसे कम उम्र में पढ़ने के लिए क्यों भेजा? हमें उसे अपने पास रखना चाहिए था। पील रीजनल पुलिस ने हाल ही में पवनप्रीत के हत्यारे को लेकर कुछ जानकारी साझा की है। पुलिस का कहना है कि संदिग्ध आरोपी ने डार्क विंटर जैकेट, डार्क विंटर बूट्स, डार्क पैंट्स और व्हाइट ग्लव्स पहने थे।

### परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ा : पुतिन



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि परमाणु युद्ध का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन जोर देकर कहा कि मॉस्को 'पागल' नहीं है, वह पहले परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करेगा। सूत्रों के अनुसार, रूस की वार्षिक मानवाधिकार परिषद की बैठक में पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में युद्ध एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है। मॉस्को से वीडियो लिंक के जरिए परमाणु युद्ध की संभावना पर बात करते हुए पुतिन ने चेताया, "ऐसा खतरा बढ़ रहा है, इसे छिपाना गलत होगा।" लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी परिस्थिति में हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा और अपने परमाणु शस्त्रागार से किसी को भी धमकी नहीं देगा। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि रूस के पास दुनिया में सबसे आधुनिक और उन्नत परमाणु हथियार हैं और उन्होंने अपनी परमाणु रणनीति की तुलना अमेरिका से की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि वह अन्य क्षेत्रों पर अपने परमाणु हथियारों का पता लगाकर रूस से आगे निकल गया था। हमारे पास अन्य देशों के क्षेत्र में सामरिक सहित परमाणु हथियार नहीं हैं, लेकिन अमेरिकियों के पास तुर्की और कई अन्य यूरोपीय देशों में हैं, उन्होंने कहा। पुतिन ने पहले जोर देकर कहा था कि रूस के परमाणु सिद्धांत में केवल परमाणु हथियारों के रक्षात्मक उपयोग की अनुमति है।

### व्हाइट हाउस ने ग्रीन कार्ड कोटा खत्म करने वाले विधेयक का किया समर्थन, भारतीय-अमेरिकियों को मिलेगा फायदा



**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने ग्रीन कार्ड कोटा खत्म करने वाले विधेयक पर संसद का समर्थन किया है। अगर अमेरिका यह देश संबंधी कोटा हटाता है तो इससे हजारों भारतीयों समेत आप्रवासियों को वहां की नागरिकता मिल सकती है। खासकर भारतीय आईटी पेशेवरों को फायदा होगा, जो बड़े पैमाने पर वहां काम करते हैं। वह इसके लिए ग्रीन कार्ड पर ही निर्भर हैं। भारतीयों को ग्रीन कार्ड को हासिल करने के लिए औसतन नौ साल का इंतजार करना पड़ता है। इस कानून का उद्देश्य है कि अमेरिकी नियोक्ता योग्यता के आधार पर लोगों को काम पर रखे, न कि उनके जन्म स्थान के आधार पर। विधेयक के पारित होने से भारतीय-अमरिकियों समेत हजारों आप्रवासियों को फायदा होगा। इसी हफ्ते प्रतिनिधि सभा में (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) में "इक्वल एक्सेस टू ग्रीन कार्ड्स फॉर लीगल एंप्लॉयमेंट (ईएजीएलई) एक्ट-2022' विधेयक पर वोटिंग होनी है। ईएजीएलई एक्ट रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड पर प्रत्येक देश के लिए अधिकतम समय सीमा को खत्म कर देगा। व्हाइट हाउस ने कहा, प्रशासन आप्रवासी वीजा प्रणाली में सुधार और आप्रवासी वीजा बैकलॉग के कठोर प्रभावों को कम करने के प्रयासों का समर्थन करता है।



# अमेरिका में भारतवंशी रमेश बलवानी को 13 साल की जेल

**वॉशिंगटन।**

मेरिकी कोर्ट ने भारतवंशी रमेश 'सनी' बलवानी को 13 साल की जेल की सजा सुनाई है। उन्हें अपनी पूर्व गर्ल फ्रेंड व अमेरिकी स्टार एलिजाबेथ होम्स द्वारा स्थापित ब्लड टेस्टिंग स्टार्टअप कंपनी थेरानोस के जरिए निवेशकों व पीड़ितों से धोखाधड़ी का दोषी माना गया है। बलवानी थेरानोस के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस मामले में होम्स को पिछले माह सजा सुनाई जा चुकी है।

57 वर्षीय बलवानी को कैलिफोर्निया की कोर्ट ने बुधवार को 12 साल 11 माह तक संघीय जेल में रखने का आदेश दिया। अमेरिकी अटॉर्नी स्टीफन हिंड्स ने बताया कि बलवानी ने थेरानोस

**पूर्व प्रेमिका एलिजाबेथ होम्स को भी सजा**

की भ्रामक ब्लड टेस्टिंग रिपोर्ट के जरिए मरीजों की जान को खतरे में डाला और निवेशकों के साथ लाखों डॉलर की धोखाधड़ी की। बार-बार प्रौद्योगिकी खामियों के बावजूद रमेश बलवानी और उनकी पूर्व गर्ल फ्रेंड एलिजाबेथ होम्स ने अपने निवेशकों और पीड़ितों को धोखा देना जारी रखा।

हिंड्स ने कहा कि देश के स्वास्थ्य तंत्र में मरीज की सुरक्षा व सेहत को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। सिलिकॉन वैली लंबे समय से हेल्थकेयर स्टार्ट-अप का केंद्र रही है। बलवानी ने सिलिकॉन वैली के अगुआ बनने की होड़ में रोगी की सुरक्षा से कहीं अधिक मूल्यवान व्यावसायिक सफलता और निजी कमाई को माना। बलवानी का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, लेकिन उनका परिवार भारत आ गया था। 1980 के दशक में वे पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने टेक्सास यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की।

**एलिजाबेथ होम्स को 11 साल की जेल, अप्रैल तक सरेंडर करने का वक्त**- एलिजाबेथ होम्स को इसी मामले में पिछले महीने जिला जज न्यायाधीश डेविला ने 11 साल और 3 महीने की सजा सुनाई थी। उसे 27 अप्रैल 2023 को जेल में सरेंडर करने का वक्त दिया गया है। जज डेविला ने बलवानी को भी सरेंडर करने के लिए 15 मार्च 2023 तक का वक्त दिया गया है। बलवानी को 155 माह जेल में रहने के साथ ही रिहाई के बाद तीन साल तक निगरानी में रखा जाएगा।

**37 की उम्र में 18 साल की एलिजाबेथ से हुआ था प्यार** - रमेश बलवानी 37 साल की उम्र में 18 साल की एलिजाबेथ होम्स से पहली बार मिले थे और दोनों को प्यार हो गया था। उन्होंने सितंबर 2009 से जुलाई 2016 तक पालो आल्टो स्थित ब्लड टेस्टिंग कंपनी में नौकरी की थी। इस कंपनी की स्थापना 2003 में एलिजाबेथ होम्स ने की थी। उस वक्त वह अमेरिका की उभरती अभिनेत्री थी।

### आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का साथ देगा अमेरिका

# पाक-अफगानिस्तान सीमा पर अड्डा जमा रहे आतंकवादी

**इस्लामाबाद।**

अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह आतंकवादी हिंसा का मुकाबला करने में पाकिस्तान की मदद करेगा। इस संकेत से यहां राहत महसूस की गई है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) को अपनी आतंकवादी संगठनों की सूची में डाल दिया है। साथ ही अफगानिस्तान-पाकिस्तान की सीमा से लगे इलाकों में अड्डा जमाए आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई का इरादा जताया है। इसके साथ ही उसने अल-कायदा इन द इंडियन सब-कॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) नामक संगठन के तीन नेताओं को प्रतिबंधित करने की घोषणा की है।



टीटीपी ने तीन दिन पहले ही पाकिस्तान सरकार के साथ अपने जारी युद्धविराम को तोड़ने का एलान किया था। साथ ही उसने अपने कमांडरों को आदेश दिया कि वे पूरे पाकिस्तान में हमले तेज कर दें।। इसके पहले 30 नवंबर को क्वेटा शहर में एक पुलिस ट्रक पर हुए हमले की जिम्मेदारी भी उसने स्वीकार की है। उस हमले में चार लोग मर गए थे। टीटीपी की इस घोषणा को पाकिस्तान सरकार के लिए एक तगड़ा झटका माना गया है। आशंका जताई गई है कि आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही शहबाज शरीफ सरकार के सामने टीटीपी ने अब एक नई चुनौती खड़ी कर दी है।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक अमेरिका अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से नाराज है। टीटीपी और पाकिस्तान के बीच बढ़े विवाद से उसे इस क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का मौका मिला है। लेकिन उसके इस कदम से पाकिस्तान सरकार को राहत मिली है। अमेरिकी घोषणा से शरीफ सरकार देश के अंदर यह बता सकेगी कि उसके रुख को दुनिया भर में समर्थन मिल रहा है। समाझा जाता है कि इससे अपने देश के भीतर भी उसे जन समर्थन जुटाने में मदद मिलेगी।

विश्लेषक अभी यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि अमेरिका के ताजा कदम से पाकिस्तान को असल में कितनी मदद मिलेगी। पेरिस स्थित पूर्व अफगान सुरक्षा अधिकारी अब्दुल जब्बार ने कहा है- 'अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान में जैसी भाषा का इस्तेमाल किया गया, उससे काबुल स्थित तालिबान सरकार को सख्त संदेश मिला है। इस बयान से संकेत मिलता है कि अब अमेरिका टीटीपी, अल-कायदा और संभवतः आईएसआईएस (खुरासान) के नेताओं को निशाना बनाने के लिए फिर से हवाई हमले शुरू कर सकता है।'

पिछले शुक्रवार को काबुल में पाकिस्तान के दूतावास पर हमला हुआ था। आईएसआईएस (के) ने उस हमले की जिम्मेदारी ली थी। उसके बाद बीते रविवार को इस संगठन के अखबार अल-अजायम में छपे एक लेख में पाकिस्तान के अंदर भी हमले करने की धमकी दी गई।

थिंक टैंक यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस से जुड़े वरिष्ठ विश्लेषक असफयंदर मीर ने कहा- 'इस कदम से संकेत मिलता है कि टीटीपी और अल-कायदा को लेकर अमेरिका की चिंता जारी है। इन दोनों गुटों को तालिबान का समर्थन और संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई को तालिबान को भेजे गए एक विरोध पत्र के रूप में देखा जाएगा।'

विश्लेषकों के मुताबिक तालिबान ने 2020 में अमेरिका के साथ दोहा में हुए करार को पिछले साल अगस्त में तोड़ते हुए काबुल पर कब्जा जमा लिया था। तब से अमेरिका उसे सबक सिखाने की कोशिश में है। पाकिस्तान के खिलाफ टीटीपी की कार्रवाइयों से उसे इस दिशा में पहल करने का मौका मिल गया है।

# यूएन में गूंजा 'दुनिया एक परिवार' का संदेश, स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख महाराज की जन्म शती मनी



**संयुक्त राष्ट्र।**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन और बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने बुधवार को संस्था के प्रमुख स्वामी जी महाराज की जन्म शती मनाई गई। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राजनयिकों ने स्वामी जी महाराज के संदेश 'दुनिया एक परिवार' के महत्व पर प्रकाश डाला।

संयुक्त राष्ट्र में अक्षर पुरुषोत्म संस्था के प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन और संदेश विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूएन के अधिकारियों और राजनयिकों ने कहा कि प्रमुख स्वामी जी महाराज दुनिया के सबसे महान आध्यात्मिक गुरुओं में से एक हैं। उनका जीवन, सेवा और करुणा के मूल्यों पर आधारित है। वक्ताओं ने समावेशी समाजों को विकसित करने के उद्देश्य से वैश्विक परियोजनाओं और सामाजिक-आर्थिक पहलों को प्रेरित किया।

यूएन में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा कि स्वामी जी का जीवन सच्चे अर्थों में मानवता को एक संदेश है। यह एकता का संदेश है, अच्छाई का जश्न मनाने का संदेश है, शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश है। वे भारत के सबसे महान आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में सम्मानित हैं। कंबोज ने कहा कि स्वामी जी ने 'विश्व एक परिवार है' के सिद्धांत को जिया और दुनिया को सिखाया।

**भगवान स्वामी नारायण के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे** - प्रमुख स्वामी महाराज भगवान स्वामीनारायण के पांचवें आध्यात्मिक उत्तराधिकारी थे। वे 1950 में बीएपीएस के अध्यक्ष बने। 2016 में 94 वर्ष की आयु में उनका अवसान हो गया था।

**जी-20 में भारत का ध्येय 'वसुधैव कुटुंबकम'** - भारतीय राजदूत कंबोज ने कहा कि 'दुनिया को एक परिवार' मानने का यह स्थायी दर्शन बाहरी दुनिया के साथ भारत के निरंतर संपर्क और विचारों के आदान-प्रदान का मार्गदर्शन करता है। भारत 'जी 20' का अध्यक्ष बना है और उसका केंद्रीय विषय या थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम' या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है।' उन्होंने कहा कि भारत वह देश है, जहां विविधता में एकता है। कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव मिगुएल मोराटिनोस का संदेश पढ़ा गया। इसमें उन्होंने कहा कि प्रमुख स्वामी महाराज ने पृथ्वी की सभी जरूरतों और कठिनाइयों को समझने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

# धार्मिक स्वतंत्रता की ब्लैकलिस्ट से भारत के बाहर होने पर पाक ने अमेरिका से जताई नाराजगी

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान ने गुरुवार को अमेरिका के देश को अपनी धार्मिक स्वतंत्रता ब्लैकलिस्ट में जोड़ने और भारत को इससे बाहर करने के हालिया फैसले पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि यह फैसला 'पाकिस्तान की जमीनी हकीकत से अलग' है।



रिपोर्ट के अनुसार, विदेश कार्यालय (एफओ) के प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच के हवाले से दिए गए एक बयान में, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि पाकिस्तान में 'अंतर-धार्मिक सद्भाव की समृद्ध परंपरा के साथ बहु-धार्मिक और बहुलवादी समाज' है।

पिछले हफ्ते, अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर पाकिस्तान, चीन, क्यूबा और निकारागुआ को ब्लैक लिस्ट (2021 से विशेष चिंता वाले देश) में डालते हुए संभावित प्रतिबंधों का रास्ता खोल दिया था।

एफओ प्रवक्ता ने पाकिस्तान को ब्लैकलिस्ट में डालने के अमेरिकी विदेश विभाग के 'एकतरफा और मनमाना' कहे जाने पर 'गहरी चिंता और निराशा' व्यक्त की।

द न्यूज ने बताया कि भारत को 'धार्मिक स्वतंत्रता का सबसे बड़ा उल्लंघनकर्ता' कहते हुए, उन्होंने सवाल किया कि यूएससीआईआरएफ द्वारा 'क्लियर रिकमेंडेशन' के बावजूद देश को ब्लैकलिस्ट से बाहर क्यों रखा गया।

सूत्रों ने बताया कि उन्होंने कहा, 'स्पष्ट चूक' पूरी प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता के बारे में गंभीर सवाल उठाती है और इसे एक व्यक्तिपरक और भेदभावपूर्ण अभ्यास बनाती है,।

एफओ प्रवक्ता ने इस पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ भारत के व्यवहार पर अंतर्राष्ट्रीय चिंता अमेरिकी कांग्रेस की कई सुनवाई और मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के विशेष प्रक्रिया जनादेश धारकों और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों की रिपोर्ट का विषय रही है।'

उन्होंने कहा कि हमने इस पदनाम के संबंध में अमेरिकी सरकार को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है।

# वेस्ट बैंक हमले में इस्राइली सेना ने तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराया, सैन्य चौकी पर किया था हमला

**रामल्ला।**

वेस्ट बैंक के शहर रामल्ला में गुरुवार को इस्राइल सैनिकों ने सैन्य चौकी पर हमला करने वाले तीन फिलिस्तीनियों को मार गिराया है। इस घटना की जानकारी इस्राइलन और फिलिस्तीनी अधिकारियों ने दी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस्राइली सेना ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में तड़के छापे के दौरान तीन फिलिस्तीनियों को मार डाला।

इस्राइली सूत्रों के मुताबिक कुछ दिन पहले रामल्ला के पास एक फिलिस्तीनी इस्राइली सैन्य चौकी पर गोलियां चलाने के बाद भाग गया था। जिसके बाद इस्राइल सेना ने उसको पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया था। सेना ने उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन शहर और उसके शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया। यह क्षेत्र फिलिस्तीनी आतंकवादियों का गढ़ है और इस्राइल ने हाल के महीनों में यहां छापेमारी तेज कर दी।



**फिलिस्तीनी आतंकवादी की गोली मारकर हत्या कर दी** - जेनिन और इस्राइली सेना के निवासियों के बीच 'टकराव और हिंसक झड़पें' हुईं। बुधवार को, इस्राइली सैनिकों ने ओफरा के वेस्ट बैंक बस्ती के पास एक फिलिस्तीनी आतंकवादी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद दो और फिलिस्तीनियों को गोली मार दी।

**फिलिस्तीनी गुटों का हड़ताल का आह्वान**- वहीं शहर में फिलिस्तीनी गुटों ने मृतकों का शोक मनाने और उनके परिवारों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हड़ताल का आह्वान किया है। इस वर्ष वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इस्राइल-फिलिस्तीनी लड़ाई में 140 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जो 2006 के बाद से सबसे बुरा साल है। इस्राइली सेना का कहना है कि मारे गए ज्यादातर फलस्तीनी चरमपंथी हैं। लेकिन इस्राइली सेना की घुसपैठ का विरोध कर रहे पथराव करने वाले युवक और टकराव में शामिल नहीं होने वाले अन्य लोग भी मारे गए हैं।

# नेपाल में सियासी जोड़तोड़ का दौर, सौदेबाजी में जुटी हैं सियासी पार्टियां

**काठमांडू।**

नेपाल के संसदीय आम चुनाव में किसी गठबंधन को पूरा बहुमत ना मिलने से देश में राजनीतिक अस्थिरता खड़ी होने का अंदेशा बढ़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक सभी बड़ी और छोटी पार्टियां सरकार बनाने और उसमें अपने लिए सौदेबाजी के मकसद से परदे के पीछे बातचीत कर रही हैं।

चौथी बड़ी सबसे पार्टी के रूप में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता रवि लमिछाने ने कहा है कि उन्होंने अपने विकल्प खुले रखे हैं। लमिछाने एक टीवी स्टार थे, जिन्होंने आरएसपी बनाई। इस पार्टी ने इस आम चुनाव में सबको चौंकाते हुए बड़ी सफलता पाई है।

आरएसपी की ही तरह राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने किसी दल या गठबंधन को समर्थन देने के सवाल पर अभी चुप्पी साध रखी है। पार्टी के

**नेपाल सदन में 275 सीटें हैं, सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियों को मिला कर 136 सीटें मिली हैं जिसमें अभी भी दो सीटें कम हैं**

नेता मोहन श्रेष्ठ ने कहा है- 'अगर ऐसी स्थिति पैदा होती है, जिसमें हमारे समर्थन के बिना सरकार बनना संभव ना हो, तब हम इस पर विचार करेंगे।'

जनता समाजवादी पार्टी ने भी संकेत दिया है कि वह किसी भी पार्टी या गठबंधन से जुड़ने को तैयार है। इस पार्टी ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल



(यूएमएल) से चुनावी गठबंधन किया था। लेकिन पार्टी के नेता उपेंद्र यादव ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होने के साथ ही चुनावी गठबंधन की उपयोगिता खत्म हो गई है। उन्होंने कहा- 'हमने उन्हें कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में समर्थन दिया। बदले में कुछ क्षेत्रों में उन्होंने हमारा समर्थन किया। चुनाव खत्म होते ही यह अध्याय खत्म हो गया। अब आगे के रास्ते के बारे में हम नए सिरे से विचार करेंगे।'

इस चुनाव में दो और नई पार्टियां उभर कर आई हैं। ये हैं- जनमत पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी। बताया जाता है कि ये दोनों पार्टियों सभी बड़े दलों के संपर्क में हैं। पर्यवेक्षकों के मुताबिक जिन बड़ी पार्टी या गठबंधन से इन्हें बेहतर ऑफर मिलेगा, ये उसकी तरफ झुक जाएंगी।

नेपाली कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एकजुट रहने का सार्वजनिक संकल्प जताया है। अगर इस वादे पर पांच दलों का यह गठबंधन कायम रहा, तो उसे सरकार बनाने के लिए सिर्फ तीन सीटें जुटानी होंगी। ऐसा वह किसी एक या दो छोटे दल को साथ लेकर करने में सक्षम हो जाएगा। लेकिन नेपाली कांग्रेस की चिंता इन जारी चर्चाओं के कारण बनी हुई है कि गठबंधन में शामिल दूसरी सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) अभी भी यूएमएल से संपर्क में है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक माओइस्ट सेंटर के नेता पुष्प कमल दहल प्रधानमंत्री बनने की गोटियां खेल रहे हैं।

नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के आम चुनाव के लिए 20 नवंबर को वोट डाले गए थे। इस सदन में 275 सीटें हैं। सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियों को मिला कर 136 सीटें मिली हैं। ऐसे में गठबंधन के एकजुट रहने पर उसकी सरकार बनने की संभावना मजबूत है।

राजनीतिक विश्लेषक झलक सुबेदी ने कहा कि यूएमएल को मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने का जनादेश मिला है। लेकिन फिलहाल माहौल ऐसा है कि सभी पार्टियां सत्ता में आने के मौके की तलाश में नजर आ रही हैं।

# दक्षिण सूडान में हिंसा से हजारों नागरिक पलायन को मजबूर : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।**

संयुक्त राष्ट्र की एक प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण सूडान के ऊपरी हिस्सों में हिंसा ने कई लोगों को देश से भागने या छिपने के लिए मजबूर कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की सहयोगी प्रवक्ता स्टेफनी ट्रेमब्ले ने कहा, 'स्थानीय उत्तरदाताओं के अनुसार, नए विस्थापितों में से कम से कम 75 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं।'

'नए आगमन की यह वृद्धि हमारे भागीदारों की पहले से ही सीमित क्षमता पर उन्हें समर्थन देने के लिए अतिरिक्त दबाव डालती है।'

रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के अंतरिम मानवीय समन्वयक पीटर वान डेर औवेर्ट ने जारी हिंसा की कड़ी निंदा की, जिसमें 9,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। अगस्त में संकट शुरू होने के बाद से 2,300 से अधिक विस्थापित लोग मलकाल संरक्षण स्थल पर भाग गए। ट्रेम्बले ने कहा, 'अमेरिका और उसके मानवीय सहयोगी भोजन, पानी तक पहुंच, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं।'

'हालांकि, असुरक्षा हजारों लोगों को सहायता देने की हमारी क्षमता में बाधा डाल रही है।' उन्होंने कहा कि कुछ मानवीय मूल्यांकन मिशन स्थगित कर दिए गए हैं। कुछ क्षेत्रों में, हिंसा के परिणामस्वरूप मानवीय कार्यकर्ताओं का स्थानांतरण हुआ और मानवीय सुविधाओं और आपूर्ति की लूट हुई। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और उसके सहयोगियों ने कहा कि वे धन की भारी कमी के बावजूद अपना सहयोग बढ़ा रहे हैं।

# गुजरात चुनाव परिणामों का अन्य राज्य भी करेंगे अनुसरण : मनोहर लाल

## प्रधानमंत्री की कार्य-पद्धति व नीतियों से जनता संतुष्ट

**गुरुग्राम ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गुजरात चुनाव में भाजपा की अब तक कि सबसे बेहतर लीड से पूरे देश में एक अच्छा संदेश गया है। जिसका अन्य राज्य भी अनुसरण करेंगे। वे गुरुवार को गांव दमदमा में जैव विविधता पार्क के निर्माण एवं दमदमा झील के पुनर्निर्माण के लिए हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट व ई-वाई फाउंडेशन के बीच हुए एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम बाद मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्य पद्धति व जनता के हित में किए गए कार्यों की उपलब्धियों को लेकर जनता बहुत उत्साहित व संतुष्ट है। खासकर गुजरात जैसे प्रदेश में, जहां से स्वयं प्रधानमंत्री संबंध रखते हैं, वहां भारतीय जनता पार्टी का इतना लंबा शासन चल रहा है, उसका श्रेय पूर्ण रूप से वहां की जनता, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं व प्रधानमंत्री को जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में भी दोपहर तक नेक टू नेक मुकाबला चल रहा है। सही आकंड़े चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता लग पाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी आशा है हिमाचल में भी भाजपा की सरकार फिर से चुनकर आ रही है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के दिल्ली एमसीडी के चुनाव परिणाम के संबंध



में पूछे गए सवाल पर कहा कि दिल्ली में पहले से आम आदमी पार्टी की सरकार चल रही है। अगर वहां उनको कोई चुनावी सफलता मिली है तो उसका एक कमबाइंड सा रिजल्ट रहता है। लेकिन बाकी किसी प्रदेश में उनको कोई सफलता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आदमपुर उपचुनाव में आम आदमी पार्टी प्रत्यासी की जमानत जब्त हो गई थी, जिसमे डेढ़ लाख वोट में से उन्हें मात्र 3500 वोट ही मिले। गुजरात व हिमाचल के चुनाव परिणाम में भी उन्हें कोई खास सफलता नहीं मिली है। एक दो राज्यों में जहां उन्हें सफलता मिली है, उसके अलग से विशेष कारण है। जनता बहुत समझदार है, जिस प्रकार की व्यवस्था का आम आदमी पार्टी प्रचार कर रही है, जनता कभी उसको स्वीकार नहीं करेगी।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष वड़िंग बोले

# हिमाचल के नतीजे उत्साहजनक, गुजरात में भाजपा-आप में था फिक्स मैच



**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने हिमाचल प्रदेश में पार्टी की जीत पर खुशी व्यक्त की और कहा है कि यह पूरे देश और खासकर पड़ोसी राज्य पंजाब के कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह बढ़ाने वाली है। इसके साथ ही वड़िंग ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर एक-दूसरे की मदद करने के इतिहास को आगे बढ़ाया है। इन दोनों का फिक्स मैच सबके सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि पहले दिन से कोई शक नहीं था कि आप गुजरात में भाजपा के मदद का काम कर रही है और यह अब सबके सामने आ चुका है जबकि हिमाचल में आप का कोई आधार नहीं है और कांग्रेस ने आसानी से भाजपा को खुड्डे लाइन लगा दिया। उन्होंने कहा कि इन नतीजों में एक बड़ी बात यह भी सामने आई है कि आप का गुब्बारा फूट चुका है। लोगों ने पंजाब के खजाने पर बोझ डालकर किए गए झूठे और फर्जी प्रचार को समझ लिया है। वड़िंग ने कहा कि यह जीत पंजाब के कार्यकर्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन्होंने वहां (हिमाचल प्रदेश में) सख्त मेहनत की थी और अब नगर निगम चुनाव से पहले खुद को और अधिक उत्साहित महसूस कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह कांग्रेस और भाजपा के बीच मुकाबला था, क्योंकि दोनों दल राज्य में जीत चुकी हैं और उन्हें भरोसा है कि पार्टी (कांग्रेस) अन्य राज्यों में होने वाले आगामी चुनावों में अपने अनुपात में और सुधार करेगी। वड़िंग ने उम्मीद जताई कि यह कांग्रेस के लिए एक नई शुरुआत बनेगी और हिमाचल के नतीजे अगले साल होने वाले कई विधानसभा चुनावों व 2024 के आम चुनाव का मार्ग तैयार करेंगे।

# पार्टी में अनुशासन कायम रखना प्राथमिकता व्यक्ति विशेष बाद में : कांग्रेस प्रभारी रंधावा

**जयपुर ( हिंस )।** हाल ही में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी नियुक्त हुए सुखजिंदर रंधावा गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए जयपुर पहुंचे। रंधावा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी आज वही काम कर रहे हैं जो कभी आजादी से पहले कांग्रेस ने किया था। उन्होंने राजस्थान को लेकर कहा कि अभी यात्रा चल रही है। इसके बाद सबसे पहला काम पार्टी में अनुशासन कायम करना होगा, व्यक्ति विशेष उनके लिए बाद में आते हैं। राजस्थान में कांग्रेस में जिस तरह से सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच अदावत सामने आ रही है, वह किसी से छिपी नहीं है। पायलट और गहलोत के विवाद के बीच प्रभारी अजय माकन ने भी अपना इस्तीफा दे दिया। इस मसले पर रंधावा ने साफ शब्दों में कहा है कि उनकी प्राथमिकता पार्टी में अनुशासन कायम करना है, इसके बाद अन्य कार्य। सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा चल रही है, उसमें हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। छोटे से लेकर बड़े, बच्चों से लेकर बुजुर्ग और महिलाएं सब इसमें शामिल हैं। रंधावा ने कहा कि कांग्रेस आज वही कर रही है जो उसने आजादी से पहले किया था। कांग्रेस संगठन को मजबूत करने को लेकर रंधावा ने कहा कि अभी तो यात्रा चल रही है, इसके बाद पीसीसी ब्लॉक कमेटी और अन्य कमेटियों को मजबूत किया जाएगा। यात्रा खत्म होने के बाद राजस्थान में सभी नेताओं के साथ बैठ कर विशेष चर्चा की जाएगी और रणनीति बनाई जाएगी। किस तरह से आगे काम किया जाए। खासकर जो खाली पद पड़े या जो कमेटियां बननी बाकी है उस काम को पूरा किया जाएगा। रंधावा ने कहा कि कांग्रेस के काम को जनता ने देखा है। उस काम से प्रदेश की आम जनता काफी खुश है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है और आगे भी मिले इसको लेकर काम किया जाएगा। सरकार ने इन 4 सालों में जो काम किया है वह जनता के बीच ले जाना होगा, प्रचार-प्रसार हमें करना होगा। अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को लाभ मिले इसके लिए भी लगातार काम करने की जरूरत है। जनता को यह दिखाना होगा कि सरकार ने किस किस तरह से उनके लिए काम किया है।

# महंगी कारों के शहर गुरुग्राम में साइकिल चलाने वालों के लिए जताई गई चिंता


**गुरुग्राम ( हिंस )।** शहर में इन दिनों साइकलिंग के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत जैसे जरूरी विषय को लेकर गुरुवार को टू व्हील्स गुरुग्राम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम और कला प्रदर्शनी का आयोजन सस्टेनेबल मोबिलिटी नेटवर्क ने किया, जो 20 से ज्यादा ऐसे संगठनों का देशव्यापी नेटवर्क है। यह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाने वाले परिवहन और यातायात के साधनों की दिशा में काम करते हैं। इस कार्यक्रम में साइकिल चालकों और उनकी सुरक्षा को लेकर चर्चा को गति देने के लिए एक समूह चर्चा की गई। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट गुरुग्राम दर्शन यादव, राहगिरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक एवं ट्रस्टी सारिका पांडा भट्ट, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी, परपज क्लाइमेट लैब के निदेशक हरप्रीत बग्गा, सेफ्टीपिन के सह-संस्थापक एवं सीईओ कल्पना विश्वनाथ ने भाग लिया। अपने संबोधन में सिटी मजिस्ट्रेट दर्शन यादव ने कहा कि किसी भी नियोजित



शहर की योजना बनाने से पहले उसके बारे में एक स्पष्ट विजन होना जरूरी है। टू व्हील्स गुरुग्राम को साकार करने के लिए हमें संभावनाओं को समझना होगा और फिर उसके लिए एक आदर्श विजन तैयार करनी होगी। हमें गुरुग्राम में ऐसी कम से कम दस सड़कों की पहचान करनी होगी, जिन्हें बेहतर साइक्लिंग और वॉकिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इसके बाद हम डिजाइनरों और आर्किटैक्ट्स को जोड़कर इन योजनाओं को साकार कर सकते हैं। समर्थयम नेशनल सेंटर फॉर एक्सेसिबल एन्वायरनमेंट्स की निदेशक निधि मदान ने कहा कि किसी भी सस्टेनेबल शहर की योजना बनाने के लिए हमें विभिन्न पहलुओं पर विचार करना चाहिए। यदि यह काम ठीक से हो गया तो हम न सिर्फ साइकिल फ्रेंडली शहर बना सकते हैं, बल्कि एक सस्टेनेबल और लिवेबल सिटी को भी तैयार करने में सक्षम बन जाएंगे। सारिका पांडा भट्ट ने कहा कि हम पिछले कई वर्षों से गुरुग्राम को साइक्लिंग के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन इतना ही काफी नहीं है। साइकिल सवारों का अपनी जान से हाथ धोना जारी है। शहर में अन्य रोड इंफ्रास्ट्रक्चर काफी प्रभावी है। अब समय आ गया है कि हम इस बात को स्वीकार करें कि शहर में साइक्लिस्टों की संख्या काफी है। उन्हें बेखौफ होकर शहर में यहां से वहां साइकिल की सवारी करने की आजादी मिलनी चाहिए। चर्चा में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएल) के मुताबिक सिर्फ 8 फीसदी भारतीय परिवारों के पास ही गाड़ियां हैं। 50 फीसदी से ज्यादा लोग बाइसाइकिल का ही इस्तेमाल करते हैं। इनमें से ज्यादातर साइकिल मालिकों में वे लोग भी शामिल हैं, जो जीवनयापन के साधन तक साइकिल से पहुंचते हैं।

# हार के बाद गुजरात कांग्रेस प्रभारी ने दिया पद से इस्तीफा

**जयपुर ( हिंस )।** गुजरात कांग्रेस के प्रभारी डॉ. रघु शर्मा ने विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखकर भेजे इस्तीफे में कहा हैं कि वे गुजरात में कांग्रेस की अप्रत्याशित हार की संपूर्ण जिम्मेदारी लेते हैं और आज इस पद से इस्तीफा दे रहे हैं। शर्मा ने खड़गे से इस्तीफे को मंजूर करने का आग्रह किया है। शर्मा राजस्थान के पूर्व चिकित्सा मंत्री हैं और केकड़ी से विधायक है। रघु शर्मा को अक्तूबर 2021 में गुजरात कांग्रेस प्रभारी बनाया गया था। इसके बाद उन्होंने राजस्थान के मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और गुजरात में सक्रिय हो गए थे। आज गुजरात चुनाव के नतीजे आए हैं और वहां कांग्रेस को अब तक की सबसे अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा है और उनका आंकड़ा बीस भी पार नहीं कर पाया है। ऐसे में शर्मा ने खुद इस हार की जिम्मेदारी ली और पद से इस्तीफा दे दिया। गुजरात में उनका



ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

DR. RAGHU SHARMA, MLA

8 दिसम्बर 2022

आदरणीय खरगे जी

गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार की मैं सम्पूर्ण नैतिक जिम्मेदारी लेता हूं। तथा गुजरात प्रभारी पद से इस्तीफा दे रहा हूं। आपसे प्रार्थना है कि मेरा गुजरात प्रभारी के पद से मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें।

आदर सहित

भवदीय

(डा० रघु शर्मा)

आदरणीय श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी
अध्यक्ष
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
नई दिल्ली

प्रतिलिपि सूचनार्थ - श्री के०सी० वेणुगोपाल जी
महासचिव (संगठन)

पाटीदार नेता और गुजरात कांग्रेस के तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल से विवाद भी हुआ और पटेल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। पटेल भी गुरुवार को आए नतीजों में भाजपा से विधायक बन गए हैं। कांग्रेस नेता रघु शर्मा केकड़ी से दूसरी बार विधायक बने हैं। वे अजमेर से सांसद भी रह चुके हैं। 2017 के लोकसभा उपचुनाव में वे सांसद बने थे। वे 2008 में पहली बार विधायक चुने गए थे। इसके बाद उन्हें सरकारी मुख्य सचेतक बनाया गया था और 2018 में कांग्रेस सरकार बनने पर उन्हें चिकित्सा मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने चुनावी नतीजों के साथ ही हाथ से लिखकर अपना इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा है। शर्मा ने अपने इस्तीफे में लिखा कि आदरणीय खड़गे जी, गुजरात विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित हार की मैं संपूर्ण नैतिक जिम्मेदारी लेता हूं तथा गुजरात प्रभारी पद से इस्तीफा दे रहा हूं। उन्होंने आगे लिखा है कि आपसे प्रार्थना है कि मेरा गुजरात प्रभारी के पद से इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें।

## नौजवानों से वादे पर कांग्रेस सरकार और राहुल गांधी कब खरा उतरेंगे : पूनियां

**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी से चौथा सवाल पूछा। उन्होंने पूछा कि राजस्थान के नौजवानों से जो वादा किया गया, उस वादे पर कांग्रेस सरकार और राहुल गांधी कब खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक तीन सवालों के लिए राजस्थान की सरकार और खुद राहुल गांधी निरुत्तर हैं। पिछले दिनों पूछे गये तीनों सवालों की जो फितरत और बानगी है वह सबने देखी है, कल जिस तरीके से हिंडौन की दशा आप सब लोगों ने देखी थी, लेकिन आज मेरा चौथा सवाल है कि राजस्थान के उन बेरोजगारों के हक में, सर्वाधिक बेरोजगारी राजस्थान में।

# शेरगढ़ शादी में गम .. रात को होनी है शादी, दोपहर में गैस सिलेंडर रिसाव के साथ विस्फोट, 40 घायल

**जोधपुर ( हिंस )।** जिले के निकटवर्ती शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में गुरुवार की दोपहर में शादी वाले घर में गैस सिलेंडर रिसाव के साथ आग लग गई। देखते ही देखते फैली और गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। दो सिलेंडर ब्लास्ट हुए है। आग से शाम तक 40 लोगों से झुलसने की खबर मिली है। इसमें महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा है। सभी के जोधपुर के एमजीएच में रैफर किया गया है। सामान्य रूप से झुलसे लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर घटना की जानकारी जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, शेरगढ़ एसडीएम सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचने के साथ एमजीएच पहुंचे। जन प्रतिनिधियों ने हादसे पर दुख जताया है। हादसे में दूल्हा भी झुलसा है। बालसेर वृताधिकारी राजूराम ने बताया कि शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में सगतसिंह पुत्र पूंजराज सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह की आज शादी होनी है। बारात रवाना होने से पहले घर में खाना बनाने का काम चल रहा था और साथ ही महिलाओं और बच्चों द्वारा टेंट के पास में खाना खाया जा रहा था। कंदोई के पास में टेंट में रखे सिलेंडर में गैस रिसाव के बाद आग लग गई। जब तक उसे बुझाया जाता तब तक वह बेकाबू हो गई। आग इतनी तेजी से फैली की पास में रखा एक अन्य सिलेंडर भी आग की चपेट में आकर सुलगने लगा। देखते ही देखते सिलेण्डरों में विस्फोट हो गया। वृताधिकारी राजूराम के अनुसार प्रथम दृष्टया दो गैस सिलेण्डरों में विस्फोट होना सामने आ रहा है। शादी समारोह में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा थी। तकरीबन 40 लोग आग की चपेट में आकर झुलसे है। सभी को पहले सेतरावा और शेरगढ़ चिकित्सालय भेजा गया। जहां से जोधपुर रैफर किया गया है। एमजीएच में उनका उपचार किया जा रहा है। इधर हादसे की जानकारी पर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, शेरगढ़ एसडीएम आदि वहां पहुंचे। एमजीएच पहुंच कर हालात का जायजा लिया। शहर विधायक मनीषा पंवार, शेरगढ़ की विधायक मीना कंवर भी एमजीएच पहुंचे है।

# बेकाबू बस की चपेट में आने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर ग्रामीण जिले के जोबनेर थाना इलाके में बेकाबू निजी बस की चपेट में आने से तीन सगे भाई बहनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान बस चालक मौके पर बस को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। एएसआई लेखराम ने बताया कि हादसा थाना इलाके में स्थित आसलपुर तिराहे के पास हुआ था। जहां शादी समारोह में भाग लेने के लिए बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे पप्पू राम गुर्जर(45), बनवारी लाल गुर्जर(25) और बाली देवी (30) को बेकाबू बस ने तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान चालक मौके से भाग गया। वहीं बस में कुछ गुस्साए लोगों ने सवारी उतरने के बाद तोड़फोड़ की। बस में सवार सभी लोगों को दूसरी बस से करौली भेज दिया हैं। वहीं बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतरे और रास्ता जाम कर मुआवजे की मांग की। जानकारी मिलने पर एसडीओ जोबनेर मौके पर पहुंचे और परिवार के लोगों से समझाइश की। इसके बाद परिजनों के मौजूदगी में मृतकों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# सुपारी लेकर पंजाब के व्यापारी को मारने निकला था आशीष

**कैथल ( हिंस )।** मंगलवार को गांव फरल में हुई युवक की हत्या के बाद पुलिस ने सुपारी लेकर हत्या करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 3 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सोनीपत के रहने वाले मृतक आशीष ने पंजाब में रहने वाले एक व्यापारी की हत्या करने की सुपारी ली थी। लेकिन मंगलवार को शराब के नशे में उसके साथियों ने ही उसका कत्ल कर दिया था। गुरुवार को एसपी मकसूद अहमद ने बताया कि 5 दिसंबर को फरल में डेरा भाग सिंह के पास अज्ञात लोगों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी थी। डेरा भाग सिंह निवासी पलविंदर सिंह ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। मृतक की पहचान 22 वर्षीय आशीष पुत्र



छत्रपाल निवासी गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत के रूप में हुई थी। एसपी ने बताया कि जांच सीआईए-वन पुलिस को सौंपी गई थी। सीआईए-वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर बीरभान की अगुवाई में मामले की जांच दौरान एसआई ईश्वर की टीम इस कत्ल के मामले में लवदीप उर्फ दीप पुत्र दलजीत निवासी कौत जिला मोगा पजांब, गुरप्रीत उर्फ गोपी पुत्र कश्मीर सिंह निवासी फरल व कुरुक्षेत्र में रह रहे शहनवाज आलम उर्फ बबाब पुत्र रियाज आलम निवासी रामपुर जिला किशनगंज पश्चिम बगांल को गिरफ्तार कर किया है। एसपी ने बताया कि मृतक आशीष लगभग डेढ़ महीने से घर से लापता था। वह सोनु निवासी बाली ब्राह्मण गोहाना जिला सोनीपत के जरिए लवदीप, गुरप्रीत, शहनवाज के संपर्क में आया था। गिरफ्तार किए गए युवकों ने बताया कि लवदीप, गुरप्रित, शहनवाज व मृतक आशीष ने मिलकर सोनु निवासी बाली ब्राह्मण गोहाना जिला सोनीपत के कहने पर पटियाला में किसी व्यापारी का मर्डर करना था। जिस संबंध में ये मिलकर रैकी कर चुके थे। 5 दिंसबर को लवदीप व आशीष ने ठेका फरल से शराब ली व वहीं इकटठा बैठ कर शराब पी थी। इसी दौरान लवदीप व आशीष की आपस में पैसों को लेकर कहासुनी हो गई थी।

# बॉर्डर एरिया से हेरोइन लाकर करते थे सप्लाई, पुलिस ने 2 को दबोचा

**जालंधर।** जिला देहात पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक महिला समेत 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 70 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उनकी एक्टिवा भी पुलिस द्वारा अपने कब्जे में ले ली गई है। क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई पुष्प बाली ने बताया कि पकड़े गए दोनों नशा तस्कर बॉर्डर एरिया से हैरोइन लाकर जालंधर के अलग-अलग इलाकों में सप्लाई करते थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मिली सूचना के तहत जालंधर से कपूरथला रोड पर एसआई जसविंदर सिंह के नेतृत्व में की गई नाकाबंदी के दौरान कपूरथला साइड से आ रही एक्टिवा को चैकिंग के लिए रोका गया। एक्टिवा को चलाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम सतनाम सिंह उर्फ सत्ता पुत्र जरनैल सिंह निवासी गांव लाटियांवाल थाना सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला और उसके पीछे बैठी महिला ने अपना नाम स्वर्ण कौर पत्नी बलवीर सिंह निवासी गांव अब्दुल्लापुर नजदीक बड़ी मियानी थाना टांडा जिला होशियारपुर बताया। एक्टिवा की तलाशी लेने पर 70 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। एसआई बाली ने बताया कि दोनों के खिलाफ थाना मकसूदां में 149 नंबर एफआईआर दर्ज की गई है। जांच में पता चला है कि सतनाम सिंह सत्ता के खिलाफ पहले भी थाना सुल्तानपुर लोधी जिला कपूरथला एवं थाना भैणी मीया खां जिला गुरदासपुर में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं।

# शरद ऋतु में प्रवासी पक्षियों का दिखाई देना बहुत ही मनोरंजक दृश्य

**कुरुक्षेत्र ( हिंस )।** शरद ऋतु में उत्तरी भारत में प्रवासी पक्षियों का आगमन एक बहुत ही महत्वपूर्ण नैसर्गिक प्रक्रिया है। शरद ऋतु में प्रवासी पक्षियों का दिखाई देना बहुत ही मनोरंजक दृश्य प्रस्तुत करता है। हरियाणा राज्य के विभिन्न जिलों के विभिन्न जलाशयों में प्रवासी पक्षियों का शीतकालीन प्रवास एक आम बात है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं पूर्व वैज्ञानिक पक्षीविज्ञान, सलीम अली पक्षीविज्ञान एवं प्रकृति विज्ञान केंद्र कोयम्बटूर डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि प्रवासी पक्षियों की दृष्टि से कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा तहसील के थाना ग्राम में एक बहुत बड़ा जलाशय है जो लगभग 80 से 100 एकड़ में फैला हुआ है। इस तालाब में विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षी जैसे राजहंस, कॉटन टील, श्वेताक्ष पोचार्ड, ब्राह्मणी बत्तख, सूची पूछ बत्तख, सामान्य टील, नीलपक्ष टील, सिख पर बतख, बेखुर बतख, चेता बतख, नकटा, छोटी सिल्ही, मैलार्ड, गैडवल, विजियन, शिखी पोचार्ड, पिंक शीर्ष बत्तख, रक्तशिखी



पोचार्ड, सरपट्टी सवन, सिलेटी सवन, तिदारी बत्तख, करछिया बगुला, ग्लॉसी आईबिस, चमचा, घोंघिल इत्यादि अपने शीतकालीन प्रवास करते हैं जोकि सुदूर प्रदेशों जैसे एशिया, रूस, साइबेरिया, कैस्पियन सागर, चीन तथा पश्चिम एशिया से यहां आते हैं। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि थाना प्राकृतिक तालाब जो कि एक झील की भांति प्रतीत होता है उसके अंदर प्रवासी पक्षियों को अपनी तरफ आकर्षित करने की क्षमता है। डॉ. तरसेम कौशिक ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पिहोवा खंड में स्थित थाना गांव के प्राकृतिक तालाब को प्रथम कम्युनिटी रिजर्व घोषित किया था ताकि तालाब में पाई जाने वाली जैवविविधता को संरक्षित किया जा सके। इस प्राकृतिक तालाब को गोल्डन जुबली ब्रह्मसरोवर कम्युनिटी रिजर्व के नाम से नवाजा क्योंकि यहाँ के ग्रामीण इस प्राकृतिक तालाब को ही वास्तविक ब्रह्मसरोवर मानते हैं। यह तालाब आध्यात्मिक व जैवविविधता की दृष्टि से समृद्ध है।एक तरफ तो इस तालाब में प्रवासी पक्षी शीतकालीन प्रवास के लिए आते हैं दूसरी तरफ यहां सॉफ्ट शेल टर्टल भी पाए जाते हैं। इस तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य काफी समय से चल रहा है परंतु फिर भी यह प्राकृतिक तालाब प्रवासी पक्षियों को अपनी तरफ आकर्षित करने में असमर्थ रहा है।

eCF No.245339/18

**E-TENDER NOTICE**

*(to be published in newspapers/website)*

General Administration (Secretariat Nazarat) Department, JanataBhawan, Assam, Guwahati-6 invites bids in e-tendering two-bid system affixing court fee stamp of Rs. 8.25 only from reputed, experienced, financially sound, established agencies/firms/organizations/associations for outsourcing of liftmen service for the lifts located in the Blocks- A,B,C,D,E,F& CM's Secretariat for the period of 2 (two) years as mentioned in the bidding document. The bid document is available online from 07/12/2022 to 17/12/2022 up to 5:00 PM and the bid should be submitted online in **https:// gem.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA) as indicated in the website: **https:// gem.gov.in.**

The Last Date/ Time for receipt of bids through e-tender is 17/12/2022 up to 5:00 PM. For further details please log on to https:// gem.gov.in.

The details terms & condition for the tender, procedure for application etc. may be downloaded from the departmental website **www.gad.assam.gov.in.**or from **https:// gem.gov.in.**

Sd/-
Joint Secretary to the Govt. of Assam
General Administration Department

**-- Janasanyog /C/15576/22**



# बॉट बाजारों में करीब 490 रुपये में बिक रहा 6 लाख भारतीयों का डेटा

**नई दिल्ली।**
बॉट बाजार के फलने-फूलने के साथ ही कम से कम 6 लाख भारतीयों का डेटा चोरी हो गया है। एक भारतीय की डिजिटल पहचान की औसत कीमत लगभग 490 रुपये है। इसका खुलासा गुरुवार को साइबर सिक्योरिटी के शोधकर्ताओं ने किया। साइबर सुरक्षा कंपनी नॉर्डवीपीएन के शोध के अनुसार, बॉट्स बाजारों के सभी डेटा का 12 प्रतिशत भारतीय डेटा था।

बॉट मार्केट ऑनलाइन मार्केटप्लेस हैं, जिनका उपयोग हैकर्स डेटा बेचने के लिए करते हैं, जो वे अपने पीड़ितों के उपकरणों से बॉट मालवेयर के साथ चुराते हैं।

डेटा पैकेट में बेचा जाता है, जिसमें लॉगिन, कुकीज, डिजिटल फिंगरप्रिंट, स्क्रीनशॉट और अन्य जानकारी शामिल होती है, जो एक समझौता किए गए व्यक्ति की पूर्ण डिजिटल पहचान होती है।

इस बढ़ते खतरे ने वैश्विक स्तर पर 50 लाख लोगों को पहले ही प्रभावित कर दिया है, जिसमें हैकर्स वेबकैम स्नैप, स्क्रीनशॉट, अप-टू-डेट लॉगिन, कुकीज और डिजिटल फिंगरप्रिंट बेच रहे हैं।

शोधकर्त्ता ने कहा, कम से कम 50 लाख लोगों की ऑनलाइन पहचान चोरी हो गई है और औसतन 490 रुपये में बॉट बाजारों में बेची गई है। सभी प्रभावित लोगों में से 600,000 भारत से हैं, जिससे देश दुनिया में इस खतरे से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

विश्लेषित बाजारों में कम से कम 26.6 मिलियन चोरी किए गए लॉगिन पाए गए। इनमें 720,000 गूगल लॉगिन, 654,000 माइक्रोसॉफ्ट लॉगिन और 647,000 फेसबुक लॉगिन है।

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने 667 मिलियन कुकीज, 81 हजार डिजिटल फिंगरप्रिंट, 538 हजार ऑटो-फिल फॉर्म, कई डिवाइस स्क्रीनशॉट और वेबकैम स्नैप पाए।

डेटा चुराने और इकट्ठा करने वाले सबसे लोकप्रिय प्रकार के मैलवेयर में रेडलाइन, विडार, रैकून, टॉरस और एजोरॉल्ट शामिल हैं। रेडलाइन उनमें से सबसे अधिक प्रचलित है। रिपोर्ट में कहा गया है, 2ईजी मार्केटप्लेस को 2018 में लॉन्च किया गया था। पहले इसे अन्य बाजारों की तुलना में छोटा माना जाता था। फिर भी स्थिति नाटकीय रूप से बदल गई है। अब, 2ईजी 269 देशों से 600,000 से अधिक चोरी किए गए डेटा लॉग बेचता है।


## न्यूज ब्रीफ

### अरनॉल्ट कुछ देर के लिए बने दुनिया के सबसे अमीर: मस्क को पछाड़कर टॉप पर पहुंचे, शेयरों में गिरावट के बाद दोबारा लुढ़के



नई दिल्ली। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कुछ देर के लिए दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी के रूप में अपना खिताब खो दिया। लक्जरी ब्रांड लुई वुइटन के चीफ एग्जीक्यूटिव बर्नार्ड अरनॉल्ट ने 185.3 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ उन्हें पछाड़ दिया था, लेकिन शेयरों में गिरावट के कारण कुछ देर बाद उनकी नेटवर्थ नीचे आ गई और वो दोबारा दूसरे नवंबर पर आ गए। फोर्ब्स के अनुसार गुरुवार सुबह बर्नार्ड अरनॉल्ट की नेटवर्थ 184.7 बिलियन डॉलर थी। एलन मस्क की नेटवर्थ 185.4 बिलियन डॉलर है। यानी एलन मस्क अभी भी पहले नंबर पर हैं। टेस्ला के शेयरों में तेजी के बाद नवंबर 2021 में मस्क दुनिया का सबसे अमीर कारोबारी बने थे। उन्होंने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर ये मुकाम हासिल किया था। ट्विटर डील के बाद से ही एलन मस्क की नेटवर्थ में गिरावट देखी जा रही है। 8 नवंबर को मस्क की नेटवर्थ 200 अरब डॉलर से नीचे आई गई थी। इसके अलावा चीन में लगे कोरोना प्रतिबंधों के कारण भी टेस्ला को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। टेस्ला के लिए चीन अमेरिका के बाद सबसे बड़ा बाजार है। बर्नार्ड अरनॉल्ट को मॉडर्न लग्जरी फैशन इंडस्ट्री का गॉडफादर माना जाता है। ये दुनिया के सबसे बड़े फैशन ग्रुप लुई विटॉ मोएट हेनेसी के फाउंडर, चेयरमैन और सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं। बर्नार्ड अर्नाल्ट का ग्रुप लुई विटॉ मार्केट कैप के लिहाज अपने नजदीकी कॉम्पिटिटर केरिंग से करीब चार गुना ज्यादा बड़ा है।

### मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर संजय पांडे को जमानत, जासूसी और धनशोधन से जुड़ा है मामला



नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के कर्मचारियों की कथित अवैध फोन टैपिंग और जासूसी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडेय को गुरुवार को जमानत दे दी। जमानत देते हुए न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा, आवेदन स्वीकार किया जाता है और आवेदक को जमानत दी जाती है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। इस मामले में संजय पांडे और उनकी कंपनी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम और भ्रष्टाचार की रोकथाम से जुड़े कानूनों के तहत कथित अपराधों के लिए सीबीआई की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीबीआई के अनुसार, अन्य आरोपी व्यक्तियों के साथ मिलकर 2009 और 2017 के बीच लाइनों को अवैध रूप से बाधित किया और विभिन्न अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड किए गए। यह आरोप लगाया गया है कि भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना और एनएसई कर्मचारियों की जानकारी व सहमति के बिना टेलीफोन निगरानी की थी।


### अशनीर ग्रोवर की पत्नी पर 420 का केस: भारतपे ने 80 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया, कंपनी से पहले ही निकाला जा चुका



नई दिल्ली। भारतपे ने अपने पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अशनीर ग्रोवर की पत्नी और पूर्व नियंत्रण प्रमुख माधुरी जैन के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है। मिंट ने इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। रिपोर्ट के मुताबिक इस मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट में होगी। बोर्ड ने फंड की हेराफेरी के कारण अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी दोनों को बाहर कर दिया गया था जिसके बाद ये मामला दर्ज किया गया है। मिंट की रिपोर्ट में मामले से जुड़े एक व्यक्ति के हवाले से कहा गया है कि भारतपे के बोर्ड की जांच अब पूरी हो गई है। ऑडिट हो गया है, और पूरी रिपोर्ट तैयार हो गई है। रिपोर्ट के आधार पर, भारतपे ने 80 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी के लिए आपराधिक मामला दर्ज किया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 420 धोखाधड़ी से जुड़ी है। अपराध के लिए अधिकतम सजा 7 साल तक की कैद और जुर्माना है।

# आरबीआई गवर्नर दास ने कहा- दुनिया के मुकाबले भारत में घट रही महंगाई फिर भी ढील की कोई गुंजाइश नहीं

**नई दिल्ली।**
**कीमतों में तेज बढ़ोतरी पर काबू पाने के लिए रेपो दर में लगातार बढ़ोतरी के बीच आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि महंगाई का खराब दौर पीछे छूट चुका है। लेकिन, अब भी इस मोर्चे पर ढिलाई बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा, कमोडिटी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से दुनिया के मुकाबले भारत में महंगाई कम हो रही है। फिर भी, हमें अत्यधिक सतर्क रहना होगा। अगर जरूरी हो तो हमें कार्रवाई भी करनी होगी। इसलिए मैं कहता हूं कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और आत्मसंतोष के लिए कोई जगह नहीं है।**



आरबीआई की तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद बुधवार को गवर्नर ने आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान में कमी का बचाव करते हुए कहा कि आंकड़े बताते हैं कि महंगाई का सबसे बुरा दौर पीछे छूट चुका है। आरबीआई घरेलू कारकों एवं आगामी आंकड़ों पर नजर बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि उच्च महंगाई की वजह से केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर रहा है। खुदरा महंगाई लगातार पिछले 11 महीने से आरबीआई के 6 फीसदी के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है।

### नरमी के संकेत के रूप में देखें: पात्रा

डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि आरबीआई का प्रयास पहले महंगाई को 6 फीसदी के संतोषजनक स्तर से नीचे लाना है। रेपो दर में 0.50 फीसदी की जगह 0.35 फीसदी की वृद्धि को केंद्रीय बैंक की ओर से नरमी के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए। हालांकि, महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और इसलिए हमारा तटस्थ रुख है। महत्वपूर्ण बात यह है कि हमने नीतिगत दर में बदलाव की मात्रा को कम कर दिया है। यह सबसे अहम बात है।

### 30 लाख के कर्ज पर 23 फीसदी बढ़ गई है ईएमआई

रेपो दर में बढ़ोतरी के कारण इस साल मई से अब तक 30 साल के लिए 30 लाख रुपये के कर्ज पर उपभोक्ताओं की मासिक किस्त (ईएमआई) 23 फीसदी बढ़ चुकी है। इसी तरह, अगर आपने इस साल मार्च में 20 साल की अवधि के लिए 7 फीसदी ब्याज पर 30 लाख का होम लोन लिया है तो रेपो दर में ताजा बढ़ोतरी के बाद ब्याज दर बढ़कर अब 9.25 फीसदी हो जाएगी। इससे आपकी ईएमआई 23,258 रुपये से 17.75 फीसदी बढ़कर 27,387 रुपये हो जाएगी। यह बढ़त जनवरी, 2023 में कटने वाली ईएमआई पर दिखेगी। इसके अलावा, जिन उपभोक्ताओं ने फ्लोटिंग रेट पर होम लोन लिया है तो उसकी मासिक किस्त और बढ़ जाएगी।

### तो 13 साल बढ़ जाएगी लोन अवधि

अगर किसी उपभोक्ता ने मार्च में 6 फीसदी ब्याज पर होम लोन लिया है तो रेपो दर में 1.90 फीसदी की बढ़त के बाद उसके कर्ज की दर भी बढ़कर 7.90 फीसदी हो गई है। ऐसे में अगर आप ईएमआई नहीं बढ़वाते हैं तो 20 साल की लोन अवधि 13 साल और बढ़कर 33 साल हो जाएगी। अगर आप अवधि की जगह ईएमआई बढ़ाने का विकल्प चुनते हैं तो मासिक किस्त 20 फीसदी बढ़ जाएगी। कम अवधि वाले कर्ज पर प्रभाव बहुत कम होगा। कर्ज की अवधि 10 साल होने पर मासिक किस्त सिर्फ 9.96 फीसदी ही बढ़ेगी।

### बढ़ी ईएमआई चुकाने के लिए वेतन में 10 फीसदी वृद्धि भी कम

बैंक आम तौर पर आपके हाथ में आने वाले वेतन का 50 फीसदी से कम ईएमआई रखते हैं। अगर किसी व्यक्ति का वेतन 62,000 रुपये है और उसने मार्च, 2022 में 7 फीसदी ब्याज पर 20 साल के लिए 40 लाख रुपये का होम लोन लिया है तो उसकी ईएमआई 31,012 रुपये बनती है। यह उसके शुद्ध वेतन का करीब 50 फीसदी है।

हालांकि, रेपो दर में 2.25 फीसदी की बढ़ोतरी के प्रभाव को देखते हुए जनवरी, 2023 में ब्याज दर 9.25 फीसदी हो जाएगी। इससे उसकी मासिक किस्त भी बढ़कर 36,485 रुपये हो जाएगी।

अगर वेतन स्थिर रहता है तो इसका 59 फीसदी हिस्सा आपकी ईएमआई पर खर्च हो जाएगा। वेतन में 10 फीसदी की बढ़ोतरी भी बढ़ी ईएमआई की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं होगी।

अगर आपके पास निवेश है, जो होम लोन पर भुगतान की जाने वाली ब्याज दर से कम रिटर्न कमा रहा है तो कुछ रकम मूलधन के रूप में जमा करना चाहिए। इससे बढ़ने वाली अवधि पर विराम लग जाएगा। उदाहरण के लिए, अगर हर साल कुल कर्ज का पांच फीसदी भुगतान करते हैं तो आप 20 साल के कर्ज को 12 साल में ही चुका सकते हैं।

# एलन मस्क ने अपने चचेरे भाइयों को ट्विटर में काम पर रखा



**नई दिल्ली।**
**एलन मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खरीदने के बाद भले ही हजारों ट्विटर कर्मचारियों को निकाल दिया, लेकिन उन्होंने अपने चचेरे भाइयों को काम पर रखने और उनसे मदद लेने में गुरेज नहीं की। बिजनेस इनसाइडर के अनुसार, अरबपति के चचेरे भाई, जेम्स और एंड्रयू मस्क, जो उनके चाचा के बेटे हैं, सैन फ्रांसिस्को स्थित कंपनी में शामिल हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार एंड्रयू मस्क सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स पर काम करते हैं, जबकि जेम्स मस्क फिक्सर टाइप हैं, जो प्रोजेक्ट्स पर टेस्ला के सीईओ के साथ काम करते हैं।**

महीनों तक ट्विटर के साथ असमंजस की स्थिति के बावजूद मस्क ने अक्टूबर में ट्विटर का अधिग्रहण कर लिया था। उसके बाद कंपनी के 7,500 में से लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल दिया गया था। इनमें माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के सभी शीर्ष अधिकारी शामिल थे। मस्क जिन नए कर्मचारियों को लाए हैं उनमें टेस्ला और द बोरिंग कंपनी के इंजीनियर भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कुछ कर्मचारी अब भी कंपनी के मुख्यालय में भी सोकर काम कर रहे हैं। ऑफिस स्पेस को बेडरूम में बदल दिया गया है। सैन फ्रांसिस्को सिटी बिल्डिंग इंस्पेक्टर अब इस बात की जांच कर रहे हैं।

सैन फ्रांसिस्को डिपार्टमेंट ऑफ बिल्डिंग इंस्पेक्शन के एक प्रवक्ता ने रेडियो स्टेशन को बताया, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि इमारत का उपयोग किस काम के लिए किया जा रहा है। इस हफ्ते की शुरुआत में ट्विटर के मुख्यालय को साफ करने वाले चौकीदार भी हड़ताल पर चले गए, स्श्वद्ध लोकल 87 यूनियन ने कहा कि श्री मस्क ने उस फ्लैगशिप कंपनी के साथ अपने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया है जो उन्हें रोजगार देती है।

# 266 पर बाजार में लिस्ट हुए शेयर, निवेशकों को मिला 12प्रतिशत से अधिक प्रीमियम

**नई दिल्ली।**
धर्मज क्रॉप गार्ड लिमिटेड के शेयर गुरुवार को एनएसई पर 266 प्रति शेयर की भाव पर लिस्ट हुए। निवेशकों को आईपीओ के निर्गम मूल्य 237 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 12प्रतिशत से अधिक का प्रीमियम मिला है। बीएसई पर, धर्मज क्रॉप गार्ड के शेयरों ने 270 प्रति शेयर के भाव पर कारोबार करना शुरू किया और बाद में शुरुआती सौदों में 275 रुपये प्रति शेयर पर पहुंचा। उससे पहले 30 नवंबर, 2022 (बुधवार) को सब्सक्रिप्शन के आखिरी दिन धर्मज क्रॉप गार्ड का इनिशियल पब्लिक ऑफर 35.49 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस इश्यू को ऑफर पर 80,12,990 शेयरों के मुकाबले 28,43,51,820 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

**251 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लेकर आई थी धर्मज क्रॉप गार्ड** - एग्रोकेमिकल का कारोबार करने वाली कंपनी धर्मज क्रॉप गार्ड के आईपीओ में तीन दिनों तक यानी 30 नवंबर (बुधवार) तक खरीदारी की जा सकेगी। आईपीओ के लिए 216-237 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है।




धर्मज क्रॉप गार्ड कंपनी अपने आईपीओ के जरिए 251 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। आईपीओ में अहमदाबाद स्थित कंपनी की ओर से 216 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए हैं। इसके अलावे, प्रमोटरों ने अपनी ओर से ऑफर फॉर सेल के तहत 14.83 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव रखा गया है। बाजार के जानकारों के मुताबिक ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 58 से 65 रुपये प्रति शेयर के बीच के प्रीमियम पर उपलब्ध हैं। अब तक की उपलब्ध जानकारी के मुताबिक आठ दिसंबर 2022 तक बीएसई और एनएसई पर कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग हो सकती है।

### केंद्र सरकार ने दिसंबर 2024 तक पीएम स्वनिधि योजना को बढ़ाया

नई दिल्ली। केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को दिसंबर 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार ने पहले 10 हजार रुपये और फिर 20 हजार रुपये के दूसरे ऋण के अलावा 50 हजार रुपये तक का तीसरा ऋण भी पेश किया था। इसमें देशभर में योजना के सभी लाभार्थियों के लिए स्वनिधि से समृद्धि कॉम्पोनेंट का विस्तार करने का प्रावधान है। रिपोर्ट के अनुसार, 30 नवंबर तक 31.73 लाख स्ट्रीट वेंडर्स ने पहले 10 हजार रुपये के ऋण का लाभ उठाया है। इनमें से 5.81 लाख ने दूसरे 20 हजार रुपये के ऋण का लाभ उठाया है। वहीं, 6 हजार 926 रेहड़ी-पटरी वालों ने 50 हजार रुपये के तीसरे ऋण का लाभ उठाया है।

# चुनाव परिणामों से बाजार झूमा, सेंसेक्स 160 अंक चढ़ा, निफ्टी 18600 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।**
गुजरात विधानसभा चुनावो में भाजपा और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर बाजार ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 160 अंकों की तेजी के साथ 62,571 के लेवल पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 49 अंकों की बढ़त के साथ 18609 अंकों पर बंद हुआ। गुरुवार के कारोबारी सेशन में आईटी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दिखी। फार्मा और रियल्टी इंडेक्स भी हरे निशान पर बंद हुए। इस दौरान बैंक निफ्टी एक फीसदी से अधिक मजबूत हुआ। पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में 3.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली।



घरेलू शेयर बाजार में मेटल, फाइनेंशियल और ऑटो सेक्टर के शेयर हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 13 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। गुरुवार के कारोबारी सेशन में एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एलएंटी, आईसीआईसीआई, इंफोसिस और एसबीआई के शेयर टॉप गेनर्स के रूप में कारोबार करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर, सन फार्मा, टीसीएस, कोटक बैंक, विप्रो, बजाज फाइनेंस और डॉ. रेड्डी के शेयर टॉप लूजर्स रहे। बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 9 प्रतिशत जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयरों में 6प्रतिशत की मजबूती दिखी। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 0.06 (0.07प्रतिशत) पैसे की बढ़त के साथ 82.42 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

## डीएनपीए का दूसरा डायलॉग आज

# कनाडा के न्यूज मीडिया बार्गेनिंग कोड से क्या सीख सकता है भारत, 5 एक्सपर्ट करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली।**
पब्लिशर-प्लेटफॉर्म रिलेशनशिप को डिकोड करने के तरीकों पर मंथन के लिए डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स एसोसिएशन का दूसरा डायलॉग शुक्रवार को वर्चुअली आयोजित होगा। इसमें कनाडा और अमेरिका के लीडिंग एक्सपर्ट के साथ इंडियन न्यूज पब्लिशिंग बिजनेस से जुड़े लोग शामिल होंगे। डीएनपीए का होस्ट किया यह डायलॉग शाम 6 बजे से 9 बजे तक चलेगा।

### 5 एक्सपर्ट पब्लिशर-प्लेटफॉर्म रिलेशनशिप पर करेंगे चर्चा

डायलॉग में कनाडा से एक्सपर्ट टेलर ओवेन, पॉल डेगन और अमेरिका के डॉ. कर्टनी रैड्श शामिल होंगे। डायलॉग में डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स और बिग टेक प्लेटफार्मों के रिलेशन को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा होगी।




### कनाडा का कोड भारत के लिए बड़ा सबक

इसके अलावा ये भी चर्चा होगी कि कैसे कनाडा का न्यूज मीडिया बार्गेनिंग कोड भारत में अथॉरिटीज और स्टेकहोल्डर्स के लिए एक बड़ा सबक हो सकता है।

कनाडा के न्यूज मीडिया बार्गेनिंग कोड ने दुनिया के अन्य हिस्सों में बहुत रुचि दिखाई है। कनाडा के कोड को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में लागू किए कोड का गेम-चेंजिंग बदलाव माना जा रहा है।

### टेक कंपनियां-डिजिटल न्यूज मीडिया में सही रेवेन्यू शेयरिंग

कनाडा का ये एक्ट सुनिश्चित करता है कि गूगल, फेसबुक जैसे बिग टेक डिजिटल न्यूज मीडिया के कंटेंट से जनरेट रेवेन्यू की सही शेयरिंग करें। यह भी बताया गया है कि अगर कनाडा के ड्राफ्ट लॉ जिसे इस साल की शुरुआत में बिल सी-18 के रूप में संसद में पेश किया गया है, प्रभाव में आता है, तो ये कोड कनाडा के न्यूजरूम कॉस्ट का लगभग एक-तिहाई कवर कर सकता है।

### कनाडा का बिल में ज्यादा ट्रांसपेरेंसी

एक्सपर्ट्स का मानना है कि कनाडा का प्रस्तावित विधेयक ऑस्ट्रेलियाई कोड में एक उल्लेखनीय सुधार है क्योंकि इसमें ज्यादा ट्रांसपेरेंसी है। कुछ ऐसा जिस पर भारत की अथॉरिटीज और स्टेकहोल्डर्स संभवत: ध्यान देना चाहेंगे।

डीएनपीए नई दिल्ली बेस्ड एक इंडिपेंडेंट बॉडी है, जो भारत के 17 टॉप न्यूज मीडिया बिजनेसेज की डिजिटल आर्म का प्रतिनिधित्व करता है।

### सोना 211 रुपये चढ़ा, चांदी में 593 रुपये की उछाल आई

नई दिल्ली । विदेशी बाजार में कीमती धातुओं में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 211 रुपये बढ़कर 54,270 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में पीली धातु 54,059 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। इस दौरान चांदी भी 593 रुपये प्रति किलोग्राम उछलकर 66,662 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार के अनुसार ओवरनाइट रिस्क-एवर्ट सेंटिमेंट और लोअर बॉन्ड यील्ड ने एशियन ट्रेडिंग आवर्स में हैवन गोल्ड की कीमत को बढ़ाया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हरे रंग में 1,782.3 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा, जबकि चांदी की कीमत 22.71 डॉलर प्रति औंस रही।



# प्रसाद, सहवाग ने की बांग्लादेश में श्रृंखला हारने के बाद भारतीय वनडे टीम में बदलाव की मांग

**नई दिल्ली।**
वेंकटेश प्रसाद और वीरेंद्र सहवाग जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने दूसरे मैच में बांग्लादेश से पांच रन की हार और वनडे सीरीज गंवाने के बाद भारतीय टीम के दृष्टिकोण में बदलाव की मांग की है। इतने ही मैचों में दूसरी बार भारत के गेंदबाजों ने बांग्लादेश के बल्लेबाजी क्रम को संभलने दिया और 2015 के बाद देश में लगातार दूसरी बार श्रृंखला हारने का मौका दिया। रविवार को आखिरी विकेट के लिए मेहदी हसन मिराज और मुस्ताफिजुर रहमान ने आखिरी छह ओवरों में भारत की सुस्ती का फायदा उठाकर बांग्लादेश को पहले वनडे में जीत दिला दी। बुधवार को मेहमान टीम ने बांग्लादेश के 19 ओवर में 69/6 हो जाने का फायदा गंवा दिया और मेहदी ने 83 गेंदों में नाबाद शतक जड़कर महमूदुल्लाह (77) के साथ शानदार रिकवरी करते हुए 148 रन की साझेदारी की। बांग्लादेश ने 50 ओवर में 271/6 बनाए।

भारत के गेंदबाजों ने आखिरी 10 ओवर में 102 रन लुटाए। बल्ले के साथ, उनकी शुरूआत खराब रही क्योंकि विराट कोहली, शिखर धवन, वाशिंगटन सुंदर और केएल राहुल 19 ओवर में पवेलियन लौट गए। श्रेयस अय्यर ने 82 रन बनाए, अक्षर पटेल 56 रन और कप्तान रोहित शर्मा ने 28 गेंदों में 51 रनों की नाबाद पारी खेली। लेकिन भारत पांच रन से लक्ष्य से चूक गया। बांग्लादेश ने अक्टूबर 2016 से घर में एक श्रृंखला नहीं हारने के अपने सही रिकॉर्ड को बनाए रखने के लिए अपना धैर्य बनाए रखा।

भारत के सीरीज गंवाने के बाद अपने दो ट्वीट में प्रसाद ने कहा कि टीम को इंग्लैंड की तरह कड़े कदम उठाने की जरूरत है ताकि सफेद गेंद की क्रिकेट में बेहतरी के लिए अपना रुख बदला जा सके।

प्रसाद ने कहा, भारत दुनिया भर में इतने सारे क्षेत्रों में प्रयोग कर रहा है। लेकिन जब सीमित ओवरों की क्रिकेट खेलने की बात आती है, तो हमारा दृष्टिकोण एक दशक पुराना है। 2015 विश्व कप के पहले दौर से बाहर होने के बाद इंग्लैंड ने कठिन फैसले लिए और बेहतर बन गया। एक रोमांचक टीम, भारत को कड़े फैसले लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, दृष्टिकोण में भारी बदलाव करें। हमने आईपीएल शुरू होने के बाद से एक टी20 डब्ल्यूसी नहीं जीता है और पिछले 5 साल वनडे में खराब रहे हैं, इसके अलावा महत्वहीन द्विपक्षीय जीत हासिल की है। बहुत लंबे समय से अपनी गलतियों से कुछ नहीं सीखा है। सीमित ओवरों की क्रिकेट में टीम में बदलाव की जरूरत है। पूर्व दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज और 2011 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि भारतीय टीम को वेक-अप कॉल की आवश्यकता है। यह टीम क्रिप्टोस से भी तेज गिर रही है। इन्हें जगाने की जरूरत है। भारत अब शनिवार को चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम (जेडएसीएस) में तीसरे वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ सांत्वना भरी जीत हासिल करने का लक्ष्य रखेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### लाबुशेन का लगातार तीसरा टेस्ट शतकः वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए नाबाद 120 रन; पहले दिन ऑस्ट्रेलिया 330/3



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नश लाबुशेन (120*) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 टेस्ट की सीरीज के दूसरे मुकाबले की पहली पारी में शतकीय पारी खेली। यह लाबुशेन का लगातार तीसरा टेस्ट शतक है। उनसे पहले डेविड वार्नर 2 बार यह कारनामा कर चुके हैं। वर्तमान टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज इस बल्लेबाज ने दूसरा बार यह कारनामा किया है। इससे पहले वे 2019 में ऐसा कर चुके हैं। जबकि वार्नर ने 2014 और 2015 में ऐसा किया है। उनकी पारी की बदौलत कंगारू टीम ने एडिलेड में मजबूत शुरुआत की। उसने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट खोकर 330 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड 114 रन बनाकर लाबुशेन का साथ दे रहे हैं। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ, जेसन होल्डर और ड्वेन थॉमस को एक-एक विकेट मिले हैं। ऑस्ट्रलिया की ओर से ओपनर डेविड वार्नर ने 21, उस्मान ख्वाजा ने 62 रन बनाए। जबकि कप्तान स्टीव स्मिथ बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। लाबुशेन ने दूसरी बार यह कारनामा किया है। 3 साल पहले वे 2019 में टेस्ट में लगातार 3 सेंचुरी जमा चुके हैं। तब उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 2 और न्यूजीलैंड के खिलाफ एक सेंचुरी जमाई थी। उनके अलावा डेविड वार्नर 2014 और 2015 में 2 बार लगातार 3 टेस्ट शतक लगा चुके हैं। लाबुशेन ने पहले टेस्ट में भी रिकॉर्ड बनाया था। वे एक ही टेस्ट की पहली पारी में डबल और दूसरी में सेंचुरी जड़ने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने थे। उनसे पहले डग वाल्टर्स और ग्रेग चैपल ही ऐसा कर सके थे। लाबुशेन बुधवार को जारी रैंकिंग में नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बने थे। उन्होंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रुट को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रलिया की ओर से ओपनर डेविड वार्नर ने 21, उस्मान ख्वाजा ने 62 रन बनाए। जबकि कप्तान स्टीव स्मिथ बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए।

### इंग्लैंड महिला टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए मायिया बाउचियर और डेविडसन को शामिल किया


**लंदन।** इंग्लैंड की महिला टीम ने कहा है कि युवा क्रिकेटर एलिस कैप्सी के चोटिल होने के बाद उन्होंने



वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के लिए मायिया बाउचियर और एलिस डेविडसन-रिचर्डस को अपनी टी20 टीम में शामिल किया है। 24 साल की मायिया ने सितंबर 2021 में अपनी शुरूआत के बाद से इंग्लैंड के लिए 14 टी20 मैच खेले हैं और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में इंग्लैंड के लिए सभी पांच मैचों में हिस्सा लिया था। लेकिन उन्हें केंद्रीय अनुबंध नहीं मिला और शुरू में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। लेकिन कैप्सी के चोटिल होने के बाद, वह अब डेविडसन-रिचर्डस के साथ टी20 टीम में जोड़ा गया है, जिसे शुक्रवार को एंटीगा में तीसरे वनडे के बाद स्वदेश जाना था और अब वह वेस्ट इंडीज के खिलाफ टीम के साथ पांच टी20 मैचों के लिए साथ रहेगी। इंग्लैंड ने इतने ही मैचों में दूसरी बार एंटीगा में वेस्टइंडीज पर 142 रन की जीत के साथ एकदिवसीय श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। टी20 का पहला मैच 11 दिसंबर को एंटीगा में होगा, जबकि बाकी के चार मैच बारबाडोस में 14, 17, 18 और 22 दिसंबर को होंगे।

### जाकिर हसन को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश टीम में पहली बार मिला मौका

**चटगांव।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए अनकैप्ड टॉप आर्डर बल्लेबाज जाकिर हसन को



पहली बार टीम में शामिल किया, जो 14 से 18 दिसंबर से चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम (जेडएसीएस) में होने वाला है। हसन एक विकेटकीपर भी हैं। उनको पिछले हफ्ते कॉक्स बाजार में भारत ए के खिलाफ ड्रॉ कराने के लिए चार दिवसीय मैच की दूसरी पारी में 173 रन बनाने के बाद बांग्लादेश टेस्ट टीम में मौका मिला। वनडे कप्तान तमीम इकबाल चोट के कारण मैदान से बाहर हैं, जबकि मोसद्दक हुसैन और मुस्तफिजुर रहमान टेस्ट टीम में शामिल नहीं हैं, जिसकी कप्तानी शाकिब अल हसन करेंगे, जिसमें मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम अन्य स्पिनर होंगे।

# सऊदी के फुटबॉल क्लब के साथ जुड़ने की खबर पर रोनाल्डो ने तोड़ी चुप्पी, दिया बड़ा बयान

**दोहा।**
इंग्लिश प्रीमियर लीग की दिग्गज फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड द्वारा कॉन्ट्रैक्ट रद्द किए जाने के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो पुर्तगाल टीम में एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो किसी क्लब में नहीं हैं। पुर्तगाल की टीम फिलहाल फीफा वर्ल्ड कप में खेल रही है और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल राउंड में पहुंच गई है। अंतिम आठ में पुर्तगाल का सामना मोरक्को से होगा। टूर्नामेंट के बीच में ही खबरें आ रही थीं कि रोनाल्डो ने सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नस्त्र के साथ डील साइन की है, लेकिन अब रोनाल्डो ने खुद इस पर बड़ा अपडेट दिया है।



बताया गया था कि पुर्तगाल के कप्तान रोनाल्डो ने अल नस्त्र के साथ ढाई साल का करार किया है। साथ ही यह भी बताया गया था कि रोनाल्डो को अल नस्त्र में एक सीजन के लिए 1,728 करोड़ रुपये (200 मिलियन यूरोज) मिलेंगे। अब इस पूरे मामले पर रोनाल्डो ने चुप्पी तोड़ी है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि रोनाल्डो ने अल नस्त्र के साथ अपने जुड़ने की खबरों का खंडन किया है। इन रिपोर्ट्स के बारे में जब रोनाल्डो से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि खबरें झूठी हैं।

रोमानो ने ट्वीट कर कहा- जब रोनाल्डो से मैच के बाद अल नस्त्र के साथ लिंक के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा- यह सही नहीं है, बिल्कुल सही नहीं है। यानी की रोनाल्डो की ओर से अल नस्त्र को अभी तक कोई ग्रीन लाइट नहीं मिली है। 37 साल के रोनाल्डो पांच बार बेलोन डी ओर जीत चुके हैं और फिलहाल अपनी टीम पुर्तगाल को वर्ल्ड कप चैंपियन बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान पर उतरे हैं।

**रोनाल्डो ने दिया था विस्फोटक इंटरव्यू**

कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था। इस बात के बारे में कहा जाने लगा था कि वह क्लब के लिए अब आगे नहीं खेलेंगे। रोनाल्डो ने कई मुद्दों पर क्लब की आलोचना की थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि क्लब के कुछ लोग उन्हें जबरन बाहर करने की कोशिश कर रहे हैं। रोनाल्डो ने यह भी कहा था कि क्लब और मैनेजर एरिक टेन हैग ने उन्हें धोखा दिया। उनके मन में एरिक टेन हैग के लिए कोई सम्मान नहीं है।

रोनाल्डो ने 2021 में इटैलियन क्लब युवेंतस को छोड़कर मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए डील साइन की थी। इसके बाद से उन्होंने एक सीजन में सभी तरह के मैचों को मिलाकर 24 गोल दागे। इनमें से 18 गोल रोनाल्डो ने प्रीमियर लीग में दागे। इस लीग में वह पिछले सीजन में तीसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उनसे आगे मोहम्मद सालाह और सोन ह्यूंगमिन रहे। रोनाल्डो को प्रीमियर लीग टीम ऑफ द ईयर में भी शामिल किया गया था। साथ ही मैन-यू में रहते हुए रोनाल्डो ने सर मैट बुसबे प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी जीता था।

रोनाल्डो के शानदार प्रदर्शन के बावजूद मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम छठे स्थान पर रही और यूएफा चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। इसके बाद मैनचेस्टर यूनाइटेड के कोच एरिक टेन हैग बने। उनके कोच बनने के बाद से कई मैचों में रोनाल्डो को बेंच पर बैठाया गया। उन पर मार्कस रैशफोर्ड को तरजीह दी गई। वर्ल्ड कप से पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 10 प्रीमियर लीग मैचों में रोनाल्डो ने सिर्फ एक गोल किया और यूरोपा लीग में दो गोल दागे। इसके अलावा दो असिस्ट भी उनके नाम रहा।

रोनाल्डो मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम से 2003 से 2008 तक भी खेल चुके हैं। उन्होंने अपने क्लब करियर की शुरुआत स्पोर्टिंग सीपी से की थी। इस क्लब के लिए रोनाल्डो ने 31 मैचों में पांच गोल दागे थे। स्पोर्टिंग सीपी के बाद रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए साइन किया था। इस क्लब के लिए उन्होंने कुल मिलाकर 346 मैचों में 145 गोल दागे। इसके बाद रोनाल्डो स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड के लिए खेले। इस क्लब के लिए रोनाल्डो ने 438 मैचों में 450 गोल किए। इटैलियन क्लब युवेंतस के लिए इस स्टार ने 134 मैचों में 101 गोल दागे।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्सः चीन के लू गुआंग जू से हारे प्रणय; सेमीफाइनल से बाहर



**मुंबई।**
भारतीय शटलर एचएस प्रणय का बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में खराब दौर जारी रहा, क्योंकि उन्हें थाईलैंड के बैंकॉक में अपने दूसरे ग्रुप चरण के मैच में एक और करीबी हार का सामना करना पड़ा। लगातार दूसरी हार ने ग्रुप ए से सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। साल के अंत की प्रतियोगिता में अकेले भारतीय प्रणय ने जापान के कोडाई नारोका के खिलाफ हार के साथ शुरूआत की थी। अगले चरण में आगे बढ़ने की अपनी संभावनाओं को बनाए रखने के लिए उन्हें अपना दूसरा मैच जीतने की जरूरत थी।

लेकिन प्रणय अपने दूसरे ग्रुप ए मैच में चीन के लू गुआंग जू से एक घंटे 24 मिनट तक चले मुकाबले में 21-23, 21-17, 19-21 से हार गए।

प्रणय, विश्व रैंकिंग में 12वें और अपने दाहिने घुटने पर भारी पट्टी बांधकर मैच की शुरूआत करने वाले, पहला गेम हार गए लेकिन दूसरे गेम में विश्व नंबर 17 के खिलाफ जोरदार वापसी की। उन्होंने तीसरे और निर्णायक गेम में बढ़त बनाई लेकिन गति को जारी नहीं रख सके और अंततः एक घंटे 24 मिनट में 21-23, 21-17, 19-21 से हार गए। प्रणय और उनके चीनी प्रतिद्वंद्वी के बीच 3-3 की बराबरी चली, लेकिन लू गुआंग जू ने बढ़त बना ली और इसे 13-10 तक बढ़ा दिया। लेकिन प्रणय ने 15-15 पर उनका साथ दिया और 19-16 की बढ़त बना ली। चीनी खिलाड़ी ने एक बार फिर 20-20 पर उसका पीछा किया। लू गुआंग जू ने पहला गेम जीतने के लिए अगले दो अंक 21-21 से जीते।

प्रणय ने निर्णायक मुकाबले में 10-14 से पिछड़ने के बाद 19-18 से बढ़त बना ली। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी द्वारा महत्वपूर्ण चरणों में अप्रत्याशित गलतियों का मतलब था कि लू गुआंग जू ने टूर्नामेंट में जीवित रहने के लिए मैच में अंतिम तीन अंक बनाए।

# अगले साल श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा भारतः बीसीसीआई ने किया शेड्यूल का ऐलान

**मुंबई।**
टीम इंडिया अगले साल श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीम की मेजबानी करने जा रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने श्रीलंका दौरे के शेड्यूल का ऐलान कर दिया है। इसके अनुसार, भारत को अगले साल घर में 9 वनडे, 6 टी-20 और 4 टेस्ट खेलने हैं। ये सभी मुकाबले 78 दिनों के अंदर खेले जाएंगे। ये दौरे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत की मेजबानी में वनडे वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। टीम इंडिया के इस मिशन-2023 का आगाज श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से होगा। टीम को 3 से 15 जनवरी के बीच 3 टी-20 और इतने ही वनडे मुकाबलों की मेजबानी करनी है। टीम इंडिया जनवरी माह में 11 मुकाबले खेलेगी। इनमें 6 वनडे और 5 टी-20 शामिल हैं। उसे श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड से व्हाइट बॉल मुकाबले खेलने हैं। कीवियों के खिलाफ टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला 1 फरवरी को खेला जाएगा। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज की शुरुआत 3 जनवरी को मुंबई से होगी। इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 5 जनवरी को पुणे और 7 जनवरी को राजकोट में खेला जाएगा। टी-20 सीरीज के बाद पहला वनडे 10 जनवरी को गुवाहाटी में, 12 जनवरी



को कोलकाता में और 15 जनवरी को त्रिवेंद्रम में खेला जाएगा। श्रीलंका के बाद न्यूजीलैंड की टीम भारतीय दौरे पर आएगी। उसे 18 जनवरी से 1 फरवरी के बीच 3 वनडे और 3 टी-20 मैच खेलने हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 18 जनवरी से शुरू होगा। जो हैदराबाद में खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला 21 को रायपुर में और तीसरा 24 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। उसके बाद 27 जनवरी को रांची में टी-20 सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। 29 को दूसरा लखनऊ और एक फरवरी को तीसरा टी-20 अहमदाबाद में खेला जाएगा। श्रीलंका और न्यूजीलैंड से व्हाइट बॉल सीरीज खेलने के बाद टीम इंडिया 9 फरवरी से ऑस्ट्रलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला 13 फरवरी तक नागपुर में खेला जाएगा।

### सबसे खराब वनडे फॉर्म में विराटः अय्यर बने 2022 के टॉप ओडीआई स्कोरर

**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली इस समय वनडे क्रिकेट में अपने करियर के सबसे खराब फॉर्म में हैं। 34 साल के इस बल्लेबाज ने इस साल 18.90 के औसत से 189 रन बनाए हैं। वे बांग्लादेश के खिलाफ पिछली 2 पारियों में दहाई तक ही नहीं पहुंच सके। मीरपुर में खेले गए दूसरे वनडे में कोहली ने 5 रन बनाए। इस मुकाबले में 5 बड़े रिकॉर्ड्स बने। इनमें विराट कोहली की पारी के अलावा नंबर-8 बैटर का हाईएस्ट स्कोर, साल के टॉप रन स्कोरर जैसे 5 रिकॉर्ड्स शामिल हैं। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में 5 रन बनाकर आउट हो गए। पहले वनडे में वह 9 रन ही बना सके थे। इस साल 10 वनडे में उन्होंने महज 18.90 के औसत से रन बनाए। वह 2 फिफ्टी ही जड़ सके। 5 पारियों में तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। 2008 में उनका औसत 31.80 का था। इसी साल उन्होंने डेब्यू किया था।

# वर्ल्ड कप के लिए द्रविड़ ने बताया मास्टर प्लानः बोले- जनवरी से फुल स्ट्रेंथ की वनडे टीम, वर्ल्ड कप तक आएगी नजर

**ढाका।**
टीम इंडिया न्यूजीलैंड के बाद बांग्लादेश से भी वनडे सीरीज गंवा चुकी है। तीन वनडे मैचों में सीरीज में बांग्लादेश ने लगातार 2 मुकाबले जीतकर सीरीज को अपने कब्जे में कर लिया है। बांग्लादेश ने दूसरे मुकाबले में भारत को 5 रन से हरा दिया। मैच की हार के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने वनडे वर्ल्ड कप का मास्टर प्लान बताया। उन्होंने कहा कि जनवरी से फुल स्ट्रेंथ वाली टीम होगी, जो वर्ल्ड कप तक खेलते नजर आएगी। द्रविड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले तीन-चार महीनों से शेड्यूल काफी बिजी रहा। न्यूजीलैंड में भी वनडे की पूरी टीम नहीं थी। वहीं बांग्लादेश दौरे पर भी टीम को इंजरी से जूझना पड़ा। मुझे उम्मीद है कि अगर खिलाड़ियों की इंजरी नहीं रही और सब कुछ ठीक रहा तो जनवरी से हमारे पास फुल स्ट्रेंथ होगा, जो आठ-नौ महीनों से अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वर्ल्ड कप तक लगातार खेलेगी।



हमें आईपीएल से पहले नौ वनडे (तीन न्यूजीलैंड, तीन श्रीलंका और तीन आस्ट्रेलिया के खिलाफ) खेलने हैं और उम्मीद करते हैं कि हमें इन मैचों के लिए एक स्थिर टीम मिलेगी। युवा खिलाड़ियों की तारीफ द्रविड़ ने युवा खिलाड़ियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दूसरे वनडे में खेले उमरान ने काफी प्रभावित किया। वहीं डेब्यू करने वाले कुलदीप सेन ने भी शानदार गेंदबाजी की। शार्दूल ठाकुर, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर ने भी शानदार खेल दिखाया। श्रेयस अय्यर, केएल राहुल सहित सीनियर्स खिलाड़ी भी इस दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, रिजल्ट हमारे पक्ष में नहीं रहे। रोहित शर्मा, कुलदीप सेन और दीपक चाहर अगले मैच में नहीं खेलेंगे सीरीज को गंवा चुकी टीम इंडिया के लिए बुरी खबर है कि कप्तान रोहित शर्मा, कुलदीप सेन और दीपक चाहर अगले मैच में नहीं खेलेंगे।

द्रविड़ ने इसकी जानकारी प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि रोहित को फील्डिंग के दौरान चोट लग गई थी। वह मुंबई वापस चले गए हैं। अगले मैच में वह, कुलदीप सेन और दीपक चाहर नहीं खेलेंगे। कुलदीप सेन ने डेब्यू मैच के बाद पीठ में खिंचाव की शिकायत की थी। वहीं दीपक चाहर को भी दूसरे मैच में चोट लग गई थी। टीम इंडिया के लिए इंजरी सरदर्द बन गई है। रोहित और कुलदीप सेन की इंजरी से पहले मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा सीरीज से बाहर हैं। वे टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम का हिस्सा नहीं थे।

## डेविड वार्नर का सनसनीखेज खुलासा

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने ड्रेसिंग रूम में घुसकर बनाया दबाव, तब हुई टैम्परिंग

**पर्थ।**
ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुरू हो गया है। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान डेविड वार्नर ने अपने मैनेजर जेम्स एर्सकिन के जरिए एक सनसनीखेज खुलासा किया है। दावा किया है कि 6 साल पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ केप टाउन टेस्ट मैच के दौरान बॉल टैम्परिंग का वाकया क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों के दबाव के कारण हुआ था। इसमें खिलाड़ियों की ज्यादा गलती नहीं है।

**दो अधिकारी ड्रेसिंग रूम में आए थे** - एर्सकिन ने कहा है कि कि मैच के दौरान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के दो एग्जीक्यूटिव ड्रेसिंग रूम में आए थे। वे चाहते थे कि ऑस्ट्रेलिया की टीम हर हाल में मैच जीते। इस पर वार्नर ने कहा कि यह तभी हो सकता है जब गेंद रिवर्स स्विंग हो और गेंद तभी रिवर्स स्विंग हो सकती है जब उसके साथ छेड़छाड़ की जाए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने फिर खिलाड़ियों से बॉल को टैम्पर करने को कहा। वे हर हाल में जीत हासिल करना चाहते थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बॉल को खराब करने का फैसला किया।

यह घटना टीवी कैमरे पर कैप्चर हो गई और बाद में इस मामले में आरोपी खिलाड़ियों पर बैन लगा। तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर पर 1-1 साल का बैन लगाया गया। गेंद को



सैंड पेपर से खराब करने वाले कैमरून बेनक्रॉफ्ट को 6 महीने की सजा सुनाई गई। इसके अलावा वार्नर पर लाइफटाइम लीडरशिप बैन लगा दिया गया। यानी वार्नर भविष्य में टीम की कप्तानी नहीं कर सकते थे।

**पारी के अंतर से हारा था ऑस्ट्रेलिया** - उस टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की टीम 85 रन पर ऑल आउट हो गई थी और उसे पारी के अंतर से हार मिली थी।। मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड के अधिकारी ड्रेसिंग रूम में आए थे और टीम को बॉल टैम्परिंग कर बॉल रिवर्स स्विंग कराने की सलाह दी थी।

**बैन को गलत ठहराया, लेकिन अपील वापस ली** - एर्सकिन ने कहा कि 2018 में साउथ अफ्रीका दौरे पर बॉल टैम्परिंग के लिए वार्नर पर आजीवन लीडरशिप बैन लगाना गलत है। अगर सच्चाई बाहर आई तो कई बड़े खिलाड़ी और बोर्ड के अधिकारियों के नाम भी सामने आएंगे। उन्होंने दावा कि जब बॉल टैम्परिंग का यह पूरा विवाद चल रहा था, उस वक्त वार्नर का परिवार काफी डिस्टर्ब था। वार्नर की वाइफ कैंडिस ने इस दौरान एक बच्चा भी खो दिया था, जो परिवार के लिए एक बड़ा झटका था। दरअसल, 2018 में बॉल टैम्परिंग के लिए आजीवन कप्तानी के लिए बैन का सामना करने वाले डेविड वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड से बैन हटाने के लिए अनुरोध किया था। उन्होंने बुधवार को अपने अनुरोध को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि जांच के नाम पर उनकी पब्लिक लिंचिंग की कोशिश हो रही थी। इस वजह से उनका परिवार काफी तनाव में था और उन्होंने अनुरोध वापस ले लिया। 2018 में साउथ अफीका दौरे पर गई ऑस्ट्रेलियाई टीम पर गक्बेरहा में खेले गए टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में बॉल से छेड़-छाड़ के आरोप लगे थे। इस मुकाबले में कैमरून बेनक्रॉफ्ट सैंडपेपर से बॉल को घिसते देखे गए थे, ताकि बॉल खुरदरी हो जाए और रिवर्स स्विंग ज्यादा मिले।

### मार्क वुड की पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम में वापसी

**मुंबई।** तेज गेंदबाज मार्क वुड पाकिस्तान के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल लियाम लिविंगस्टोन की जगह इंग्लैंड टीम में वापसी करेंगे। 32 वर्षीय वुड, पहला टेस्ट जीतने वाली टीम में एकमात्र बदलाव में लिविंगस्टोन की जगह लेंगे। इसका मतलब है कि नियमित विकेटकीपर बेन फोक्स, जो बीमारी के कारण पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, मुल्तान के लिए जगह पाने में विफल रहे और उनकी जगह ओली पोप विकेटकीपिंग जारी रखेंगे। मुल्तान में दूसरा टेस्ट जीतकर, इंग्लैंड 22 वर्षों में पाकिस्तान के खिलाफ एक विदेशी श्रृंखला में अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला जीत हासिल करना चाह रहा है। वुड ने कोहनी की चोट के कारण मार्च के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है।

# डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर जल्द आ रही है फॉल

डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इस हफ्ते एक दिलचस्प वेब सीरीज रिलीज हो रही है। फाल नाम से आ रही इस सीरीज में दक्षिण भारतीय फिल्मों की चर्चित अदाकारा अंजलि लीड रोल में हैं। यह सस्पेंस थ्रिलर तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, मराठी, बंगाली के साथ हिंदी में भी स्ट्रीम की जा रही है। मूल रूप से तमिल में बनी फाल एक लड़की दिव्या की कहानी है, जो आत्महत्या करने की कोशिश से 24 घंटे पहले की यादें खो देती है। वो यह पता करने की कोशिश करती है कि उसके साथ आखिरकार हुआ क्या था, लेकिन वो किसी का यकीन नहीं कर सकती। यहां तक कि करीबी दोस्त और परिवार के लोगों पर भी नहीं। सारे राज उसकी भूली हुई याद में दफन हैं। फाल, कैनेडियन मिनी सीरीज वर्टीज का आधिकारिक रूपांतरण है। शो में एसबीपी चरण, सोनिया अग्रवार, संतोष प्रताप, नमिता कृष्णमूर्ति, थलायवसल विजय और पूर्णिमा बग्यराज प्रमुख किरदारों में दिखेंगे। फाल मिशेल एलेन ने लिखी है। अंजलि के किरदार का नाम दिव्या है तो मलार सोनिया अग्रवाल मलार नाम का रोल निभा रही हैं। संतोष प्रताप डैनियल के किरदार में हैं। पूर्णिमा भाग्यराज के किरदार का नाम लक्ष्मी सेल्वाकुमार है। थलाइवासल विजय, सेल्वाकुमार सिवासनकरन का रोल निभा रहे हैं। नमिता, माया सेल्वाकुमार के किरदार में अपनी एक्टिंग के गुर दिखाएंगी। एसपीबी चरण, रोहित सेल्वाकुमार के किरदार में दिखेंगे। अंजलि, तमिल और तेलुगु फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस हैं, जो ओटीटी स्पेस में भी काफी सक्रिय हैं। यह उनकी चौथी सीरीज है। 2021 में नेटफ्लिक्स पर आयी तमिल सीरीज नवरस में उन्होंने मुत्थुलक्ष्मी का किरदार निभाया था। साल 2022 में अंजलि हॉटस्टार की तेलुगु सीरीज झांसी में नजर आ चुकी हैं। जी5 की वेब सीरीज बहिष्कर्ण में भी उन्होंने मुख्य भूमिका अदा की थी। 2021 में आयी पवन कल्याण की फिल्म वकील साब में अंजलि की भूमिका को काफी सराहा गया था। फाल अंजलि की पहली पैन इंडिया वेब सीरीज है। इस सीरीज के जरिए अंजलि पहली बार हिंदी दर्शकों के बीच पहुंचेंगी। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मौजूद अन्य शोज की बात करें तो सोमवार को शुरू हुआ सेलेब्रिटी रिएलिटी चैट शो मूव इन विद मलाइका लगातार खबरों में हैं। यह सोमवार से शुक्रवार तक डेली शो है, जिसमें मलाइका अपनी निजी जिंदगी से जुड़े बातों का खुलासा कर रही हैं। इनमें सेलिब्रिटी भी आते हैं। फराह खान के बाद नेहा धूपिया मलाइका की मेहमान बनी हैं। 9 दिसंबर को एनीमेशन फिल्म नाइट एट द म्यूजियम- काहमुनराह राइजेज अगेन आ रहीहै। वहीं 14 दिसंबर को नेशनल ट्रेजर- ऐज ऑफ हिस्ट्री सीरीज आ रही है। इस सीरीज





## मधुमेह के मरीज सर्दियों में शुगर कंट्रोल करने के लिए रोजाना पिएं ये सूप

मधुमेह के मरीजों के लिए शुगर कंट्रोल में रखना आसान नहीं होता है। यह एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार लग जाने के बाद जिंदगी भर साथ रहती है। वहीं, मधुमेह रक्त में शर्करा स्तर बढ़ने और अग्नाशय से इंसुलिन हार्मोन न निकलने की वजह से होती है। इसके लिए मधुमेह के मरीजों को सेहत पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। अगर आप भी मधुमेह के मरीज हैं और ब्लड शुगर कंट्रोल करना चाहते हैं, तो डाइट में मशरूम को शामिल कर सकते हैं। इसके सेवन से शुगर कंट्रोल करने में मदद मिलती है। कई शोध में दावा किया गया है कि मशरूम के सेवन से शुगर कंट्रोल में रहता है। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं- मशरूम सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसमें विटामिन डी, सेलेनियम, जिंक, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-डायबिटिक, एंटी वायरल एंटी कैंसर और एंटी माइक्रोबियल के गुण पाए जाते हैं। ये सभी आवश्यक गुण सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके सेवन से मधुमेह में फायदा मिलता है। कई शोधों में खुलासा हो चुका है कि मशरूम के सेवन से शुगर कंट्रोल में रहता है। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। इसके लिए मधुमेह के मरीज मशरूम का सेवन कर सकते हैं। अगर आप मधुमेह के मरीज हैं और शुगर कंट्रोल करना चाहते हैं, तो मशरूम का सेवन कर सकते हैं। खासकर, मशरूम के सूप का सेवन अधिक फायदेमंद होता है।

-मशरूम सूप के सेवन से शरीर में रक्त संचार सही से होता है। इसमें सेलेनियम पाया जाता है, जो रक्त प्रवाह को सही करता है। सेलेनियम रिच फूड्स खाने से हृदय भी सेहतमंद रहता है।

-इसमें एंटीऑक्सीडेंट और पोटेशियम के गुण पाए जाते हैं, जो नर्वस सिस्टम को सही रखने में सहायक होते हैं।

-मशरूम सूप के सेवन से विटामिन डी की कमी दूर होती है।

-वहीं, विटामिन-सी की मौजूदगी की वजह से इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है।

-इसमें फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर रिच फूड्स के सेवन से बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

-मशरूम में फाइटोकेमकेमिकल्स के गुण पाए जाते हैं, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं। इसके लिए शुगर के मरीज मशरूम सूप का रोजाना कर सकते हैं।



## सर्दियों में करें हल्दी का सेवन, तो नहीं पड़ेंगे बीमार



मौसम में ठंडक आने से आपको झुलसाने वाली गर्मी से राहत तो मिलती है, लेकिन साथ ही कई बीमारियां शिकार भी बना लेती हैं। सर्दी के मौसम में अक्सर लोग खांसी, जुकाम और फ्लू से जूझते हैं। यही वजह है कि भारतीय घरों में इस दौरान कई तरह के घरेलू उपाय अपनाए जाते हैं, ताकि शरीर को राहत मिलती रहे। इनमें हल्दी का उपयोग खूब होता है, क्योंकि यह जादुई औषधि एंटी-बैक्टीरियल से लेकर एंटी-फंगल भी है, जो आपको कई रोगों से बचाती है। यह एक प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट है और इसमें सूजन-रोधी गुण भी होते हैं। हल्दी सामान्य सर्दी, साइनस, जोड़ों के दर्द और अपच को ठीक करने में मदद करती है। यह गले में खराश और बैक्टीरियल संक्रमण से भी राहत देती है, जो सर्दियों के दौरान आम है। तो आइए जानें कि हल्दी को किस-किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है, ताकि आप इस मौसम सेहतमंद रह सकें।

**1. हल्दी दूध :** अगर आपको दूध पसंद है, तो सर्दी में हल्दी दूध का मजा ले सकते हैं। यह ड्रिंक न सिर्फ स्वाद में मजेदार होती है, बल्कि सेहत को भी फायदा पहुंचाती है। इसके लिए आप नारियल के दूध का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हल्दी के अलावा आप इसमें जायफल, शहद और दालचीनी भी मिला सकते हैं। इससे न सिर्फ ड्रिंक मजेदार बनेगा बल्कि आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट होगी औरआप बीमार पड़ने से बचेंगे।



**2. हल्दी, संतरा और वनिला स्मूदी :** संतरा विटामिन-सी का भंडार है, जो सर्दी के मौसम में आपको बीमार होने से बचाने का काम करता है। इसलिए इस मौसम संतरे का जूस जरूर पिएं। आप इसे और मजेदार बनाने के लिए इसमें वनिला योगर्ट, फ्रोजन केले, दालचीनी और चुटकी भर हल्दी मिला सकते हैं। मीठे स्वाद के लिए चीनी की जगह शहद को शामिल कर सकते हैं।

**3. संतरे और अदरक का डिटॉक्स ड्रिंक :** संतरे का आप डिटॉक्स की तरह भी उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए संतरे के जूस के साथ अदरक का रस भी मिलाएं, जिससे शरीर डिटॉक्स होगा। इसके लिए एक संतरा लें, हल्दी, पिसा हुआ अदरक, गाजर का जूस निकाल लें और फिर इसमें स्वाद के लिए नींबू का रस मिला लें।

**4. हल्दी मसाला दूध :** भारत में दूध और हल्दी का सेवन सदियों से किया जा रहा है। इसके लिए एक पतीले में दूध, हल्दी, दालचीनी पाउडर और काली मिर्च को मिलाकर उबाल लें। इसमें आप स्वाद के लिए चीनी, शहद या फिर गुड़ भी मिला सकते हैं। इसे गुनगुना कर पिएं।

## गर्भावस्था में शराब के सेवन से गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं बच्चे

इस बात को हम सभी जानते हैं कि शराब का सेवन हमारी सेहत के लिए कई मायनों में हानिकारक है। इसके सेवन से न सिर्फ हमें कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, बल्कि यह हमारे सामाजिक और निजी जीवन को भी काफी प्रभावित करती है। आम व्यक्ति के लिए तो शराब हानिकारक है ही, लेकिन गर्भावस्था के दौरान इसका सेवन भी काफी खतरनाक हो सकता है। दरअसल, इस सिलसिले में हाल ही सामने आई स्टडी में हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। इस अध्ययन के मुताबिक गर्भावस्था के दौरान शराब का सेवन करने से गर्भ में पल रहे बच्चे के दिमाग पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

बच्चे के दिमाग पर पड़ता है बुरा असर एमआरआई के इस अध्ययन में यहा सामने आया है कि प्रेग्नेंसी के दौरान कम से मध्यम किसी भी मात्रा में शराब का सेवन करने से बच्चे के मस्तिष्क की संरचना बदल सकती है। इतना ही नहीं इसके सेवन से बच्चे के मस्तिष्क का विकास भी बाधित हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान शराब का सेवन करने से बच्चे को फेटल अल्कोहल स्पेक्ट्रम नामक विकार हो सकता है। इस विकार के साथ जन्मे बच्चों में सीखने की अक्षमता, व्यवहार संबंधी समस्याएं या बोलने में देरी जैसी दिक्कतें देखने को मिल सकती हैं। जानते हैं फेटल अल्कोहल सिंड्रोम के लक्षण और कारण के बारे में-

**क्यों होता है फेटल अल्कोहल सिंड्रोम**

आमतौर पर गर्भवती महिलाओं को शराब न पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई बाद कुछ महिलाएं गर्भावस्था में शराब का सेवन करती हैं, जो प्लेसेंटा के जरिए गर्भ तक पहुंच जाता है। पूर्ण विकसित न होने की वजह से गर्भ में अल्कोहल को पचान की क्षमता नहीं होती, जिससे अल्कोहल वहीं जमा हो जाता है, जो बच्चे के विकास को प्रभावित करता और बच्चे के दिमाग पर बुरा असर डालता है। इसी स्थिति को फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम ( एफएएस) कहा जाता है। एफएएस की वजह से होने वाली समस्याओं को बाद में ठीक भी नहीं किया जा सकता है। प्रेग्नेंसी में कितनी शराब पीना सुरक्षित है, इसकी कोई तय मात्रा नहीं है। लेकिन अगर आप गर्भावस्था में शराब का सेवन करती हैं, तो इससे आपके होने वाले बच्चे में फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम होनें की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए बेहतर यही होगा कि आप इस दौरान शराब का सेवन करने से परहेज करें।

**फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम के लक्षण**

**शारीरिक समस्याएं**

फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम के साथ जन्में बच्चों में कई तरह की शारीरिक समस्याएं देखने को मिलती हैं। इसमें वजन कम होना, धीमा विकास आदि शामिल है। इसके अलावा बच्चे के चेहरे में भी कई तरह की समस्याएं नजर आती हैं। जैसे आंखे छोटी होना, नाक ऊपर उठी होना, ऊपरी होठ पतला होना, नाक और ऊपरी होठों के बीच पतली त्वचा का होना आदि। ऐसे बच्चों के दिमाग का आकार भी छोटा होता है।

**शिक्षा से जुड़ी समस्याएं**

फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम की वजह से जन्म के बाद बच्चों में पढ़ाई से जुड़ी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। ऐसे बच्चों में सीखने की क्षमता कम होती है। इसके अलावा वह स्कूल पढ़ाई को समझने में असमर्थ और सीखने में पीछे रहते हैं।

**सामाजिक और व्यावहारिक समस्याएं**

इस सिंड्रोम के शिकार बच्चों में कई सामाजिक समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। ऐसे बच्चे आवेग रोकने में असमर्थ और एक जगह ध्यान लगाना उनके लिए कठिन होता है।

न्युरोलॉजिकल समस्याएं

फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम से ग्रसित बच्चों को कई न्युरोलॉजिकल समस्याएं भी हो सकती हैं। इन बच्चों के सिर का आकार सामान्य से छोटा (माईक्रोसेफाली) होता है। साथ ही इनमें स्मरणशक्ती और एकाग्रता की भी कमी होती है। कई बार ऐसे बच्चों को दौरे भी पड़ सकते हैं।

**जन्म दोष**

फेटल अल्कोहोल सिंड्रोम के साथ जन्म लेने वाले बच्चों में कई तरह के जन्म दोष भी पाएं जाते हैं। इन दोषों में दिल की बीमारियां, हड्डियों की समस्याएं और किडनी की समस्याएं आदि शामिल हैं। इसके अलावा कई में तो सुनने और देखने की क्षमता में भी कमी हो सकती है।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**